माघ कृष्ण पक्ष चतुर्थी 8:54 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मुरादाबाद, मंगलवार, 30 जनवरी 2024
वर्ष 4, अंक 310, पृष्ठ 16
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
www.amritvichar.com

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

ब्रह्मांड की घटनाओं को उजागर करेंगे नासा-इसा 16
रणबीर-आलिया को सर्वश्रेष्ठ कलाकार का पुरस्कार 15

देश में सात दिनों में लागू होगा सीएए

कोलकाता, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने सोमवार को दावा किया कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) एक सप्ताह के भीतर देशभर में लागू कर दिया जाएगा। दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इस दावे को 'चुनावी बयानबाजी' कहकर खारिज कर दिया। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के मटुआ समुदाय बहुल बोंगांव से भाजपा सांसद ठाकुर ने कहा कि कानून को सात दिन के भीतर तेजी से कार्यान्वित किया जाएगा। वर्ष 2019 में केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लाए गए सीएए का उद्देश्य 31 दिसंबर 2014 से पहले बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आकर भारत में बसे हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाइयों सहित प्रताड़ना झेल चुके गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है।

दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप में रविवार शाम एक जनसभा में ठाकुर ने कहा कि एक सप्ताह में पूरे देश में सीएए लागू कर दिया जाएगा। कोलकाता में सोमवार को संवाददाताओं से उन्होंने दोहराया कि मैंने कल जो कहा था, उस पर कायम हूं। यह मेरी गारंटी है।

केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने किया दावा

▸▸ तृणमूल कांग्रेस ने करार दिया चुनावी बयानबाजी

उत्तराखंड में जल्द लागू होगा यूसीसी

देहरादून। उत्तराखंड में जल्द ही समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी। यूसीसी को लेकर गठित विशेषज्ञ कमेटी 2 फरवरी को यूसीसी का ड्राफ्ट सरकार को सौंप देगी। ड्राफ्ट का आकलन करने के बाद विधेयक पेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर बताया कि जल्द ही राज्य में समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी। उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बनेगा।

आतंकवादी समूह सिमी पर 5 वर्ष के लिए प्रतिबंध बढ़ा

▸▸ केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

नई दिल्ली। सरकार ने देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने और शांति व सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने में संलिप्तता के लिए आतंकवादी समूह स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर लगा प्रतिबंध को सोमवार को पांच वर्ष के लिए बढ़ा दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर कहा कि आतंकवाद को 'बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को मजबूत करते हुए, सिमी को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है। सिमी पर पहली बार वाजपेयी सरकार में 2001 में प्रतिबंध लगाया गया था। तब से हर पांच साल में प्रतिबंध बढ़ाया जाता रहा है। सिमी पर पिछला प्रतिबंध 31 जनवरी, 2019 को लगाया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि सिमी अपनी गैरकानूनी गतिविधियों को जारी रखे हुए है।

1241 अंक उछला सेंसेक्स, निफ्टी 21700 पार

शेयर बाजारों में तेजी का दिखा असर

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को तेजी के चलते दोनों मानक सूचकांक में जोरदार उछाल आया। एशिया के अन्य बाजारों में तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज में भारी लिवाली के साथ बीएसई सेंसेक्स जहां 1,241 अंक मजबूत हुआ, वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 21,700 अंक के आंकड़े को पार कर गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,240.90 अंक यानी 1.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,941.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,309.55 अंक तक उछल गया था। निफ्टी भी 385 अंक यानी 1.80 प्रतिशत उछलकर 21,737.60 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ गया। बाजार में तेजी में इसका सबसे ज्यादा योगदान रहा। इसके अलावा टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, टाइटन और अल्ट्राटेक सीमेंट भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ आईटीसी, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज नुकसान में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि हाल की बिकवाली तथा एशिया के अन्य बाजारों में तेजी के बाद प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से घरेलू बाजार में तेजी लौटी।

वित्त वर्ष 2024-25 में आर्थिक वृद्धि 7 फीसदी रहने की उम्मीद

नई दिल्ली। पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा किए गए सुधारों और उपायों से उत्पन्न मजबूत आर्थिक गतिविधियों की बदौलत, वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत के करीब बढ़ने की उम्मीद है। अगले वित्त वर्ष का केंद्रीय बजट प्रस्तुत किए जाने से कुछ दिन पहले वित्त मंत्रालय की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्त वर्ष में वृद्धि सात प्रतिशत या अधिक रहेगी। वित्त मंत्रालय की इस रिपोर्ट में सुधारों को गांव स्तर पर ले जाकर उस स्तर तक शासन को नागरिक-अनुकूल और व्यवसाय-अनुकूल बनाने पर बल दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी 2024 को लोकसभा में अंतरिम बजट पेश करने वाली हैं। यह रिपोर्ट आर्थिक मामलों के विभाग ने तैयार की है लेकिन इसे परंपरागत आर्थिक समीक्षा नहीं कहा गया है।

एक नजर

दिल्ली-कश्मीर में आठ जगहों पर सीबीआई छापे

श्रीनगर। सीबीआई ने सिविल कार्यों के लिए निविदा देने में कथित अनियमितताओं से संबंधित एक मामले की जांच के तहत सोमवार को दिल्ली और जम्मू-कश्मीर में लगभग आठ स्थानों पर तलाशी ली। किरू जलविद्युत परियोजना का क्रियान्वयन चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (सीवीपीपीपीएल) द्वारा किया जा रहा है। सीबीआई ने बताया कि तलाशी में लगभग 21 लाख रुपये से अधिक की नकदी के अलावा डिजिटल उपकरण, कंप्यूटर, संपत्ति दस्तावेज तथा आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए।

पुलिस मालखाने में आग से 250 वाहन हुए खाक

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के वजीराबाद इलाके में स्थित ''मालखाना'' (यार्ड) में सोमवार तड़के आग लगने से कम से कम 250 वाहन जलकर खाक हो गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि आग तड़के चार बजे लगी। सूचना मिलने पर दमकल की पांच गाड़ियों को आग बुझाने के काम में लगाया गया है। उन्होंने बताया कि आग बुझाने का काम करीब दो घंटे तक चला और सुबह छह बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन मालखाने में खड़े 50 चार पहिया वाहन और 200 दोपहिया वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो गए।

अधीनस्थ सेवा आयोग ने घोषित किए पीईटी परिणाम

लखनऊ। सोमवार को अधीनस्थ सेवा आयोग द्वारा कराई गई पीईटी परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए। इसमें 12 लाख के करीब छात्र शामिल हुए थे। परिणाम आयोग की वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। आयोग द्वारा परीक्षा 28 और 29 अक्टूबर को आयोजित की गई थी। 35 जिलों में आयोजित परीक्षा में 12 लाख 6 हजार 460 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा में कुल 20 लाख से अधिक आवेदन हुए थे। गत वर्ष की परीक्षा में करीब 37 लाख आवेदन आए थे। उससे पहले की परीक्षा में 25 लाख 12 हजार अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे।

लालू से ईडी की 10 घंटे पूछताछ

जमीन के बदले रेलवे में नौकरी देने के मामले में भेजा गया था समन

पटना, एजेंसी

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख एवं पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद 'जमीन के बदले नौकरी'' घोटाले में पूछताछ के लिए सोमवार को पटना स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय पहुंचे। राजद प्रमुख के साथ उनकी बेटी मीसा भारती भी रहीं। वे पूर्वाह्न 11:05 बजे ईडी कार्यालय पहुंचे। ईडी कार्यालय के बाहर भारी संख्या में राजद समर्थक भी जुट गए और नारेबाजी की। स्थिति यह हो गई कि अधिकारियों को सीआरपीएफ बुलानी पड़ गई। ईडी ने 19 जनवरी को लालू और उनके बेटे तेजस्वी यादव को मामले में नया समन भेजा था। उनसे 10 घंटे पूछताछ की गई।

जदयू अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महागठबंधन से अलग होने के एक दिन बाद लालू प्रसाद केंद्रीय एजेंसी के सामने पेश हुए। इस गठबंधन में राजद सबसे बड़ा घटक दल है। ईडी कार्यालय में लालू को प्रवेश कराने के बाद मीसा ने कहा कि जब भी कोई केंद्रीय जांच एजेंसी हमारे परिवार के किसी सदस्य को पूछताछ के लिए बुलाती है तो हम वहां जाते हैं और उनके साथ सहयोग करते हैं और उनके सभी सवालों का जवाब देते हैं।

उन्होंने कहा कि उनकी (लालू) स्वास्थ्य स्थिति के कारण उनके लिए अकेले जाना मुश्किल है। यही कारण है कि जब भी वह कहीं जाते हैं तो किसी को उनके साथ जाना पड़ता है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महागठबंधन से अलग होने के बाद भाजपा के साथ जुड़ने के सवाल पर भारती ने कहा कि बेहतर होगा कि आप उनसे (नीतीश से) पूछें। कहने के लिए कुछ नहीं बचा।

लालू को गिरफ्तार करेंगे... वे डरे हुए हैं: मीसा

लालू प्रसाद यादव से ईडी की पूछताछ पर राजद सांसद और लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती ने कड़ी आपत्ति जाहिर की। उन्होंने कहा कि लालू यादव का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। वह खुद खा भी नहीं सकते हैं। किसी को उनको खाना खिलाना पड़ता है। मीसा ने आगे कहा कि ईडी का कोई अधिकारी बोलने के लिए तैयार नहीं है। चूंकि चुनाव नजदीक हैं। इसलिए प्रधानमंत्री डरे हुए हैं और ऐसी चीजें ही करेंगे। यह सरकार मेरे पिता को भी (गिरफ्तार) कर सकती है, लेकिन एक बीमार आदमी को गिरफ्तार करके उन्हें क्या मिलेगा।

राबड़ी के पूर्व कर्मी ने घूस में ली संपत्ति हेमा के नाम की

नई दिल्ली। लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी की गोशाला के एक पूर्व कर्मचारी ने रेलवे में नौकरी के इच्छुक एक व्यक्ति से संपत्ति हासिल की और बाद में इसे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी हेमा यादव को हस्तांतरित कर दिया। यह आरोप ईडी ने सोमवार को लगाया, जो जमीन के बदले नौकरी मामले की जांच कर रहा है। केंद्रीय एजेंसी ने दिल्ली की एक अदालत में एक आरोप-पत्र दायर किया था, जिसमें कुछ अन्य लोगों के अलावा लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी और उनकी बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव को आरोपी बनाया गया था।

सोरेन के दिल्ली आवास से खाली हाथ लौटी ईडी

नई दिल्ली। जमीन घोटाला मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके दिल्ली आवास पर पूछताछ करने पहुंची ईडी की टीम को सोमवार शाम निराशा हाथ लगी। पूरे दिन इंतजार करने के बावजूद मुख्यमंत्री से ईडी टीम की मुलाकात नहीं हो सकी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एजेंसी को ईमेल भेजा है जिसमें 31 जनवरी को रांची में पूछताछ के लिए सहमति दी है।

राज्य सभा में उप्र. की 10 सीटों का कार्यकाल 2 अप्रैल को होगा खत्म

उप्र में केन्द्र-राज्य के उच्च सदन के लिए होगी सियासी जोर-आजमाइश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ उप्र विधान परिषद की 13 सीटें भी 5 मई को हो जाएंगी रिक्त

▸▸ रास की रिक्त हो रहीं 10 सीटों में 9 भाजपा, एक सपा की सीट

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव की दस्तक पाकर सियासी दलों में हर सीट पर नफा-नुकसान को लेकर मंथन तेज है। इसी के बीच राज्यसभा और उप्र. विधान परिषद के लिए भी सियासी दल जोर आजमाइश करते दिखेंगे। राज्यसभा में उप्र. के कोटे की 10 सीटों का कार्यकाल 2 अप्रैल को खत्म हो रहा है। वहीं, विधान परिषद में भी विधायक कोटे की 13 सीटें 5 मई को खाली हो जाएंगी। ऐसे में लोकसभा चुनाव की रणनीति तय करने के साथ राजनीतिक दल केन्द्र और राज्य के उच्च सदनों में खाली हो रहीं सीटों के लिए समीकरण साधेंगे।

भाजपा के जिन राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है उनमें, अनिल अग्रवाल, अशोक वाजपेयी, अनिल जैन, कांता कर्दम, सकलदीप राजभर, जीवीएल नरसिम्हा राव, विजयपाल तोमर, सुधांशु त्रिवेदी, हरनाथ सिंह यादव शामिल हैं। वहीं, राज्य विधान परिषद में खाली हो रही 13 सीटों में 10 भाजपा, 1 उसके सहयोगी अपना दल और 1-1 सपा और बसपा के पास है। 5 मई के पहले इन सीटों पर भी चुनाव प्रस्तावित है। राज्य विधानसभा में 403 सदस्य हैं और यहां से एक सदस्य को राज्यसभा भेजने के लिए 37 विधायकों का वोट चाहिए। सपा के पास 109 और रालोद के पास 9 विधायक हैं। ऐसे में 118 विधायकों के साथ सपा कम से कम तीन सीटें जीतने की स्थिति में रहेगी। सत्तारूढ़ गठबंधन के पास 279 विधायक हैं। इनमें भाजपा के 254, अपना दल (एस) के 13, निषाद पार्टी व सुभासपा 6-6 विधायक हैं। ऐसे में 7 सीटों पर सत्तापक्ष जीते तो आश्चर्य नहीं होगा।

राज्यसभा की 56 सीटों के लिए 27 फरवरी को चुनाव

नई दिल्ली। राज्यसभा में 15 राज्यों की 56 सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव 27 फरवरी को होगा। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को बताया कि 50 सदस्य दो अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे, जबकि छह सदस्य तीन अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे। जिन राज्यों से सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और राजस्थान शामिल हैं। लखनऊ कार्यालय के अनुसार उप्र. के 10 सदस्यों के द्विवार्षिक निर्वाचन का कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग से तय कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सोमवार को बताया कि नामांकन की अधिसूचना 8 फरवरी को जारी की जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। 16 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच और 20 फरवरी को नाम वापसी। 27 फरवरी को सुबह 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक मतदान और सायं 5 बजे से मतगणना होगी। 29 फरवरी से पहले निर्वाचन सम्पन्न करा लिया जाएगा।

सॉरी मम्मी-पापा, आईएम लूजर

कोटा, एजेंसी

राजस्थान के कोटा शहर में संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रही 18 वर्षीय एक छात्रा ने सोमवार को अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक छात्रा ने अंग्रेजी में लिखे सुसाइड नोट में कहा कि मम्मी, पापा मैं जेईई की परीक्षा की तैयारी नहीं कर सकती। इसलिए मैं आत्महत्या कर रही हूं। छात्रा की पहचान स्थानीय निहारिका सिंह के रूप में की गई है। उसने अपने माता-पिता से माफी भी मांगी है। निहारिका ने सुसाइड नोट में लिखा है कि मैं एक असफल व्यक्ति हूं। मैं सबसे बुरी बेटी हूं। मुझे माफ करें, मम्मी-पापा। मेरे पास यही आखिरी विकल्प था।



छात्रा के कमरे से बरामद हुआ सुसाइड नोट।

▸▸ कोटा में जेईई की तैयारी कर रही छात्रा ने की आत्महत्या

▸▸ एक सप्ताह के भीतर कोटा में आत्महत्या की दूसरी घटना

एक सप्ताह के भीतर कोटा में किसी विद्यार्थी के आत्महत्या करने का यह दूसरा मामला है। कोटा में छात्रा के आत्महत्या करने का यह मामला ऐसे समय में सामने आया है जब अपने वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि बच्चों की दबाव से निपटने में मदद करने के लिए उनमें दृढ़ता पैदा करना महत्वपूर्ण है और माता-पिता व शिक्षकों को सामूहिक रूप से छात्रों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना चाहिए। पुलिस उपाधीक्षक धर्मवीर सिंह ने कहा कि निहारिका शहर के बोरखेड़ा थाना क्षेत्र के शिव विहार कॉलोनी में स्थित अपने पारिवारिक घर में रहती थी और उसे 30 या 31 जनवरी को जेईई परीक्षा देनी थी। वह पढ़ाई के तनाव में थी।

रामलला के दर्शन में वीवीआईपी के लिए होगी अलग व्यवस्था

अयोध्या, अमृत विचार : राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद लगातार भक्तों का सैलाब दर्शन करने पहुंच रहा है। कल 31 जनवरी से अलग-अलग राज्यों के भी वीवीआईपी अतिथियों के आने का क्रम शुरू होने जा रहा है। इसके लिए राम मंदिर में दर्शन की अलग व्यवस्था बनाई जाएगी। जिसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं तैयारियों का जायजा लेने सोमवार दोपहर अयोध्या पहुंचे। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों से मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं के संदर्भ में न केवल जानकारी ली, बल्कि खुद जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं को परखा और दर्शनार्थियों से भी बातचीत करके फीडबैक लिया। मंदिर परिसर में ही जिला प्रशासन और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ समन्वय बैठक की। अधिकारियों को योजना बनाएं जाने की जिम्मेदारी दी। मुख्यमंत्री के साथ प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार, एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया आदि थे।

कार ने बाइक सवार तीन छात्रों को रौंदा, 1 की मौत, दो घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

▸▸ बदायूं जनपद के गांव सिसरका से परीक्षा देने आ रहे थे तीनों छात्र

अमृत विचार : संभल जिले के बनियाठेर थाना क्षेत्र में मुरादाबाद हाइवे पर स्कार्पियो कार ने सामने से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन छात्रों में एक की मौके पर मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने पिता चंद्रप्रकाश की तहरीर पर अज्ञात चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अरुण कुमार

बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सिसरका निवासी चंद्रप्रकाश का पुत्र अरुण कुमार (15) बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव बनियाखेड़ा स्थित लोकेंद्र शर्मा इंटर कॉलेज में हाईस्कूल का छात्र था। उसके गांव के कुलदीप पुत्र सुंदर लाल व बृजेश पुत्र रामकिशोर भी उसी विद्यालय में हाईस्कूल में पढ़ते हैं। सोमवार सुबह अरुण दोनों दोस्तों के साथ बाइक से परीक्षा देने विद्यालय के लिए निकला। मुरादाबाद रोड स्थित दाल मिल के पास तेज रफ्तार स्कार्पियो कार ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक चला रहे अरुण कुमार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कुलदीप व बृजेश गंभीर रूप से घायल हो गए।

हिंदू पक्ष ने दाखिल की सुप्रीम कोर्ट में याचिका

ज्ञानवापी मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद मामले में हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस याचिका में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) के महानिदेशक से अपील की गई है कि वे परिसर में मिले शिवलिंग का सर्वे करें, ताकि उसकी वास्तविकता का पता लगाया जा सके।

याचिका में कहा गया है कि सर्वे करने के लिए शिवलिंग के आसपास की आर्टिफिशियल या मॉडर्न दीवार और फ्लोर को हटाया जाए। बिना शिवलिंग को नुकसान पहुंचाए सील किए गए पूरे इलाके का वैज्ञानिक सर्वे किया जाए। इससे पहले, 19 मई 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी के सर्वे पर रोक लगा दी थी। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने याचिका में ज्ञानवापी परिसर में सीलबंद वजूखाना (स्नान जल टैंक) का सर्वे कराने की मांग करने की बात कही थी। उन्होंने दावा किया है कि 10 सीलबंद तहखानों में हिंदू मंदिर के सबूत हैं।

▸▸ शिवलिंग और वजू स्थल के सर्वे की रखी मांग

शाही ईदगाह परिसर के सर्वे पर रोक जारी

सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा में कृष्ण जन्म भूमि मंदिर से लगे शाही ईदगाह मस्जिद परिसर की अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक जारी रखने का सोमवार को आदेश दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने शाही मस्जिद ईदगाह प्रबंधन समिति द्वारा दायर याचिका की अगली सुनवाई अप्रैल के प्रथम पखवाड़े के लिए निर्धारित कर दी। पीठ ने कहा कि जहां कहीं भी अंतरिम आदेश जारी किया गया है वह जारी रहेगा। शीर्ष कोर्ट ने 16 जनवरी को हाईकोर्ट के 14 दिसंबर 2023 के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी थी, जिसमें शाही ईदगाह परिसर के सर्वेक्षण की अनुमति दी गई थी।

बुलेट ट्रेन प्रणाली में लगेंगे भूकंपमापी

नई दिल्ली। अहमदाबाद से मुंबई के बीच निर्माणाधीन देश की पहली हाईस्पीड रेलवे प्रणाली में सुरक्षा के लिए भूकंपमापी उपकरण लगाए जाने का फैसला हुआ है।

राष्ट्रीय हाईस्पीड रेल निगम के अनुसार इस पूरी 507 किलोमीटर की लाइन में 28 भूकंपमापी यंत्र लगाए जाएंगे जो आरंभिक भूकंपीय हलचलों को भांप कर ट्रेन के कंट्रोल रूम को सचेत कर देंगे और जरूरत पड़ने पर ट्रेनों को तुरंत रोक दिया जाएगा। इस प्रकार से भूकंप से यात्रियों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। जापानी शिंकानसेन तकनीक पर आधारित यह प्रारंभिक भूकंप जांच प्रणाली, प्राथमिक तरंगों के माध्यम से भूकंप-प्रेरित झटकों का पता लगाएगी।

सख्ती

बोर्ड परीक्षा से पहले शुरू हुई गुपचुप पड़ताल, बढ़ सकती हैं संचालकों की मुश्किलें

एटीएस के रडार पर मदरसा संचालकों के खाते

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी एटीएस के निशाने पर प्रदेश में संचालित मदरसा संचालकों के बैंक खाते हैं। इसको लेकर विशेष टीम अपनी जांच में जुटी है। तथ्यों को इकट्ठा करने के लिए उप्र मदरसा बोर्ड के जिम्मेदारों से भी संपर्क साधा गया है। सूत्रों की मानें तो अयोध्या, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बस्ती से जुड़े मदरसे विशेष टीम के खास रडार पर हैं।

हालांकि जांच का ये क्रम छह माह से चल रहा है, लेकिन हाल के दिनों में मिले विशेष इनपुट के बाद एटीएस ने इसे गति दी। सूत्रों की मानें तो विशेष खातों में आई विदेशी फंडिंग की जानकारी मिलते ही मदरसा संचालकों के खातों और अन्य रिकार्डों को खंगाला जा रहा है। ये अयोध्या, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बस्ती सहित कुछ अन्य जनपदों से जुड़े हुए हैं। विशेष टीम की ओर से मदरसा बोर्ड की रजिस्ट्रार से भी जानकारी हासिल की गई।

▸▸ उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के जिम्मेदार बोले-केवल शिक्षकों की योग्यता की हो रही है जांच

अनुदानित और गैर अनुदानित मदरसों से जुड़े लोगों की कॉल डिटेल को भी खंगाला जा रहा है। रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी का कहना है कि उनसे एटीएस से जुड़ी एसआईटी शाखा ने गैर अनुदानित / गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के बारे में जानकारी मांगी थी, उन्हें बता दिया गया है कि ऐसे मदरसे उनके परिक्षेत्र में नहीं हैं।

शिक्षकों की योग्यता का होगा परीक्षण

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे रीभा ने आदेश दिए हैं कि पंजीकृत मदरसों से जुड़े शिक्षकों और कर्मचारियों की जांच की जाए। इसमें निरीक्षण के साथ सत्यापन किया जाना भी सम्मिलित है। इसको लेकर निदेशक ने अपर मुख्य सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग, सभी जिलाधिकारी और रजिस्ट्रार को समयबद्ध जांच कराने के निर्देश जारी किए हैं। उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के सदस्य कमर अली कहते हैं कि निष्पक्ष जांच होनी आवश्यक है, क्योंकि कई बार एक व्यक्ति के गलत कार्यों से पूरा सिस्टम बदनाम हो जाता है।

बरेली में सबसे अधिक गैर मान्यता प्राप्त मदरसे

बरेली में गैर मान्यता प्राप्त मदरसे सबसे अधिक हैं। प्रदेश में सूचीबद्ध मदरसों की संख्या 8449 है। उधर, प्रदेश में 24 हजार से अधिक मदरसों को पंजीकरण की श्रेणी में सम्मिलित किया गया है। उप्र मदरसा शिक्षा बोर्ड में 16,500 पंजीकृत मदरसे हैं।

एक नजर

टेबल टेनिस में अनिल सेन ने बाजी मारी

मुरादाबाद, अमृत विचार : टेबल टेनिस मास्टर प्रतियोगिता में महानगर के अनिल सेन ने फाइनल मुकाबला जीतकर नाम रोशन किया। साठ साल से अधिक उम्र में उपेंद्र अग्रवाल को तीसरा और महिला वर्ग में 40 प्लस में पल्लवी अग्रवाल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन नोएडा में किया गया। प्रतियोगिता में रेलवे में कार्यरत अनिल सेन ने फाइनल मुकाबले में नोएडा के भरत शर्मा को 11-5, 11-6 और 11-7 से तीन सेट में मुकाबला जीतकर अपने नाम किया। सेमीफाइनल में उन्होंने बरेली के रोहित सक्सेना और क्वार्टर फाइनल में गाजियाबाद के विभोर खरे को हराया। महानगर के ही उपेंद्र अग्रवाल ने 60 प्लस आयु वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में पल्लवी अग्रवाल ने 40 प्लस में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान यूपी के चेयरमैन डीआर मुंशी ने पुरस्कार वितरण किया। महानगर के खिलाड़ियों ने विजेताओं को शुभकामनाएं दी हैं।

खंड शिक्षा अधिकारी को शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपा

मुरादाबाद, अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई मूंढापांडे की ओर से सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी मूंढापांडे को डिजिटलाइजेशन के विरोध में ज्ञापन दिया गया। उन्होंने मांग की सरकार पहले सिम उपलब्ध कराएं। साथ ही अध्यापकों से भी अपील की गई जब तक ऐसा नहीं होता है कोई भी इस पर कार्य न करें। इस दौरान संजय कुमार सिंह, हिमांशु वशिष्ठ, शिवचरन, सुरेंद्र सिंह, विनोद यादव, राजेश कुमार, सतेंद्र कुमार सिंह, अमान अली, वेद प्रकाश, मनोज यादव आदि मौजूद रहे।

भंडारे में प्रसाद वितरण कर कमाया धर्मलाभ

मुरादाबाद, अमृत विचार : वैश्य समाज की ओर से सोमवार को भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें राहगीरों को प्रसाद वितरित कर धर्मलाभ कमाया। प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन गुप्ता द्वारा संकष्टी चतुर्थी के उपलक्ष्य में बालाजी मंदिर कोर्ट रोड पर बालाजी का चोला चढ़ाया गया। साथ ही भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में बड़ी संख्या में राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान महापौर विनोद अग्रवाल, जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, प्रिया अग्रवाल, विशेष गुप्ता, संजय शर्मा, गुरप्रीत सिंह, मनीष गोयल आदि लोग मौजूद रहे।

अब मॉडल हाउस की तर्ज पर बनेंगे लाभार्थियों के आवास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- प्रत्येक विकास खंड परिसर में बनाया जाएगा मॉडल हाउस जगह चिह्नित करने के निर्देश

अमृत विचार: आवासीय योजना में लाभार्थियों को आवास बनाने के लिए सरकार ने ब्लॉक परिसर में एक नमूना बनाने के निर्देश दिये हैं। इसमें प्रत्येक ब्लॉक नमूना तैयार कर योजना के लाभार्थियों को आवास बनाने के लिए नमूना दिखाकर उसी के अनुरूप बनाने को प्रेरित किया जाएगा। इस नमूने को सरकार ने मॉडल हाउस का नाम दिया है।

सरकार की आवासीय योजना में भवन निर्माण के लिए लाभार्थियों को दिखाने के लिए जिला ग्राम्य विकास अभिकरण द्वारा ब्लाक परिसर मॉडल हाउस के नाम नमूना बनाया जाएगा। इसके लिए सभी खंड विकास अधिकारियों को ब्लॉक परिसर में मॉडल हाउस बनाने के जगह चिह्नित करने के निर्देश दिये गए हैं। गांव में आवासीय योजना के लाभार्थियों को आवास बनाने के लिए दी जाने वाली किस्त के साथ ब्लॉक परिसर में बने मॉडल हाउस को दिखा कर उसी नक्शे की तर्ज पर अपने आवास का निर्माण करने के लिए निर्देशित किया जाएगा। मॉडल हाउस में शौचालय किचन और बिजली का कनेक्शन कराया जाएगा। इसके निर्माण के लिए 1 लाख 20 हजार की धनराशि ब्लॉक को दी जाएगी। इस आवास का निर्माण 25 वर्ग मीटर भूमि में कराया जाना है। परियोजना निदेशक सतीश मिश्रा ने सभी खंड विकास अधिकारियों से जगह चिन्हित कर 15 दिन में प्रस्ताव मांगा है।

छात्राओं को दी सड़क सुरक्षा की जानकारी

मुरादाबाद, अमृत विचार: राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कौशल्या देवी कन्या इंटर कॉलेज में परिवहन और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। यातायात नियमों के प्रति प्रशिक्षित करने के लिए उन्हें पम्फलेट बांटा गया।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) आनंद निर्मल और उनकी टीम के सदस्यों ने गन्ना से भरे ट्रक और अन्य व्यावसायिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाया, जबकि टीम द्वारा व्यावसायिक वाहनों की बैकलाइट और फॉग लाइट की क्रियाशील होने की जांच की गई। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के वरिष्ठ सहायक ओंकार, कौशल्या देवी कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य रश्मि यादव, आरटीओ कार्यालय के वरिष्ठ सहायक सतवीर सिंह और एनजीओ के सदस्य कपिल रस्तोगी ने अभियान में योगदान किया।

महिलाओं ने भगवान गणेश की आराधना के साथ किया गायों का पूजन

उपवास रखकर मांगी परिवार की खुशहाली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

संकष्टी चतुर्थी

- शाम को पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद ग्रहण किया
- व्रत में चन्द्र दर्शन भी होता है विशेष फलदायी

अमृत विचार: जनपद में सोमवार को महिलाओं ने संकष्टी चतुर्थी पर व्रत रखकर पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने उपवास रखकर भगवान गणेश की पूजा की। वहीं कुंवारी कन्याओं ने भाई की लंबी आयु के लिए बहुला व्रत रखा। साथ ही इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की गायों की भी पूजा की गई। शाम को कथा श्रवण के बाद व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण किया।

भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को संकष्टी चतुर्थी कहा जाता है। इसलिए कि यह व्रत सभी तरह के कष्टों को दूर करता है। पंडित मनोज पाठक ने कहा कि संकष्टी चतुर्थी को भगवान गणेश की पूजा करने का खास महत्व है। इस व्रत में चन्द्र दर्शन भी विशेष फलदायी होता है। इससे पूर्व महिलाएं सुबह में ही स्नान कर साफ और धुले हुए कपड़े पहनकर व्रत को रखा। शाम के समय में दोबारा स्नान कर पूजा के लिए भगवान गणेश की प्रतिमा को स्थापित कर पूजा अर्चना की। भगवान के सामने हाथ जोड़कर व्रत का संकल्प दोहराया। अपने पुत्रों, घर परिवार के सुखमय जीवन की कामना की। महिलाओं ने चंद्रोदय के समय चंद्र दर्शन के बाद प्रसाद ग्रहण किया।

व्रत का महत्व : इस दिन विघ्नहर्ता, मंगलकारी श्रीगणेश, चौथ माता और चंद्रदेव की विधिपूर्वक पूजा का विधान है। महंत सज्जन गिरि ने बताया कि नारदपुराण के अनुसार मन के स्वामी चंद्रमा और बुद्धि के स्वामी श्रीगणेश के संयोग के परिणामस्वरूप इस चतुर्थी व्रत को करने से मानसिक शांति, कार्यों में सफलता, प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है। इस दिन किया गया व्रत और पूजा पाठ वर्ष पर्यंत सुख-समृद्धि और पारिवारिक विकास में सहायक सिद्ध होता है। चंद्रमा को अर्घ्य देने से कुंडली में चंद्रमा की स्थिति मजबूत होती है।

इस दिन दान का भी है विशेष महत्व

मत्स्य पुराण के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु के पसीने से उत्पन्न तिल और माता लक्ष्मी के द्वारा प्रकट किए गन्ने के रस से बने गुड का तिलकुटा बनाकर उसे दान करना चाहिए। पंडित संतोष आनंद ने बताया कि व्रत करने वालों के लिए यदि संभव हो तो दस महादान जिनमें अन्नदान, नमक का दान, गुड का दान, स्वर्ण दान, तिल का दान, वस्त्र का दान, गोघृत का दान, रत्नों का दान, चांदी का दान और दसवां शक्कर का दान करें। ऐसा करके प्राणी दु:ख-दरिद्र, कर्ज, रोग और अपमान के विष से मुक्ति पा सकता है। इस दिन गाय और हाथी को गुड खिलाने से अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है।

कम नहीं हुई शीतलहर, दोपहर में धूप से राहत

न्यूनतम तापमान 7 डिग्री, गलन बरकरार, छतों व पार्कों में धूप सेंकते नजर आए लोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: दोपहर में निकली धूप से लोगों को फौरी राहत मिली। लेकिन सुबह और रात में गलन और शीतलहरी ने कंपाया। सोमवार को न्यूनतम तापमान 7 और अधिकतम 16 डिग्री रहा।

मौसम में सुधार के लक्षण थोड़ा दिखने लगे हैं। दोपहर में निकली धूप ने कई दिनों से कंपाने वाली ठंड से फौरी राहत दी। हालांकि सुबह गलन बरकरार रही। दोपहर में धूप निकलने पर लोग घरों से बाहर निकले। छत और पार्क में बैठकर दिन में महिलाओं ने समय बिताया। बच्चों को स्कूलों में दिन में धूप निकलने पर ग्राउंड में खेलने के लिए समय दिया गया। जिससे बच्चों ने भी आनंद लिया। हालांकि शाम ढलते ही एक बार फिर तापमान कम होने पर लोग सिहर उठे। शाम को रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, जिला अस्पताल में अलाव जलने पर लोगों ने सेंक कर राहत पाई। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. आरके सिंह का कहना है कि अभी शीतलहर जारी रहेगी, बारिश का अनुमान नहीं है।

धूप निकलने के बाद बाजार में कुछ इस तरह से जातीं युवतियां। ● अमृत विचार

प्लेटफार्म संख्या एक पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार

रोलर स्केटिंग कर अयोध्या धाम की यात्रा करने पर विकास का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 500 किलोमीटर दूर अयोध्या धाम की यात्रा की
- प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने दिया प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न

अमृत विचार: मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के चालक टेकचंद्र के पुत्र विकास कश्यप ने रोलर स्केटिंग के माध्यम से 500 किलोमीटर दूर अयोध्या धाम की यात्रा की। वहां से लौटने पर प्राधिकरण कार्यालय में उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने विकास को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने कहा कि इससे दूसरे खिलाड़ियों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। आगामी समय में खेल स्पर्धा कराने के लिए प्रोत्साहित किया। विकास ने बताया कि शेरुआ धर्मपुर से अयोध्या धाम की यात्रा करने के पीछे प्रभु श्रीराम की प्रेरणा थी, तभी यह संभव हो सका है। इससे पूरा परिवार खुश है।

कहा कि सम्मान मिलने से उत्साह बढ़ा है। भविष्य में और बेहतर करेंगे। इस दौरान टेकचंद्र के अलावा प्राधिकरण की सचिव अंजूलता व कार्यालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

12 घंटे देरी से पहुंची जनसाधारण एक्सप्रेस, यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

दिक्कत

- कुंभ, गरीब रथ, सरयू यमुना व पंजाब मेल भी देरी से पहुंचीं
- ट्रेनों के समयबद्ध चलाए जाने का विभागीय दावा फुस्स

अमृत विचार: लाख प्रयास के बाद भी मंडल में ट्रेनों का समयबद्ध संचालन संभव नहीं हो पा रहा है। ट्रेनों के देरी से चलने के बाद यात्री फाग सेव डिवाइस, जीपीएस सहित अन्य उपकरणों की उपयोगिता को लेकर सवाल उठा रहे हैं। सुबह से ट्रेनों के इंतजार में यात्री ठिठुरते रहे, लेकिन दोपहर बाद कुछ राहत मिली।

कुंभ एक्सप्रेस 10 घंटे 41 मिनट, जनसाधारण 11 घंटा 50 मिनट, गरीब रथ 8 घंटा 43 मिनट, सरयू यमुना एक्सप्रेस 5 घंटा 20 मिनट, पंजाब मेल 1 घंटे 30 मिनट, गरीब नवाज एक्सप्रेस 2 घंटा 9 मिनट, राजधानी एक्सप्रेस 3 घंटा 10 मिनट, हिमगिरी एक्सप्रेस 3 घंटा 42 मिनट और पोरबंदर 2 घंटा 29 मिनट विलंब से चल रही है, जबकि पुरबिया अकालतख्त, काठगोदाम, उत्तरांचल संपर्कक्रांति एक्सप्रेस 1 घंटा 7 मिनट, सियालदह एक्सप्रेस 1 घंटा 18 मिनट, अवध-असम, सुपरफास्ट चंडीगढ़ एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें विलंब से चलीं। दैनिक यात्री संघ के अध्यक्ष सुधीर पाठक ने आरोप लगाया है कि रेलवे की वेबसाइट पर भी गलत सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं। ऐसा विभागीय डाटा मेंटेन करने के लिए किया जा रहा है। लोकल ट्रेनों का और बुरा हाल है। कोरोना काल से इन ट्रेनों को स्पेशल दर्जा देकर के यात्रियों से अधिक किराया वसूला जा रहा है। आउटर पर घंटों ट्रेनें रोकी जा रही हैं।

एमडीए कर्मी के पुत्र विकास को सम्मानित करते प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार।

बोर्ड परीक्षा के दौरान खुश रहें विद्यार्थी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सातवां संस्करण दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित हुआ। छात्रों और शिक्षकों से संवाद का गांधी नगर पब्लिक स्कूल में सीधा प्रसारण देखा।

विद्यालय के बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले दसवीं और बारहवीं कक्षा के सभी छात्र-छात्राओं के साथ-साथ कक्षा-9 व कक्षा-11 के लगभग 600 छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम देखा। प्रधानमंत्री की बातों को सुना और प्रेरणा हासिल की। प्रधानमंत्री ने कहा कि खुश रहना और परीक्षा शुरू होने से पहले चुटकुले सुनना सुनाना जरूरी है, जब आप परीक्षा हॉल में बैठे तो कुछ मिनट मेडिटेशन करते हुए गहरी सांस लें। परीक्षा के दिनों में सामान्य रहे, किसी तरह के तनाव को अपने ऊपर न हावी होने दें। परीक्षा देते समय प्रश्नों का चुनाव व समय निर्धारण का अच्छे से ध्यान रखें। प्रधानमंत्री ने प्रेरित करते हुए कहा कि जैसे मोबाइल को रिचार्ज करना पड़ता है वैसे ही शरीर को व्यायाम, स्पोर्ट्स व मेडिटेशन रिचार्ज करता है। स्कूल की प्रधानाचार्या शशि शर्मा ने प्रधानमंत्री की कही बातों को बच्चों से जीवन में अपनाकर तनाव से मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।

गांधीनगर पब्लिक स्कूल में प्रधानमंत्री के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को सुनते छात्र-छात्राएं।

एक को चलेगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान

मुरादाबाद, अमृत विचार: एक फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान चलेगा। इसको लेकर पिछले दिनों मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में बैठक भी हो चुकी है।

नोडल अधिकारी डॉ. हरीश चंद्रा ने बताया कि इस अभियान में लक्षित 17 लाख से अधिक बच्चों व किशोरों को एल्बेंडाजोल टेबलेट की खुराक दी जाएगी। जिसमें 1 वर्ष से 19 वर्ष के सभी बच्चों और युवाओं को निजी व सरकारी स्कूलों में और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से खिलाई जाएगी। जो बच्चे इस दिन स्कूल नहीं आएंगे उनको 5 फरवरी को माप अप राउंड में दवा खिलाई जाएगी। इस अभियान में शिक्षा विभाग, बाल विकास विभाग, अल्पसंख्यक विभाग एवं युवा कल्याण विभाग सहयोग करेंगे। उन्होंने अभिभावकों व स्कूलों के प्रधानाचार्यों से अपनी उपस्थिति में बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली अवश्य खिलाने के लिए कहा।

सदियों से बेघर बंजारा समाज को मिलेगी मुख्यमंत्री आवासीय योजना की सुविधा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिले में रहने वाले बंजारों का ब्लॉक स्तर पर कराया जा रहा सर्वे शासन ने एक माह में मांगी रिपोर्ट

अमृत विचार: सदियों से बेघर बंजारा जाति को राज्य सरकार ने सिर छुपाने के लिए छत देने की पहल की है। सरकार ने मुरादाबाद जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को बंजारों को आवासीय योजना में शामिल करने के निर्देश दिये हैं। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण ने सोमवार को सभी लेखा अधिकारी व लेखा सहायक से बैठक में खंड विकास अधिकारियों को प्रस्ताव बनाकर भेजने की बात कही है। सचिव अपने क्षेत्र में रहने वाले बंजारों का सर्वे कर एक सप्ताह में रिपोर्ट भेजेंगे।

सरकार ने खानाबदोश नाम के साथ जीने वाली बंजारा जाति को राज्य में अब मुख्यधारा में लाने के मन बना लिया है। जिसमें जिला ग्राम विकास अभिकरण के पीडी सतीश प्रसाद मिश्रा ने सरकार के निर्देश को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है। अब बंजारों के बच्चों को पढ़ाई लिखाई के साथ नया भविष्य मिलेगा। राज्य सरकार बंजारों को मुख्यमंत्री आवासीय योजना में शामिल कर उनको अन्य जातियों के समान समाज में मिलने वाला सामाजिक सम्मान और आम जिंदगी की जरूरतों को भी पूरा करेगी। बंजारों का राशन कार्ड व अन्य योजनाओं जैसे उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड योजना के अलावा सभी योजना में भागीदारी करने का हक मिलेगा।

परियोजना निदेशक ने बताया कि जिले में कुंदरकी, ठाकुरद्वारा, डिलारी ब्लॉक में बंजारे रहते हैं। इसके अलावा सभी ब्लॉकों में सर्वे कराया जा रहा है। चुनाव से पहले जिले में बंजारा जाति की सर्वे रिपोर्ट शासन को भेजनी है। सरकार ने पहले दैवीय आपदा से पीड़ित, कुष्ठ रोगियों, नट जाति, दिव्यांगों को और अब बंजारा जाति को आवासीय योजना में शामिल करने जा रही है। सोमवार को परियोजना निदेशक ने विकास खंडों पर तैनात लेखा अधिकारी व लेखा सहायक को प्रस्ताव बनाकर खंड विकास अधिकारियों को सप्ताह भर में देने के निर्देश दिये है। इसके साथ सभी खंड विकास अधिकारियों को सचिवों द्वारा क्षेत्र में रहने वाली बंजारा जाति के लोगों का सर्वे करने के निर्देश देते हुए तीन दिन में रिपोर्ट मांगी है।

छुट्टा पशुओं के हमले से क्षेत्र के लोगों में दहशत

मुरादाबाद, अमृत विचार: कांठ रोड स्थित कॉलोनियों में छुट्टा पशुओं का आतंक है। राह चलते लोगों पर छुट्टा पशु अचानक हमलावर हो रहे हैं। नवीन नगर, अवंतिका और आशियाना कालोनी में लोगों में दहशत है।

नवीन नगर निवासी सोनू रेलवे में कार्यरत हैं। रविवार को सोनू ने अपनी बेटी के लिए नई स्कूटी लाकर घर के बाहर खड़ी की थी। शाम सात बजे छुट्टा सांड़ ने स्कूटी को कई बार पटका जिससे स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सांड़ का विकराल रूप देख सोनू और अन्य मोहल्ले वालों ने सांड़ से स्कूटी छुड़ाने का प्रयास नहीं किया। पत्नी के साथ स्कूटी पर बाजार जा रहे नवीन नगर निवासी राज दिवाकर पर सांड़ ने अचानक हमला कर दिया। जिससे राज ने भी स्कूटी छोड़कर अपनी जान बचाई। मयंक शर्मा और मुन्ना लाल ने पार्षद पंकज शर्मा से सांड़ को पकड़वाने की मांग की है।

परेशानी गर्मी में उपकरणों के ओवरलोड होने की वजह से और बढ़ेगी बिजली की किल्लत

ओवरलोडिंग से सर्दी में दगा दे रहे ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अभियान चलाकर बढ़ाया जा रहा उपभोक्ताओं का भार
- नबाबपुरा और कानून गोयान के लोगों को उठानी पड़ी परेशानी

अमृत विचार: बिजली विभाग के उपकरण ठंड में भी दगा दे रहे हैं। ओवरलोडिंग से हीट होकर ट्रांसफार्मर फुंकने का सिलसिला कड़ाके की सर्दी में भी नहीं थम रहा है। बिजली विभाग की ओर से अभियान चलाकर उपभोक्ताओं का भार बढ़ाने के साथ ही नये कनेक्शन भी दिए जा रहे हैं। जबकि उपकरण पहले से ही चल रहे लोड को नहीं झेल पा रहे हैं। ऐसे में गर्मी में इन उपकरणों के भरोसे बेहतर आपूर्ति की बात बेमानी होगी।

सर्दी में ट्रांसफार्मर फुंकने के बाद घंटों लोगों को सही होने का इंतजार करना पड़ रहा है। महानगर में लगे बिजली विभाग के उपकरणों के भरोसे गर्मी के मौसम में बड़ी समस्या होगी। महानगर के पुराने मोहल्लों में वर्षों पहले लगे ट्रांसफार्मर अपनी उम्र पूरी कर चुके हैं। जिससे आए दिन ट्रांसफार्मरों के फ्यूज फुंकने बिजली गुल हो रही है। रविवार की देर रात नबाबपुरा, कानून गोयान मोहल्ले के ट्रांसफार्मर में फाल्ट होने से कुछ घंटों के अंतराल में अचानक बिजली गुल हो गई। जिससे वहां रहने वाले हजारों उपभोक्ताओं को सुबह 10 बजे बिजली सप्लाई मिल सकी। नबाबपुरा में रहने वाले विनोद कुमार प्रजापति ने बताया कि सुबह बिजली कर्मचारी को फोन करने पर पता चला कि उनके मोहल्ले का ट्रांसफार्मर ओवरलोडिंग के कारण फुंक गया है। तबेला क्षेत्र के रहने वाले नौशाद ने बताया की देर रात 2 बजे अचानक बिजली गुल हो गई। सुबह एसडीओ को फोन किया एसडीओ ने बताया की मोहल्ले में बिजली चोरी से ओवरलोडिंग होने पर ट्रांसफार्मर के जंफर पर लगे फ्यूज उड़ गए हैं। सोमवार को 12 बजे पहुंचे बिजली विभाग के कर्मचारियों ने जंफर के फ्यूज जोड़े तब जानकारी बिजली व्यवस्था सुचारू हुई।

ऐसी स्थिति में भी जब उपकरण दगा दे रहे हैं तो भी विभाग के अधिकारी कर्मचारी लोगों को नए कनेक्शन देने और उपभोक्ताओं के भार बढ़ाने में जुटे हैं।

ऐसे में गर्मी के मौसम में बिजली की खपत दोगुना बढ़ने पर ट्रांसफार्मर हीट होकर फुंकने का सिलसिला बढ़ना तय है। जिससे महानगरवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। बिजली विभाग के नगरीय वितरण खंड में 35 हजार उपभोक्ताओं को मात्र 400 ट्रांसफार्मर ही बिजली सप्लाई देने का काम कर रहे हैं। मुख्य अभियंता आरके बंसल ने बताया कि गर्मियों में महानगरवासियों को किसी प्रकार दिक्कत नहीं होगी। उनका कहना है कि गर्मी से पहले लगभग 250 ट्रांसफार्मर और लगाए जाने हैं।

चैंपियन अंकुर गुर्जर को खिलाड़ियों ने बधाई दी

मुरादाबाद, अमृत विचार: नेशनल यूथ गेम्स में महानगर के अंकुर गुर्जर ने यूपी कबड्डी टीम की ओर से प्रतिभाग किया। टीम प्रतियोगिता में चैंपियन रही। जिसके बाद महानगर के खेल प्रेमियों ने अंकुर को बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

नेशनल यूथ गेम्स प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 29 जनवरी तक हुआ। इसमें यूपी टीम की ओर से महानगर के कबड्डी खिलाड़ी अंकुर गुर्जर ने प्रतिभाग किया। इसमें यूपी टीम चैम्पियन रही। अंकुर ने भी टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार, जिला ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. अजय पाठक, यश शुक्ला ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी।

यात्री भर रहे परिवहन निगम का खजाना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

उपलब्धि

- निगम मुख्यालय ने 95.52 लाख रुपये रखा है हर दिन का लक्ष्य
- कोहरे के बाद भी औसतन 75.88 लाख की हो रही आय

अमृत विचार: ठंड और कोहरे के बाद भी राज्य सड़क परिवहन निगम की बसें परिक्षेत्र में बेहतर कमाई कर रहीं हैं, जबकि रेलवे में यात्रियों की संख्या हर दिन कम हो रही है। रेलवे के 40 प्रतिशत आरक्षित यात्री हर दिन यात्रा स्थगित करने को मजबूर हैं।

निगम मुख्यालय ने परिक्षेत्र में हर दिन 95.52 लाख रुपये कमाई का लक्ष्य रखा है। औसतन 75.88 लाख रुपये बसों के किराए से विभाग को मिल रहा है। दिल्ली रूट की बसें रविवार, सोमवार और मंगलवार को यात्रियों की भीड़ से भरी जा रही हैं।

निगम की बसें औसत कमाई कर रही हैं। मुरादाबाद डिपो की हिस्सेदारी 86 से 87 प्रतिशत है। यहां से दिल्ली रूट पर हर दिन 38 फेरे बसों का संचालन हो रहा है। सप्ताह के आखिर के तीन दिन कौशांबी से यात्रियों की भीड़ रहती है। निगम के वित्त अनुभाग के कर्मियों का कहना है कि कोहरे से सेवा पर कुछ असर पड़ रहा है। ठंड की वजह लोग बसों से यात्रा करने से बच रहे हैं लेकिन, उसके बाद भी मुरादाबाद परिक्षेत्र कमाई की दृष्टि से अच्छी हालत में हैं।

मुरादाबाद डिपो के कंट्रोल रूम प्रभारी सत्यवीर सिंह का कहना है कि दिल्ली रूट पर तीन दिन जाने वाले और तीन दिन ही वापस आने वालों की भीड़ रहती है। इस वजह से विभाग की आमदनी पर बहुत प्रभाव नहीं पड़ रहा है।

दिनांक	आमदनी (लाख में)
25 जनवरी	84.96
26 जनवरी	76.84
27 जनवरी	77.15
28 जनवरी	79.84

अयोध्या में श्रीराम मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर प्रबंधन ने रोडवेज की सेवाओं की निगरानी बढ़ा दी है, उसका लाभ भी मिल रहा है। ट्रेनों के देर से चलने का असर भी परिवहन निगम को लाभ दे रहा है। सूत्रों का कहना है कि दिल्ली रूट पर रोडवेज की कमाई अच्छी है। शुक्रवार, शनिवार और रविवार को दिल्ली से वापसी में यात्री अधिक निकलते हैं।

शहर में आज

- मुरादाबाद विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक प्राधिकरण के समागम सभागार में दिन में 11:30 बजे।
- जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम कंपनी बाग गांधी मूर्ति पर दोपहर 12:00 बजे।

एक नजर

रेलवे पुलिस ने चाकू सहित युवक को पकड़ा

मुरादाबाद, अमृत विचार : सोमवार को रेलवे पुलिस ने स्टेशन से युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी राजन शर्मा टीम के साथ स्टेशन पर संदिग्ध वस्तुओं की निगरानी और यात्री सुरक्षा की छानबीन करने निकले थे। प्रभारी निरीक्षक ने संदेह के आधार पर एक युवक को रोका तो उसने भागने का प्रयास किया। टीम के अन्य सदस्यों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम कमल कश्यप पुत्र राजू कश्यप ग्राम अटरिया थाना सीबीगंज जनपद बरेली बताया। उसके पास एक अदद नाजायज चाकू मिला।

भाजपा का गांव चलो अभियान आज से

मुरादाबाद, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी ने केंद्र और राज्य सरकार के कार्य की पड़ताल और विधिवत प्रचार योजना पर कार्य शुरू कर दिया है। मंगलवार से गांव चलो अभियान शुरू हो रहा है। इसके निमित्त बुद्धि विहार स्थित कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन दोपहर 2:30 बजे से होना है, जिसमें संगठन के जिला एवं महानगर प्रभारी राजेश यादव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी संगठन के महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने दी है।

भाजपा नेता के अकाउंट मामले में जवाब मांगा

मुरादाबाद, अमृत विचार : भाजपा के तत्कालीन महानगर प्रभारी पर महिला बनकर ट्विटर अकाउंट खोलने व उन्मादपूर्ण टिप्पणियां करने के बाद अचानक अकाउंट डिलीट कर देने के गंभीर आरोप लगे थे। जिसके संबंध में आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर के परिवाद मामले में स्पेशल कस्टम कोर्ट, लखनऊ ने गोमतीनगर थाना पुलिस से जवाब मांगा है। अमिताभ ठाकुर ने इसे गंभीर आपराधिक कृत्य बताते हुए कोर्ट से तत्काल एफआईआर के आदेश देने की प्रार्थना की है।

कतर में नौकरी लगवाने के नाम पर दो लाख रुपये हड़पे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव बरैठा खीजरपुर निवासी उम्मे तमीमा पत्नी नजारुल हसन बेटे को नौकरी दिलाने के लालच में ठगी का शिकार हो गई है। आरोपी ने उससे दो लाख रुपये ठग लिए हैं। बेटे को नौकरी के बजाय रेगिस्तान में ऊंट-भेड़ चराने का काम मिला है।

महिला ने सोमवार को एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका बेटा रहीस आलम वाहन चालक है। महिला के मुताबिक, अमरोहा के डिडौली थाना क्षेत्र के गांव मझरा फत्तेहपुर निवासी उसका दूर का रिश्तेदार तीन माह पूर्व उनके घर आया था। उसने महिला से कहा था कि तुम्हारे बेटे की कतर में नौकरी लगवा दूंगा, जहां उसे प्रत्येक महीने 60,000 रुपये वेतन मिला करेगा। इसके लिए आरोपी ने दो लाख रुपये का खर्चा बताया था। पीड़िता के अनुसार, उसने आरोपी को दो लाख रुपये दे दिए थे। इसके बाद आरोपी ने 6 दिसंबर 2023 को उसके बेटे को कतर भेज दिया था। लेकिन, कतर में उसके बेटे को चालक की नौकरी की बजाय रेगिस्तान में ऊंट और भेड़ चराने के काम में लगा दिया।

महिला ने बताया कि जब उसने आरोपी से शिकायत की तो वह आगबबूला हो गया और जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने एसएसपी से बेटे को वापस बुलाने और आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। एसएसपी हेमराज मीना ने प्रकरण की जांच बिलारी सीओ से करने को कहा है और जांच रिपोर्ट अगले तीन दिन के अंदर देने के निर्देश दिए हैं।

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन ने दून कैटर्स को दिया ठेका, उद्घाटन आज

अब यात्रियों को स्टेशन पर मिलेगा वेज-नानवेज भोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: छह माह की प्रतीक्षा पूरी हो गयी। अब रेलवे स्टेशन पर यात्री भोजन और नाश्ता की उपलब्धता के लिए नहीं तरसेंगे। मंगलवार से रेलवे का रेस्टोरेंट शुरू हो जाएगा। एक साथ 60 लोग रेस्टोरेंट में भोजन और नाश्ता की सेवा ले सकेंगे। प्लेटफार्म संख्या एक स्थित केंद्र से वेज और नानवेज भोजन की सुविधा मिलेगी। जलपान की सुविधा रहेगी। चाय, कॉफी और कटलेट का स्वाद यात्री ले सकेंगे।

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) ने दून कैटर्स को इस कार्य का ठेका दिया है। कैटर्स से इस कार्य का ठेका पांच साल के लिए हुआ है। यात्री आनलाइन ट्रेन की बोगी में भी सुविधा ले सकेंगे। इसके लिए 15 से 20 मिनट पहले रेस्टोरेंट मैनेजर को आर्डर बुक कराना होगा। पांच, छह माह पहले यहां पर काम कर रही कंपनी ने रेस्टोरेंट बंद कर दिया था।

इसके बाद से एक नंबर प्लेटफार्म पर खड़ी होने वाली ट्रेनों के यात्री काउंटर से लौट रहे थे। स्टेशन के अन्य स्टाल पर चाय और जलपान की सुविधा तो उपलब्ध है लेकिन, यात्रियों को भोजन नहीं मिल पा रहा था। अभी भी लंबी दूरी की कई महत्वपूर्ण ट्रेनों में पैंट्री सेवा नहीं है। जिसके यात्री स्टेशन पर भोजन के लिए भटकते थे, उन्हें अब राहत मिलेगी।

रेलवे के मुख्य वाणिज्य निरीक्षक जेके ठाकुर का कहना है कि रेस्टोरेंट से रेलवे द्वारा तय की गई कीमत पर खाना, नाश्ता, चाय, कॉफी और कटलेट मिलेगा। नानवेज में अंडा करी और अंडा ब्रेड भी उपलब्ध होगा। सादा थाली और नानवेज थाली की कीमत में 10 रुपये का अंतर होगा। नानवेज थाली 10 रुपये अधिक कीमत पर उपलब्ध होगा। पकौड़े और समोसा भी रेस्टोरेंट के काउंटर पर उपलब्ध होगा। आईआरसीटीसी द्वारा हर सामान की कीमत तय है। संचालक को रेस्टोरेंट में अंदर और बाहर उसका प्रदर्शन करना होगा। मंगलवार से इस सुविधा की शुरुआत की जा रही है।

सुविधा

- एक साथ 60 लोग रेस्टोरेंट में कर सकेंगे भोजन और नाश्ता
- चाय, कॉफी और कटलेट का स्वाद ले सकेंगे यात्री

मंडल की पहली आस्था स्पेशल ट्रेन अयोध्या के लिए रवाना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: अयोध्या धाम तीर्थ के लिए देश भर से प्रस्तावित 1000 ट्रेनों में एक सोमवार को हरिद्वार से रवाना हुई। यह ट्रेन मंडल मुख्यालय पहुंची तो रेलवे अधिकारियों और वाणिज्य विभाग की टीम ने उनका स्वागत किया। रामपुर और बरेली में ठहराव के बाद यह आस्था स्पेशल ट्रेन सीधे अयोध्या स्टेशन गई। रेलवे की इस ट्रेन का संचालन आईआरसीटीसी कर रही है।

मंडल की पहली आस्था स्पेशल ट्रेन हरिद्वार स्टेशन से दोपहर के 15:35 बजे चली। रात के पौने आठ बजे यहां पहुंची, जहां सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रथम भगवान सिंह ने स्टेशन पर और मुख्य वाणिज्य निरीक्षक जेके ठाकुर ने रामपुर स्टेशन पर टीम के साथ यात्रियों का स्वागत किया।

विश्व हिंदू परिषद और अन्य हिंदू संगठनों की ओर से पूरी ट्रेन का आरक्षण कराया गया है। एसीएम भगवान सिंह ने बताया कि ट्रेन की सभी 1504 सीट बुक हैं। तीसरे दिन यह स्पेशल ट्रेन वापस होगी। इस ट्रेन का संचालन एक फेरे के लिए ही किया गया है। जबकि, सुबह के समय राजस्थान से चलाई गई स्पेशल ट्रेन अयोध्या गई। मंडल की यह पहली सेवा है।

कुंदरकी-डींगरपुर-पाकबड़ा मार्ग बदहाल 61 करोड़ के प्रस्ताव को नहीं मिली मंजूरी

मंत्री जितिन प्रसाद ने मंच से की थी मार्ग निर्माण कराने की घोषणा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लोक निर्माण विभाग के मंत्री की घोषणा के बाद भी कुंदरकी-डींगरपुर-पाकबड़ा खस्ताहाल 14 किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण अधर में है। विभागीय अधिकारियों द्वारा इस मार्ग के निर्माण के लिए भेजे गए 61 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को अब तक मंजूरी नहीं मिली है। जिसमें दो राष्ट्रीय मार्गों को जोड़ने वाला यह मार्ग बदहाली का शिकार है। इसके किनारे बसे गांव के लोगों को भी आवागमन में परेशानी हो रही है।

लोक निर्माण विभाग की सबसे बड़ी और बेहद महत्वपूर्ण सड़क पिछले चार साल से बदहाल है। विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद के मंच से कहने के बाद भी विभाग का कुंदरकी-डींगरपुर-पाकबड़ा मार्ग का निर्माण अधर में लटका है। कुंदरकी से डींगरपुर होते हुए पाकबड़ा तक 14 किलोमीटर की सड़क पाकबड़ा में दिल्ली हाईवे और कुंदरकी में अलीगढ़ हाईवे से जोड़ती है। 2022 में एक चुनावी सभा के दौरान लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने सड़क का निर्माण जल्द निर्माण कराने की घोषणा की थी। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता निर्माण खंड सुनील सागर ने 14 किलोमीटर की सड़क का 61 करोड़ का प्रस्ताव कई बार भेजा लेकिन अभी तक मंजूरी नहीं मिली। हालांकि उस समय ही वन विभाग ने आपत्ति पत्र दाखिल किया। लेकिन बाद में वन और बिजली विभाग की ओर से अनापत्ति पत्र दे दिया गया। कुंदरकी-डींगरपुर-पाकबड़ा मार्ग के किनारे बसे मोहम्मद हबीब और रईसुद्दीन ने बताया कि रात में बाहर से आने वाले वाहनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

कुंदरकी-डिंगरपुर-पाकबड़ा मार्ग का कुछ ऐसा है हाल। ● अमृत विचार

> लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता निर्माण खंड ने 14 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 61 करोड़ का प्रस्ताव कई बार भेजा लेकिन, अभी तक मंजूरी नहीं मिली। अंतिम प्रस्ताव छह महीने पहले जून में भेजा था।
> -सुनील सागर, अधिशासी अभियंता लोनिवि (निर्माण खंड)

कर्तव्य बोध शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी आज

मुरादाबाद, अमृत विचार: राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से मंगलवार को राजकला पीडीए गर्ल्स इंटर कालेज में कर्तव्य बोध दिवस शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया है।

महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष जोगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला मंच के संस्थापक अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश साहित्य भूषण पुरस्कार से विभूषित, शिक्षाविद डॉ. महेश दिवाकर गोष्ठी के मुख्य अतिथि रहेगें। उन्होंने बताया कि कर्तव्य बोध दिवस अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा मनाया जाने वाला स्थायी कार्यक्रम है।

स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की जानकारी दी

मुरादाबाद, अमृत विचार: उत्तर प्रदेश एड्स कंट्रोल सोसाइटी की ओर से सोमवार को जिला चिकित्सालय में स्थित एआरटी सेंटर द्वारा एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जागरुकता के लिए शिविर लगा। शिविर में डॉ. राम किशोर, डॉ. एके श्रीवास्तव और एआरटी सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, विनिता पांडेय ने अपने अनुभव साझा किए। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की जानकारी दी।

कर्मियों के अनुकंपा वाले प्रार्थना पत्रों की जिला स्तर पर होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : गर्मी के सीजन में पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण के संबंध में अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) लॉजिस्टिक्स ने सोमवार को नीति जारी कर दी है। इसमें स्पष्ट कहा गया है कि अनुकंपा के आधार पर स्थानांतरण चाहने वाले पुलिसकर्मियों के प्रार्थना पत्रों की जांच जिले स्तर पर ही होगी। निर्देश हुए हैं कि ग्रीष्म कालीन स्थानांतरण व्यवस्था-2024 के तहत जोनल अपर पुलिस महानिदेशक के माध्यम से स्थानांतरण से संबंधित पुलिसकर्मियों का विवरण लॉजिस्टिक्स इकाई में 31 मार्च तक मांगा गया है।

एडीजी लॉजिस्टिक्स राजकुमार की तरफ से जारी निर्देशों में कहा गया है कि अनुकंपा के आधार पर स्थानांतरण चाहने वाले पुलिसकर्मियों के प्रार्थना पत्रों में अंकित समस्याओं का परीक्षण जिले स्तर पर किया जाएगा। प्रार्थना पत्र में दर्ज तथ्य सत्य पाए जाने और स्थानांतरण आवश्यक होने पर आवेदन पत्र एवं सेवा विवरण संस्तुति समेत निर्धारित प्रारूप में अग्रसारित करना होगा। फिर इन आवेदनों का परीक्षण परिक्षेत्र एवं जोन स्तर पर किया जाएगा। मुख्यालय स्तर से अपेक्षित कार्रवाई संबंधी प्रकरण ही लॉजिस्टिक्स इकाई को भेजे जाएंगे। यही नहीं, निर्देशों में साफ है कि अनुकंपा के आधार पर स्थानांतरण पुलिस कर्मी का अधिकार नहीं होगा और न ही विभाग के लिए बाध्यकारी रहेगा। क्योंकि, ऐसा करते समय भी शासकीय एवं विभागीय हित को वरीयता दिया जाना जरूर रहेगा। निर्देश हुए हैं कि जिले के पुलिस अधीक्षक अनुकंपा के आधार पर आवेदन पत्र अग्रसारित करते समय प्रतिस्थानी की जरूरत के संबंध में स्पष्ट टिप्पणी दर्ज करेंगे। यदि पूर्व में प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरण हुआ हो तो उसके कारण व दस्तावेज के आधार का भी उल्लेख करना जरूरी किया गया है।

घुमा-फिराकर एक ही स्थान पर नहीं रहेगी तैनाती : एडीजी लॉजिस्टिक्स ने जारी निर्देशों में सक्षम पुलिस अधिकारियों से स्पष्ट कह दिया है कि प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से घुमा-फिराकर एक ही स्थान पर कर्मी के स्वहित में काफी लंबी अवधि तक की तैनाती नहीं की जाएगी।

स्थानांतरण नीति

- अनुकंपा के आधार पर स्थानांतरण चाहने वाले पुलिसकर्मी जिले पर करेंगे आवेदन

विकास कार्यों की मिलेगी स्वीकृति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुरादाबाद विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक मंगलवार को प्राधिकरण के समागम सभागार में होगी। इसकी अध्यक्षता मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह करेंगे। इसमें आवासीय के साथ व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स के निर्माण को भी मंजूरी मिल सकती है।

इस साल की पहली प्राधिकरण बोर्ड की बैठक में सदस्य विभिन्न आवासीय कॉलोनियों में सुविधाओं का मुद्दा उठा सकते हैं। वहीं पुरानी कॉलोनियों के नये नाम देने के बाद भी आवंटन के लिए खरीदार न मिलने का मुद्दा भी छाया रहेगा। प्राधिकरण की सोनकपुर परियोजना के शिलान्यास का मामला भी है। बैठक की अध्यक्षता मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह करेंगे। इसमें प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार, सचिव अंजूलता के अलावा जिला प्रशासन, नगर निगम व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

प्राधिकरण बोर्ड के सदस्य विकास जैन का कहना है कि बैठक में 500 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत होगा। जिससे कई विकास कार्य होंगे। वहीं प्राधिकरण की 13 कॉलोनियों को नगर निगम को हस्तगत करने का जिक्र बोर्ड बैठक के एजेंडे में है।

वहीं आवासीय और व्यवसायिक गतिविधियों के लिए प्राधिकरण कदम बढ़ाएगा। नया मुरादाबाद में सेक्टर-दो में बिक्री न हो पाने वाले भूखंड पर होटल और अन्य व्यवसायिक कार्य को मंजूरी मिल सकती है। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद में औद्योगिक गतिविधियां अधिक होती हैं। इसलिए मास्टर प्लान और जोनल प्लान जल्द लागू किया जाएगा। इससे लोगों के आवासीय व व्यावसायिक निर्माण के नक्शे आसानी से स्वीकृत हो सकेंगे। इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

बोर्ड बैठक आज

- एमडीए बोर्ड बैठक की अध्यक्षता करेंगे मंडलायुक्त
- व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स के निर्माण को भी मिलेगी मंजूरी

13 कॉलोनियां होंगी हस्तांतरित

मुरादाबाद, अमृत विचार : बोर्ड के सदस्य राजू कालरा का कहना है कि इस बार बोर्ड बैठक में मुख्य रूप से बजट प्रस्तुत कर उस पर चर्चा होनी है। इसके अलावा एजेंडे में प्राधिकरण की 13 कॉलोनियों ट्रांसपोर्ट नगर, सीतापुर दस सराय, मऊ, देहरी मुस्तहकम, मझोला, ढक्का की कई कॉलोनी सहित 13 कॉलोनियां नगर निगम को हस्तांतरित होंगी। व्यावसायिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने पर प्राधिकरण का जोर है।

अटल आवासीय विद्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

मुरादाबाद, अमृत विचार: जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने ग्राम पंचायत पीपली तहसील बिलारी में निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में निर्धारित टाइम लाइन के अनुसार कार्य गुणवत्ता के साथ कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण में विद्यालय भवन के अलावा अन्य कार्यों की गति सुस्त होने पर नाराजगी जताई। कार्यदायी संस्था सीके कंस्ट्रक्शन के प्रोजेक्ट मैनेजर को मजदूरों की संख्या बढ़ाकर तेजी और गुणवत्ता के साथ काम समयसीमा में पूरा कराने का निर्देश दिया। कहा कि लापरवाही पर कार्रवाई भी होगी। उन्होंने उप जिलाधिकारी को भी कार्य की प्रगति का निरीक्षण कर सुधार कराने का निर्देश दिया।

बुध बाजार में चली जेसीबी, तोड़ा अवैध निर्माण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बुध बाजार में स्मार्ट रोड नेटवर्क व पुराने बाजार के सौंदर्यीकरण कार्य में बाधक बने अवैध निर्माण और अतिक्रमण को नगर निगम और स्मार्ट सिटी मिशन की टीमें ध्वस्त करा रही हैं। इसी क्रम में प्रेम चुनरिया होटल व बैंक्वेट हाल को भी ध्वस्त किया जा रहा है। ऊपरी हिस्से के लटका भवन का कुछ हिस्सा एक दिन भरभराकर कर गिर गया था। इसके बाद निगम की टीम ने बैरिकेडिंग कराकर लोगों को सुरक्षित कराया था।

सोमवार को निगम की जेसीबी ने भवन के ऊपरी हिस्से के निर्माण को ध्वस्त कराकर गिराया। इस दौरान वहां से आने जाने वालों को टीम के सदस्यों ने हटाया। राहगीरों को पास से गुजरने के लिए मना किया गया। इस मार्ग पर इम्पीरियल तिराहे तक जो भी अतिक्रमण के दायरे में निर्माण था टीम ने उसे हटवाने के लिए कई बार अभियान भी चलाया। अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह का कहना है कि शासन के निर्देश के क्रम में अतिक्रमण हटाया जा रहा है। प्रेम चुनरिया होटल व बैंक्वेट हाल और आसपास के अन्य भवनों के अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया गया है। जो भी सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

बुध बाजार में अतिक्रमण को ध्वस्त करती क्रेन। ● अमृत विचार

- प्रेम चुनरिया होटल भवन के लटके हिस्से को तोड़ कर ध्वस्त किया

बोर्ड परीक्षा | जनपद में कक्षा 10वीं और 12वीं की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 2 से 9 फरवरी तक होगी

प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तैयारी में जुटे छात्र-छात्राएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं। इससे पहले स्कूलों में 2 फरवरी से प्रयोगात्मक परीक्षाएं होनी है। जिसकी तैयारी में स्कूल और छात्र दोनों जुट गए हैं। स्कूलों में रोज छात्र-छात्राओं को प्रयोगशाला में अभ्यास कराया जा रहा है। बता दे कि प्रयोगात्मक परीक्षा में मिलने वाले अंक छात्रों को परीक्षाओं में अच्छे अंक दिलाते हैं।

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से प्रस्तावित हैं, जो नौ मार्च तक चलेंगी। जिले में 110 केंद्रों पर बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। बोर्ड परीक्षाओं में 10वीं के 42,772 छात्र-छात्राएं और 12वीं के 38825 विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। इससे पहले स्कूलों में 2 फरवरी से 9 फरवरी तक प्रयोगात्मक परीक्षाएं आयोजित होनी हैं। राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्यामा कुमार ने बताया कि कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थी पर इस समय खास ध्यान दिया जा रहा है। यह समय विद्यार्थियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। बताया कि कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए रोज प्रयोगशाला में अभ्यास कराया जा रहा है। यहां थोड़ी परेशानी के चलते कक्षा 10 की प्रयोगशाला में ही कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को भी प्रयोग कराए जा रहे हैं। क्योंकि भवन पुराना होने के कारण 12वीं कक्षा की प्रयोगशाला को 10वीं में स्थानांतरित कर दिया गया है।

कांसेप्ट पर करें ध्यान केंद्रित : प्रयोगात्मक परीक्षा की तैयारी करने के दौरान आप एक या दो प्रयोग को याद कर सकते हैं, लेकिन सारे प्रयोगों को याद करना आपके लिए मुश्किल होगा। आकांक्षा विद्यापीठ के प्रवक्ता दीपक रस्तोगी ने बताया कि ऐसे में बेहतर होगा कि प्रयोगों को रटने की बजाय आप उनके कांसेप्ट पर ध्यान केंद्रित करें।

जीआईसी में प्रयोगशाला में प्रयोग करतीं कक्षा 10 की छात्राएं। ● अमृत विचार

चरण-दर-चरण जानें प्रयोग की प्रक्रिया

किसी भी प्रयोग को अंजाम देने के लिए सही प्रक्रिया को चरण-दर-चरण अपनाना बेहद जरूरी है। ऐसे में प्रयोगों की सभी प्रक्रियाओं को अच्छी तरह से पढ़ें। प्रयोगों को तैयार करते समय कक्षा में किये गये हर चरण को याद करने का प्रयास करें। यदि आपको प्रयोगशाला में किया गया प्रयोग याद नहीं आता है, तो आप इसके लिए ऑनलाइन वीडियो की मदद ले सकते हैं।

ऑपरेशन हंट में पुलिस ने 88 अभियुक्त दबोचे

मुरादाबाद, अमृत विचार : परिक्षेत्र के जिलों में पुलिस ने सोमवार को भी ऑपरेशन हंट चलाया और 88 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

सोमवार को हुई कार्रवाई में पुलिस ने गैर जमानती वारंट के 16, वांछित 15 और अन्य मामलों के 57 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कुल 88 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस उप महानिरीक्षक मुनिराज जी ने बताया कि अपराधियों को खुले में नहीं घूमने देंगे। सोमवार को बिजनौर पुलिस ने गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के दो वारंटी, इतने ही वांछित और अन्य मामलों के 13, इस तरह कुल 17 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसी तरह रामपुर पुलिस ने एनबीडब्ल्यू के पांच, वांछित तीन और अन्य मामलों के आठ, कुल 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

गाड़ी खड़ी करने के विवाद में गोली मारने की धमकी दी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के रामगंगा विहार फेज-एक (डी-आठ) के एक घर में पारिवारिक कार्यक्रम में गाड़ी खड़ी करने के विवाद में एक पक्ष ने सोमवार को आरोपी के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें पुलिस ने मारपीट, धमकी और आइटी एक्ट के आरोप में भी आरोपी नवीन प्रभाकर पुत्र प्रवीण कुमार शर्मा के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। साथ ही दो अज्ञात व्यक्तियों को भी आरोपी बनाया है।

पीड़ित पक्ष के रामगंगा विहार फेज-एक निवासी शिवेंद्र जैन ने सिविल लाइंस थाना पुलिस को बताया है कि वह अपनी वह 25 जनवरी को अपनी ससुराल के एक कार्यक्रम में आए थे। वहीं, रात के नौ बजे के दौरान आरोपी नवीन प्रभाकर व उनके साथ दो अन्य लोग गाड़ी खड़ी करने को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगे और जान से मार देने की धमकी दी। इसके बाद भी आरोपी नवीन उनके घर में और गाड़ी में आग लगा देने की धमकी देता रहा। आरोपी ने शिवेंद्र से कहा कि वह अगले दो दिन के अंदर उन्हें गोली मार देगा। इसके बाद 26 जनवरी के दिन भी शिवेंद्र के मोबाइल पर धमकी भरे संदेश भेजे हैं। इस मामले में सिविल लाइन थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि मामला अब उनके संज्ञान में आया है। आरोपी के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

देश की सेवा करने का माध्यम है गाइडिंग

मुरादाबाद, अमृत विचार : गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में सोमवार को बीएड विभाग में गाइडिंग प्रशिक्षण शिविर का आरंभ ध्वजारोहण के साथ किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. चारू मेहरोत्रा ने कहा कि गाइडिंग देश सेवा का माध्यम है। गाइडिंग के प्रशिक्षण शिविर में छात्राएं जो भी सीखती हैं वह उनके व्यावहारिक जीवन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होता है। छात्राओं को पूरे मनोयोग से शिविर में प्रतिभाग करना चाहिए। उप प्राचार्या प्रो अंजना दास ने कहा कि गाइड के प्रशिक्षण से व्यक्तित्व का विकास होता है। बीएड विभाग प्रभारी प्रोफेसर अंशु सरीन ने शिविर के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में जिला संगठन आयुक्त गौरव सक्सेना, चीफ प्रॉक्टर प्रो. कविता भटनागर, डॉ. सुनीति लता, शिवि व्यास आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

फाइनल मैच में रॉयल्स को 111 रनों से हराया, अब्दुल ने लिए 4 विकेट

पारकर चैलेंजर्स टीम बनी क्रिकेट चैम्पियन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: पारकर क्रिकेट एकेडमी में सोमवार को पारकर क्रिकेट कप का फाइनल मैच खेला गया। इसमें पारकर चैलेंजर्स ने पारकर रॉयल्स को 111 रनों से हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। टीम के लिए अब्दुल हनान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए।

चैलेंजर्स के कप्तान अभय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने कप्तान अभय के 41 रन और आलोक यादव के 41 रनों की बदौलत 40 ओवर में 215 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। वहीं रॉयल्स के लिए कप्तान सुमित ने 3 और गोल्डी शर्मा ने 2 विकेट लिए। जवाब में बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल्स टीम दबाव में बिखर गई और 24.4 ओवर में 104 रनों पर आलआउट हो गई। टीम के लिए सलामी बल्लेबाज विष्णु ने सर्वाधिक 31 रनों का योगदान दिया। वहीं चैलेंजर्स के लिए हनान ने सर्वाधिक 4, अतुल ने दो विकेट लिए। हनान को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन आफ द मैच के अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं बेस्ट बल्लेबाज गोल्डी शर्मा और बेस्ट गेंदबाज अतुल दिवाकर चुने गए। जबकि मैन ऑफ द सीरीज विवेक को चुना गया। इस अवसर पर पारकर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एसके नाथन, हिमांशु शर्मा, रीना सिंह, हरदेव सिंह, अभय, मौरिस, पीयूष कुमार आदि मौजूद रहे।

ट्रॉफी के साथ क्रिकेट चैंपियन पारकर चैलेंजर्स टीम, साथ में कोच हिमांशु शर्मा व अन्य।

▸▸ मैन आफ दी सीरीज विवेक
मैन आफ द मैच बने हनान

आकाश इंस्टीट्यूट में केक काटकर स्थापना दिवस मनाते निदेशक व अन्य। ● अमृत विचार

केक काटकर मनाया 8वां स्थापना दिवस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: आकाश इंस्टीट्यूट का 8वां स्थापना दिवस मनाया गया। निदेशक विवेक शर्मा ने छात्रों के साथ केक काट कर खुशियां मनाईं। छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। डायरेक्टर ने कहा कि इन 8 वर्षों में कठोर परिश्रम के परिणामस्वरुप उपलब्धि गौरवान्वित करने वाली है। यहां के छात्रों की उपलब्धि शानदार है। इसका श्रेय समस्त टीम की कड़ी मेहनत, समर्पण और लगातार प्रयासों को जाता है।

युवक ने ब्लेड से लिखा युवती के शरीर पर अपना नाम, बनाई अश्लील वीडियो

बचपन में युवती को उसके माता-पिता ने बुआ को दे दिया था गोद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिम संचालक ने युवती के साथ दुष्कर्म किया और मोबाइल से वीडियो भी बना ली। आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल किया। आरोप है कि जिम संचालक ने ब्लेड से युवती के शरीर पर अपना नाम भी लिख दिया है।

यह पूरा मामला सिविल लाइंस थाना क्षेत्र का है। पीड़िता ने इस मामले में एसएसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित युवती ने प्रार्थना पत्र में एसएसपी को बताया है कि बचपन में उसे माता-पिता ने उसकी बुआ को सौंप दिया था। उसकी मां की मृत्यु भी हो चुकी है। युवती ने बताया कि उसकी बुआ की बेटी की शादी सिविल लाइंस क्षेत्र के एक परिवार में हुई है। एक दिन वह अपनी फुफेरी बहन की ससुराल गई थी। वहां, बहन के जेठ ने युवती से कहा कि वह जिम चलाता है। उसने युवती को भी सलाह दी थी कि उसे भी व्यायाम करना चाहिए, अन्यथा उसका वजन और बढ़ जाएगा। फिर फुफेरी बहन का जेठ उसे आठ फरवरी 2020 को युवती को अपने साथ जिम ले गया था। वहां आरोपी ने कमरे में उसके साथ दुष्कर्म किया था। उसी दौरान आरोपी ने मोबाइल से उसकी वीडियो भी बना ली थी। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता से कहा कि वह किसी को दुष्कर्म के संबंध में बताएगी नहीं। चूंकि, युवती उस समय नाबालिग थी।

आरोपी ने युवती को भरोसा दिया था कि जब वह बालिग हो जाएगी तो उससे शादी कर लेगा। इसके बाद से आरोपी पीड़िता को लगातार ब्लैकमेल कर रहा है। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देता है। जिस कारण वह चुपचाप शारीरिक उत्पीड़न झेलती रही है। पीड़िता ने बताया कि एक जनवरी 2024 को आरोपी ने दबाव बनाकर उसे सिविल लाइंस क्षेत्र में ही अपने दोस्त के घर बुला लिया। आरोपी ने यहां पर भी उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता के शरीर पर ब्लेड से अपना नाम भी लिख दिया। आरोपी ने उससे कहा कि अब वह बालिग हो गई है। कुछ दिन बाद ही शादी कर लेगा। युवती ने पुलिस को बताया है कि कुछ दिन बाद उसने शादी के लिए कहा तो आरोपी ने साफ इनकार कर दिया है। अब इस मामले में एसएसपी हेमराज मीना ने सिविल लाइंस थानाध्यक्ष को प्रकरण में एफआईआर दर्ज कर तत्काल आरोपी के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

अब बुआ-पापा ने घर से निकाला

पीड़िता ने बताया कि अपनी बुआ और पापा से इस मामले की जब उसने शिकायत की तो उन लोगों ने भी उसे घर से निकाल दिया है। इसके बाद से पीड़िता दर-दर भटक रही है। उसके रहने खाने की कोई व्यवस्था तक नहीं है।

रामकथा की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

मुरादाबाद, अमृत विचार: लोहिया मानव कल्याण ट्रस्ट, श्री राम बालाजी धाम बाबा नीब करौरी आश्रम ट्रस्ट, लाला ओम प्रकाश अग्रवाल मेमोरियल ट्रस्ट एवं राम कथामृत महोत्सव समिति के तत्वावधान एक फरवरी से होने वाली रामकथा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

दिल्ली रोड स्थित एक बैंक्वेट हाल में हुई बैठक में कमेटी के अध्यक्ष विनीत गुप्ता ने बताया कि रामकथा की अमृत वर्षा कथावाचक रमेश भाई ओझा करेंगे। कथा का आरंभ 31 जनवरी को ऋणमुक्तेश्वर महादेव में खुशहालपुर से कलश यात्रा निकालकर की जाएगी। एक फरवरी से नौ फरवरी तक बुद्धि विहार ब्रेड फैक्ट्री के पास दोपहर 3.30 से सायं 7 बजे तक कथा होगी। इसके लिए सदस्यों को व्यवस्थाओं का दायित्व सौंप दिया गया। बैठक में विभोर कुमार गुप्ता, विपिन गुप्ता गुप्ता, अंकुश अग्रवाल, अनिल कुमार शर्मा, महेश चंद्र अग्रवाल, ज्ञानेंद्र शर्मा, जयदेव यादव, कृष्ण शास्त्री, राजीव अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, शशि अरोड़ा, पंकज माथुर, राम रतन शर्मा, पंकज सक्सेना, विनीत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

विहिम जिलाध्यक्ष के हमलावरों को नहीं खोज पाई पुलिस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

फॉलोअप

▸▸ पुलिस ने मामले में 25 दिसंबर को दर्ज की थी एफआईआर

अमृत विचार : विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप शर्मा पर 24 दिसंबर 2023 की रात में हुए जानलेवा हमले में पुलिस अभी तक आरोपियों की पहचान नहीं कर पाई है, जबकि घटना के 37 दिन बीत चुके हैं। घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई थी।

प्रदीप ने बताया कि घटना के दिन से वह लगभग हर रोज थाने जाकर मामले में अपडेट ले रहे हैं लेकिन, दुर्भाग्य है कि अभी तक इस मामले में पुलिस की प्रगति शून्य है।

पीड़ित ने बताया कि वह इस मामले में सीओ सिविल लाइंस और एसएसपी हेमराज मीना से भी मिले थे, लेकिन फिर भी अभी तक पुलिस दोनों हमलावरों में से किसी एक की भी पहचान नहीं कर पाई है। उन्होंने बताया कि अब वह संगठन में मंडल प्रभारी हो गए हैं। घटना के दूसरे दिन 25 दिसंबर को मझोला थाने में अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध जानलेवा हमला करने के आरोप में मामला दर्ज कराया था। प्रदीप बुद्धि विहार में 9बी/770 के निवासी हैं। उनके घर के पास हमलावरों ने घात लगाकर हमला बोला था। वह घर के पास आकर जैसे ही कार से उतरे थे कि हमलावरों ने उन पर तमंचे से फायर कर दिया था।

पति काम करने बिहार गया पत्नी प्रेमी के साथ फरार

मिलक, अमृत विचार: पति रोजगार करने बिहार गया तो उसकी पत्नी प्रेमी के साथ फरार हो गई। सोमवार को वह कोतवाली में पहुंचकर प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ गई।

क्षेत्र निवासी एक नाबालिग का नगर निवासी एक युवक से प्रेम प्रसंग हो गया था। प्रेम प्रसंग का मामला प्रकाश में आने के बाद परिजनों ने बालिग होने के बाद युवती का निकाह बरेली के बहेड़ी निवासी एक युवक के साथ कर दिया। युवती अपने पति के साथ रह रही थी। साथ ही अपने प्रेमी से भी बात करती रही। एक माह पूर्व उसका पति निजी रोजगार करने के लिए बिहार चला गया। इस बीच महिला की नजदीकियां प्रेमी के साथ बढ़ गईं। पति के घर लौटने के बाद युवती ने मायके जाने की जिद की तो पति ने अपनी पत्नी को उसके मायके छोड़ दिया। माता-पिता को धोखा देकर युवती पति को छोड़ प्रेमी के साथ फरार हो गई। पति सहित माता-पिता उसे खोजने में जुट गए। सोमवार को युवती कोतवाली पहुंची और प्रेमी के साथ रहने पर अड़ गई।

बिजली-पानी को लेकर लोग परेशान

संवाददाता, अगवानपुर

अमृत विचार: बाइपास रोड पर बनी जीवन गीत अमृत वन कालोनी में रह रहे लोगों को लगातार तीन दिन से बिजली-पानी का संकट झेलना पड़ रहा है। कालोनीवासियों ने मेंटिनेंस के नाम पर रुपये वसूलने का कंपनी पर आरोप लगाया है।

अगवानपुर नगर पंचायत के कांवड़ पथ बाइपास रोड पर स्थित नोएडा की कंपनी एटीएस मेंटिनेंस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जीवन गीत अमृत वन रेजिडेंट के नाम से सात वर्ष पूर्व में कालोनी बनाई गई है जिसमें 139 आवास बनाए गए हैं। कालोनी वासियों का आरोप है कि यहां रहने वाले लोगों से हर माह सुविधा शुल्क के नाम रुपये वसूले जाते हैं। इसके अलावा कालोनी के गेट पर गार्डों की तनख्वाह भी कंपनी द्वारा कालोनीवासियों से वसूली जाती है। इसके बावजूद सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। चार दिन से बिजली-पानी न मिलने से कालोनी वासियों में हाहाकार मचा हुआ है। लोगों को पीने का पानी तक नहीं मिल पा रहा है।

वहीं दूसरी ओर कालोनी के वैलफेयर एसोसिएशन संस्था के अध्यक्ष भुवनेश चन्द शर्मा ने कंपनी पर आरोप लगाते हुए बताया कि बिजली पानी की समस्या के कारण कालोनी वासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कालोनी वासियों को आरडब्लूए एग्रीमेंट सौंपने को कहा गया था, लेकिन कंपनी ने उसके दस्तावेज नहीं दिए हैं। जबकि कंपनी कालोनीवासियों से प्रति आवास से हर महीने 1600 रुपये बिजली-पानी के नाम पर वसूल करती है। मगर लोगों को बिजली पानी की सुविधा नहीं दे पा रही है। इसी को लेकर सोमवार को जीवन गीत कालोनी के अध्यक्ष भुवनेश चन्द शर्मा व महिलाओं सहित जिला कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी से कंपनी पर कार्रवाई करने व समस्याओं का समाधान करने की मांग की।

पानी के लिए बॉल्टी लेकर खड़ीं कॉलोनी की महिलाएं। ● अमृत विचार

कवि सम्मेलन व मुशायरे में रचनाओं पर लूटी वाहवाही

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: उत्तर प्रदेशीय मिनिस्ट्रियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ की ओर से सोमवार की शाम कलेक्ट्रेट परिसर के मुशायरा ग्राउंड में विराट कवि सम्मेलन व मुशायरा का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त और जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह आदि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसमें बाहर से आए कवियों के रचनाओं पर लोगों ने आनंद लिया।

कड़ाके की ठंड के बीच आयोजन में कवियों व शायरों की प्रस्तुतियों पर श्रोता देर रात तक पंडाल में जमे रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे आयोजन से सामाजिक सौहार्द बढ़ता है। विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि मुरादाबाद में गंगा जमुनी तहजीब के लोग रहते हैं।

कवि सम्मेलन व मुशायरे के आयोजन से समाज को एक सूत्र में पिरोने का संदेश मिलता है। कार्यक्रम में कवि और शायरों की प्रस्तुति पर देर रात तक लोग वाहवाही कर उनका हौसला बढ़ाते रहे। जिससे उत्साहित कवियों ओर शायरों ने अपनी रचनाओं से माहौल को और ऊंचाई दी।

दिनेश रघुवंशी, महशर आफरीदी, शबीना अदीब, डॉ. कृष्ण कुमार नाज, कशिश वारसी, मयंक शर्मा आदि ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। इस दौरान कलेक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी गोपीकृष्ण सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मुशायरा ग्राउंड में आयोजित कवि सम्मेलन में अपनी रचना प्रस्तुत करतीं शबीना अदीब। ● अमृत विचार

▸▸ मुशायरा ग्राउंड में किया गया विराट कवि सम्मेलन व मुशायरा का आयोजन

एक नजर

कार्यक्रम में मौजूद ग्राम सचिव एवं ग्राम प्रधान। ● अमृत विचार

खंड विकास अधिकारी का स्थानांतरण, दी विदाई

कुंदरकी, अमृत विचार : विकास खंड कुंदरकी में तैनात खंड विकास अधिकारी भवानी प्रसाद शुक्ल का जिला बस्ती के लिए तबादला हो गया। सोमवार को क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों और ग्राम सचिवों द्वारा खंड विकास अधिकारी को विदाई दी गई। वहीं, खंड विकास अधिकारी अंडर ट्रेनिंग चैतन्य पाठक ने ब्लॉक कुंदरकी खंड विकास अधिकारी का कार्यभार संभाला। इस दौरान ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह, दिलशाद हुसैन, ब्रजपाल सिंह, इरशाद हुसैन सचिव, नित्यानंद, राशिद हुसैन, कुलवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

थाना के प्रभारी निरीक्षक को किया सम्मानित

कांठ, अमृत विचार : कांठ जर्नलिस्ट एसोसिएशन की ओर से थाना के प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह को गणतंत्र दिवस पर अति उत्कृष्ट सेवा पदक मिलने पर प्रशस्ति पत्र और बुके देकर सम्मानित किया। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस को सामाजिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ समस्याओं को हल भी करना है। समन्वय एवं सामंजस्य से ही समस्याओं का निस्तारण आसानी से किया जा सकता है। साथ ही नवागत उपजिलाधिकारी सचिन राजपूत का संगठन की ओर से प्रशस्ति पत्र और बुके देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर संजय यादव, आचार्य भावेश शर्मा, देवेंद्र बिश्नोई आदि मौजूद रहे।

मंदिर से दान पेटिका चोरी, तहरीर दी

छजलैट, अमृत विचार : फूलपुर मिठनपुर स्थित शिव मंदिर से चोर दान पेटिका चुराकर फरार हो गए। ग्रामीणों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। फूलपुर मिठनपुर ग्राम में शिव मंदिर से चोर दान पेटिका चुराकर फरार हो गए। सोमवार की सुबह महिलाएं जब पूजा करने शिव मंदिर पहुंची तो उन्होंने मंदिर से दान पेटिका गायब पाई। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा छजलैट पुलिस को सूचना दे दी गई है।

मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में युवक घायल

छजलैट, अमृत विचार : मुरादाबाद से बाइक से लौट रहे एक युवक को सामने से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कांठ क्षेत्र की नगर पंचायत ऊमरी कलां जुम्मा बाजार निवासी इकरार पुत्र रफीक किसी कार्य से बाइक द्वारा मुरादाबाद गया था। वापस लौटते समय ग्राम पचोकरा मंदिर के सामने कांठ-मुरादाबाद हाईवे पर एक अज्ञात बाइक सवार ने उसकी बाइक में सामने से टक्कर मार दी। जिसमें इकरार घायल हो गया। राहगीरों ने उसे उपचार के लिए एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया।

तमंचे के साथ गिरफ्तार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : पुलिस ने फरीद नगर रोड लिंक मार्ग पर रविवार को शाहजेब उर्फ लुक्का पुत्र कदीर निवासी ग्राम फरीद नगर को संदिग्ध हालत में घूमते टोका तो वह सकपका गया। पुलिस ने तलाशी ली तो उसके पास एक तमंचा 315 बोर और दो जिंदा कारतूस मिले। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर उसका चालान कर दिया है।

जबरन भूमि अधिग्रहण करने पर भड़के किसान

आक्रोशित किसानों ने कार्य रुकवाकर वर्तमान सर्किल रेट से मुआवजा मांगा, अधिकारियों से हुई नोकझोंक

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : नेशनल हाईवे चौड़ीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर किसानों ने पुराने सर्किल रेट से मुआवजा देने और गेहूं की फसल कटने से पहले जमीन पर कब्जा लेने का विरोध किया है। किसानों ने जबरन जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई करने पर आत्महत्या की चेतावनी दी है।

तहसील के ग्राम जलालपुर व त्रिलाकपुर मझरा के ग्रामीणों ने सोमवार को हाईवे के लिए भूमि अधिग्रहण का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। महिला-पुरुषों ने खेतों पर पहुंचकर नारेबाजी की। इस पर अधिकारियों ने समझाने का प्रयास किया। लेकिन किसान नहीं माने।

किसानों ने उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन देकर कहा कि खेतों में गेहूं की फसल खड़ी है, जो पकने के लिए तैयार है। इस खड़ी फसल को जोतने की कार्रवाई की जा रही है। जबकि उनके खातों में मुआवजे का पैसा नहीं दिया गया है। दूसरी तरफ मुआवजा भी किसानों को 2019 के सर्किल रेट पर दिया जा रहा है। उन्होंने 2024 के सर्किल रेट पर मुआवजा देने के साथ खेतों में खड़ी फसल को नहीं उजाड़ने की मांग की है। एनएचएआई का अधिग्रहण कार्य रुकने पर नायब तहसीलदार मुकेश कुमार, कानूनगो अमर सिह और लेखपाल मुनव्वर अली की टीम मौके पर पहुंची। जहां पर किसानों और अधिकारियों में भूमि अधिग्रहण को लेकर नोकझोंक हुई। अधिकारियों का कहना है कि भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई जब प्रारंभ हुई तभी के रेट से मुआवजा मिलेगा। इस बीच सरकार मुआवजे की धनराशि पर ब्याज अदा करेगी, जबकि किसानों का कहना है कि उनको ब्याज नहीं, बल्कि वर्तमान सर्किल रेट पर मुआवजा चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि एनएचएआई ने भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई को नहीं रोका तो किसान आत्महत्या के लिए मजबूर हो जाएंगे। इस दौरान ओमपाल सिंह, किशन लाल, ऋषिपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, दीनदयाल, विजयपाल, मनोज सिंह, होराम, देवेंद्र कुमार, कल्लू सिंह आदि मौजूद थे।

ग्राम जलालपुर में जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

किसानों से वार्ता करते अधिकारी। ● अमृत विचार

गोवंश के कटान पर आक्रोश, प्रदर्शन

संवाददाता, छजलैट

अमृत विचार : रविवार रात्रि थाना छजलैट के ग्राम चोहरा चेतरामपुर में गो तस्करों ने एक गाय की हत्या कर दी। विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के मौके पर पहुंचने पर तस्कर फरार हो गए। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने तस्करों की गिरफ्तारी को प्रदर्शन किया।

रविवार रात्रि थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम चौहरा चेतरामपुर में गो तस्करों द्वारा एक गाय की हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंच गए। जिन्हें आते देख गो तस्कर मौके से फरार हो गए। गाय के शव के पास से धारदार हथियार व अन्य सामग्री प्राप्त हुई। विहिप बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मौके पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस गाय के शव को थाने ले आई। वहीं विहिप बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने थाने में एकत्रित होकर गो तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी व प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला प्रमुख मोनू बिश्नोई, जिला सुरक्षा प्रमुख सुमित शर्मा, जिला शहर प्रमुख प्रदीप सैनी, रमन चौधरी, बंटी गिरि, विनोद, राहुल, मनोज प्रजापति आदि मौजूद रहे। बता दें 15 दिन पूर्व भी थाना छजलैट में इसी प्रकार का गो हत्या का मामला प्रकाश में आया था जिस पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने थाने के बाहर प्रदर्शन किया था।

थाने के बाहर प्रदर्शन करते विहिप बजरंगदल कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

मांग

▸▸ हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए किया प्रदर्शन

बच्चों को कृमि नाशक दवा खिलाने के दिए निर्देश

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : एसडीएम कांठ ने राष्ट्रीय कृमि दिवस पर उप स्वास्थ्य केंद्रों, शिक्षण संस्थाओं एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को कीड़ों की दवा खिलाने के निर्देश दिए हैं।

तहसील सभागार में स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक एसडीएम कांठ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि आगामी 1 फरवरी को उप स्वास्थ्य केंद्रों, सरकारी मान्यता प्राप्त और सभी निजी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों पर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों-किशोर व किशोरियों को कीड़ों की दवा खिलाई जाएगी। एसडीएम सचिन राजपूत ने कहा कि इस कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि 164000 बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि जो बच्चे 1 फरवरी को कीड़ों की दवा खाने से छूट जाते हैं। दूसरे चरण में आगामी 5 फरवरी को उन्हें कीड़ों की दवा खिलाई जाएगी। इस मौके पर चिकित्साधीक्षक राजीव कुमार सिंह, बीपीएम चंद्रशेखर यादव, एचईओ उमेश कुमार, सीडीपीओ निगार अहमद आदि मौजूद रहे।

बैठक में निर्देश देते एसडीएम।

▸▸ एसडीएम ने कार्य में लापरवाही पर दी कार्रवाई की चेतावनी

पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार

कांठ, अमृत विचार : थाना पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों सहित अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना कांठ के ग्राम मुख्तयारपुर नवादा निवासी हिमांशु पुत्र ओमपाल सिंह एवं मौहल्ला पट्टी वाला निवासी दीपक पुत्र सुशील कुमार हत्या के प्रयास के मुकदमे में वांछित चल रहे थे। न्यायालय ने उनके गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिए थे। थाना पुलिस ने न्यायालय के निर्देश पर छापा मारकर दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है। साथ ही थाना कांठ पुलिस ने ग्राम डहरा निवासी वीर सिंह पुत्र खेम सिंह को अवैध कच्ची 10 लीटर शराब और शराब बनाने के उपकरण सहित गिरफ्तार कर उसके खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया गया है।

डायट में हुई आईसीटी प्रतियोगिता

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) कांठ में सोमवार को संभल व मुरादाबाद के परिषदीय शिक्षकों हेतु सूचना संचार प्रौद्योगिकी(आईसीटी) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पांच प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में कुल 13 बिंदुओं पर जैसे विद्यालय में आईसीटी के प्रयोग व कक्षा कक्ष में बदलाव आदि बिंदुओं पर निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया। निर्णायक मंडल में डीएसएम डिग्री कॉलेज कांठ से गणित विषय के सहायक प्राध्यापक मनपाल सिंह, भौतिक विज्ञान में सहायक प्राध्यापक पूजा सक्सेना व जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कांठ से भौतिक विज्ञान प्रवक्ता आशुतोष त्यागी द्वारा जनपद स्तर पर शिक्षकों का चयन किया गया। समिति द्वारा चयनित शिक्षक राज्य स्तर पर फरवरी में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में संभल से राखी अग्रवाल, मुरादाबाद से योगिता, सचिन शुक्ला, मनहर वाधवानी, अभिषेक विश्नोई द्वारा अपना प्रस्तुतिकरण किया गया। संस्थान के प्रभारी प्राचार्य सुरेंद्र सिंह रावत द्वारा सभी प्रतिभगियों को आईसीटी के बेहतर प्रयोग करने हेतु सुझाव दिए गए। इस अवसर पर डायट कांठ से डॉ. अनिल कुमार यादव, शीतल कुमार, राशिद अली, टीना वर्मा, नेहा इकबाल, शशिबाला का सहयोग रहा। चयनित शिक्षकों के नाम शीघ्र घोषित किए जाएंगे।

प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रतिभागी। ● अमृत विचार

▸▸ प्रतियोगिता में पांच प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

महिला से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : खेत पर कार्य कर रही महिला से छेड़छाड़ करने एवं विरोध करने पर मारपीट के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

कोतवाली क्षेत्र में ठाकुरद्वारा-सुरजन नगर मार्ग स्थित गांव की 42 वर्षीय महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि रविवार की शाम वह खेत पर कार्य कर रही थी। तभी ग्राम मानावाला निवासी आनंदपाल पुत्र स्वर्गीय रामनाथ सिंह ने दुष्कर्म के इरादे से छेड़छाड़ की। विरोध पर मारपीट कर आरोपी ने पीड़िता के कपड़े फाड़ दिए। शोर मचाने पर ग्रामीणों को आता देख आरोपी धमकी देता हुआ फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया। उपनिरीक्षक संदीप कुमार बालियान ने आरोपी युवक आनंदपाल को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

परीक्षा पर चर्चा छात्र-छात्राओं से मोबाइल से दूरी बनाने व परीक्षा की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया

बोर्ड परीक्षा में बेहतर तैयारी का लिया संकल्प

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : नगर के शाहाबाद रोड स्थित बीएचपी इंटर कॉलेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का एलईडी के माध्यम से सजीव प्रसारण कॉलेज में छात्र-छात्राओं को दिखाया गया। छात्रों ने प्रधानमंत्री की परीक्षा से संबंधित दी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक सुना और आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी बेहतर करने का संकल्प लिया।

कॉलेज के प्रबंधक जीशान पाशा एडवोकेट ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा की तैयारी में छात्रों को अभी से जुट जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोबाइल से दूरी बनाने का प्रयास करें, आवश्यकता होने पर ही मोबाइल का इस्तेमाल करें। उन्होंने यह भी सलाह दी कि परीक्षा की तैयारी के दौरान फेसबुक,व्हाट्सएप, यूट्यूब आदि का उपयोग बंद कर दें। केवल अपनी तैयारी पर ध्यान लगाए। इस दौरान प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह, बिट्टू सिंह, इंद्रजीत सिंह, आमिर हुसैन, मुकुल सक्सेना, आदेश मौर्य, जयवीर सिंह, उवैस अली, सानिया, सोफिया, ईरम, अनीता अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, निशा, बंटी, प्रेरणा, अनमोल चौधरी, बंटी, रंजन, इल्मा, लुबना आदि मौजूद रहे।

बीएचपी इंटर कॉलेज में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम देखतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

जन पंचायत पखवाड़ा में सपाइयों ने जागरूक किया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : सपाइयों ने बूथ संख्या 58 पर जन पंचायत पखवाड़ा कार्यक्रम कर लोगों को जागरूक किया। समाजवादी पार्टी का एजेंडा पत्र वितरित कर लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

जन पंचायत में विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष नवीन यादव, जिला उपाध्यक्ष राकेश दानव, आनंद प्रकाश कश्यप, फुरकान सिद्दीकी, सहदेव वाल्मीकि, ऋषिपाल सिंह यादव, वीर सिंह यादव, बलवीर सिंह, जगदीश सिंह, विक्रम सिंह, विक्रम सिंह, राजपाल सिंह, रतिराम, सहदेव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ठाकुरद्वारा में लोगों को जागरूक करते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

सार संक्षेप

ग्राम प्रधान पर विकास निधि के दुरुपयोग का आरोप

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : ग्राम पीलकपुर निवासी विजेंद्र सिंह ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कहा कि ग्राम प्रधान विकास निधि का दुरुपयोग कर रहे हैं। गांव के प्राथमिक विद्यालय में वर्ष 2020-21 में दिव्यांग शौचालय बनाया गया था। उसी दिव्यांग शौचालय को तोड़कर प्राथमिक विद्यालय की चारदीवारी पर नया शौचालय बनवाया जा रहा है। इसकी जांच 26 दिसंबर 2022 को तीन अधिकारियों ने की थी। अब फिर से उसी शौचालय के स्थान पर दूसरा शौचालय बनवाया जा रहा है। इससे ग्राम विकास निधि का दुरुपयोग हो रहा है। इस संबंध में शिकायतकर्ता ने 10 जनवरी को मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को शिकायती पत्र दिया था। अभी तक प्रकरण की जांच कर कार्रवाई नहीं की गई है।

20 लोगों को कुत्तों ने काटकर जख्मी किया

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर 20 लोगों को कुत्तों ने काटकर जख्मी कर दिया। उनका स्वजनों ने सरकारी अस्पताल में उपचार कराया है। ग्राम बढ़ापुर शेरपुर पट्टी निवासी कन्हैया सिंह, फतेहउल्लागंज वार्ड-1 निवासी आशीष कुमार, वार्ड-14 निवासी विजयपाल सिंह, सरकड़ा करीम निवासी कौसर जहां, फौलादपुर निवासी मरजीना, रामनगर खागूवाला निवासी नवाबुद्दीन, कल्याणपुर निवासी राजकुमार, फरीद नगर निवासी शरीफ शाह, फरीद नगर निवासी शीला देवी, अलियाबाद निवासी राजकुमार, पंडितपुर निवासी शिव कुमार, शाहवाजपुर कलां निवासी इदरीस अहमद, नाहरवाला निवासी माही यादव, आलमपुर निवासी इरशाद, मानावाला निवासी अश्वनी, नगर निवासी शानू, रतूपुरा निवासी शादाब, सलारपुर निवासी आशा, राजपुर कलां निवासी कृपाल सिंह, शरीफ नगर निवासी मोहम्मद रिहान को कुत्तों ने काटकर जख्मी दिया। उनको परिवार वालों ने सरकारी अस्पातल में भर्ती कराया। जहां उपचार के बाद चिकित्सकों ने छुट्टी दे दी।

तहसीलदार कमलेश कुमार को बुके भेंट करते व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार से की भेंट

बिलारी, अमृत विचार : तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने नवागंतुक तहसीलदार से मुलाकात कर बुके भेंट की। साथ ही उन्हें क्षेत्रीय समस्याओं की जानकारी दी। सोमवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष संजय जैन के नेतृत्व में तहसीलदार कमलेश कुमार को बुके देकर स्वागत किया गया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान मुख्य रूप से संजय जैन, सुरेंद्र कुमार चुग, विनीता रस्तोगी, याद कुमार डूडेजा, विकास कुमार गुप्ता, शशिकांत, दुष्यंत चौहान, अभिषेक पांडे आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

गली-गली जाएंगे, नशा मुक्त भारत बनाएंगे

कुंदरकी, अमृत विचार : कुंदरकी नगर के एक बैंक्वेट हाल में दावते इस्लामी इंडिया के गरीब नवाज रिलीफ फाऊंडेशन (जीएनआरएफ) की ओर से नशा छुड़ाओ नस्लें बचाओ, देश को तरक्की की ओर ले जाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मौलाना आमिर सोहेल मदनी ने बताया कि आज की नौजवान नस्लें जिस तरीके से नशे की दलदल में फंसती जा रही है यह देश के लिए बेहद नुकसान का सबब बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि नौजवान ही हमारे देश का भविष्य है। जब नौजवान सही होगा तभी देश भी तरक्की करेगा। दावते इस्लामी इन्डिया का मिशन है कि गली-गली जाएंगें और नशा मुक्त भारत बनायेंगे। कार्यक्रम में एडवोकेट फुरकान गज़ाली, डॉ. मोहसिन अत्तारी, हाजी रियाज़ उद्दीन अत्तारी, गुलाम नबी अत्तारी, शारिक रजा अत्तारी, अरकान कादरी, अबरार अत्तारी, मोनिस अत्तारी, भूरे अत्तारी आदि मौजूद रहे।

सम्मानित किए गए पदाधिकारी। ● अमृत विचार

भाजपा के मंडल पदाधिकारियों का किया स्वागत

कांठ, अमृत विचार : भाजपा कांठ मंडल के पदाधिकारियों का गोष्ठी में माला पहनाकर स्वागत किया गया। पट्टी मौढा में भाजपा कार्यालय पर गोष्ठी का आयोजन कर नव मनोनीत पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया।। इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह गुर्जर ने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चल रही है और समाज के हर वर्ग के जरूरतमंद लोगों के लिए अनेक योजना चलाकर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में समाज का हर बार खुशहाल है। इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह गुर्जर, मंडल महामंत्री धर्मेंद्र सिंह चौहान, जीतू वर्मा, मनीष चौहान, सभासद मनोज चौहान, साजिद इदरीसी आदि का स्वागत किया गया।

शिव हनुमान मंदिर में आयोजित हवन में आहुति देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

हवन के साथ श्रीराम कथा का किया समापन

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में तहसील स्थित शिव-हनुमान मंदिर पर चल रही श्रीराम कथा का सोमवार को 51 कुंडीय हवन यज्ञ के साथ समापन हो गया। इसमें श्रद्धालुओं ने पूर्ण आहुति देकर सुख समृद्धि की कामना की। सोमवार को विशाल यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में पहुंचकर वेद मत्रोंच्चारण के साथ पूर्ण आहुति देकर हवन में राष्ट्र धर्म एवं समाज की खुशहाली की प्रार्थना की। मंदिर कमेटी के लोगों ने सफल आयोजन के लिए सभी भक्तजनों का आभार प्रकट किया। स्वामी नरेंद्रानंद महाराज का विशेष आभार प्रकट किया गया। इस कार्यक्रम में अशोक कुमार गहलोत, संजीव कुमार अग्रवाल, उषा गहलोत, डॉ. एमपी सिंह, अनुराग सिंघल, मुदित अग्रवाल, ट्विंकल चौहान, अभिषेक अग्रवाल, प्रदीप विश्नोई, नवीन यादव, डॉ. भूपेंद्र सिंह, रेखा रानी, ओमवती आदि ने भाग लिया।

एक नजर

अमरोहा में होने वाली प्रतियोगिता स्थगित

रामपुर, अमृत विचार : 30 और 31 जनवरी को अमरोहा में होने वाली मंडलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता को एडी बेसिक के आदेश पर स्थगित कर दिया है। सोमवार को एडी बेसिक बुद्धप्रिय सिंह ने इसके आदेश जारी कर दिए। इसमें समस्त जिला व्यायाम शिक्षकों, ब्लॉक व्यायाम शिक्षकों, खेल अनुदेशकों व टीम प्रभारी शिक्षकों को सूचित किया गया है। बताया कि मुरादाबाद मंडल की मंडलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता 30 और 31 जनवरी को जनपद अमरोहा में प्रस्तावित थी। अपरिहार्य कारणों से प्रतियोगिता अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दी गई है।

नाबालिग से छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज

हसनपुर, अमृत विचार : मनौटा चौकी क्षेत्र के गांव निवासी नाबालिग को रास्ते में गांव निवासी वृद्ध मिला। जिससे बालिका ने चारा उठवाने के लिए कहा। इसी बीच आरोपी ने उससे छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी। किसी तरीके से वह वहां से घर पहुंची और परिजनों को पूरी बात बताई। इसके बाद परिजन बालिका को लेकर कोतवाली पहुंचे और आरोपी वृद्ध के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई गई। कोतवाली पुलिस ने नाबालिग की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर गांव निवासी वृद्ध के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की है, जल्द उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।

पुलिस ने मांस बरामद कर युवक को पकड़ा

अमरोहा, अमृत विचार : नौगांवा सादात थाना पुलिस ने रविवार रात को गश्त के दौरान युवक को मांस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसका चालान किया गया। बताया कि दरोगा कपिल कुमार पुलिसकर्मियों के साथ कस्बे में गश्त कर रहे थे। पीएनबी की शाखा के सामने एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। उसके पास कट्टे में मांस और खाल व कटान में इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी मिले। पूछताछ में युवक ने बताया कि उसने गांव बीलना के बाग में पशु को काटा था। इसके बाद वह मांस को बेचने जा रहा था। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि गिरफ्तार युवक लईक निवासी गांव बीलना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सड़क किनारे पड़ा मिला युवक का शव

पास ही पड़ी थी मृतक की मोटरसाइकिल, गांव इकौंदा क्षेत्र में हुई दुर्घटना

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

▸▸ ग्रामीणों ने दी पुलिस को हादसे की जानकारी, अज्ञात वाहन के टक्कर मारने की आशंका

अमृत विचार : डिडौली कोतवाली क्षेत्र के तहत सोमवार सुबह सड़क किनारे गन्ने के खेत के पास एक युवक का शव पड़ा मिला। शव से थोड़ी दूर बाइक भी पड़ी मिली। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान कर परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। माना जा रहा है कि युवक की मौत सड़क हादसे में हुई है। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

सोमवार सुबह डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव इकौंदा में सड़क किनारे गन्ने के खेत में ग्रामीणों को एक लहूलुहान हालत में युवक का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की पहचान जनपद संभल के एचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव आलिया निवासी 30 वर्षीय विशेंद्र पुत्र देवेंद्र के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दी।

इस बीच पुलिस ने घटनास्थल के पास से ही बाइक भी बरामद की। माना जा रहा है कि रविवार रात युवक बाइक से कहीं जा रहा था। उसी दौरान किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

डिडौली कोतवाली प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि युवक का शव गन्ने के खेत में सड़क किनारे पड़ा मिला है। आशंका है कि सड़क हादसे में युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं युवक की मौत से उसके परिजनों का बुरा हाल है।

ट्रेन से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

अमरोहा, अमृत विचार : ट्रेन की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर जीआरपी कर्मियों ने मृतक की पहचान करानी चाही, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। जिसके बाद जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार दोपहर 12 बजे मुरादाबाद रेलवे लाइन कैलसा के नजदीक ट्रेन की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद रेलवे लाइन के पास खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंच गई। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों से मृतक की शिनाख्त करानी चाही, लेकिन सभी ने उसे पहचानने से इनकार कर दिया। मृतक के पास से कोई आईडी भी नहीं मिली, जिससे उसकी पहचान हो पाती। जीआरपी का कहना है कि मृतक की उम्र लगभग 50 साल है। शव की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।

डीसीएम में ट्रक ने मारी टक्कर

गजरौला, अमृत विचार : घने कोहरे के कारण सोमवार सुबह हाईवे के किनारे खड़ी डीसीएम में ओवरलोड ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक मुरादाबाद की दिशा से दिल्ली को जा रहा था। सोमवार सुबह गजरौला में नेशनल हाईवे पर श्रीराम मंदिर के निकट हाईवे के किनारे खड़ी डीसीएम में ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। हादसे से हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने किसी तरह जाम खुलवाया और यातायात सुचारु कराया। इंस्पेक्टर बलिंदर सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई होगी।

हादसे के बाद डीसीएम व ट्रक।

गन्ना मूल्य 450 रुपये प्रति क्विंटल करे सरकार

रहरा, अमृत विचार : सोमवार को भाकियू शंकर की पंचायत रहरा ब्लॉक कार्यालय परिसर में हुई। पंचायत की अध्यक्षता मोमराज सिंह ने की और संचालन कमल सिंह ने किया।

पंचायत में किसान नेताओं ने कहा कि क्षेत्र में छुट्टा पशुओं ने किसानों की खेतों में फसलें बर्बाद कर दी हैं। इनको पकड़वाकर गोशाला भिजवाया जाए। वर्तमान गन्ना पेराई सत्र 2023-24 का गन्ना मूल्य 370 रुपये प्रति क्विंटल गन्ने की औसत उपज से कम है। इसलिए सरकार गन्ना खरीद मूल्य 450 रुपये प्रति क्विंटल करे। कहा कि पात्र लोगों के राशन कार्ड बिना किसी जांच के काटे जा रहे हैं और अपात्र लोगों के राशन कार्ड बनाए जा रहे हैं। आरोप लगाया कि विद्युत विभाग के संविदा लाइनमैन बिना वजह के लाइन काट देते हैं और जुड़वाने के नाम पर उगाही करते हैं। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी डॉ. योगेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष कमल ठाकुर, शीशपाल सिंह, कर्मेंद्र चौधरी, राकेश कुमार, मोमराज, नरेश सिंह, धनपत सिंह, प्रीतम सिंह, शिव कुमार व वीर करण सिंह शामिल रहे।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल कांग्रेसी। ● अमृत विचार

अन्याय के विरुद्ध है भारत जोड़ो न्याय यात्रा : ओमकार

कार्यालय संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सोमवार को गजरौला ब्लाक के न्याय पंचायत सियाली जहांगीर में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली गई।

जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि जुल्म अन्याय और अहंकार के विरुद्ध भारत जोड़ो न्याय यात्रा जनपद के सभी ब्लॉक क्षेत्र में निकाली जा रही है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लगातार लोगों का समर्थन मिला है और जब तक लोगों को न्याय नहीं मिलेगा तब तक हम न्याय यात्रा जारी रखेंगे। धनौरा विधानसभा क्षेत्र प्रभारी राजकुमार अरुण ने कहा कांग्रेस पार्टी ने हमेशा लोगों के हक और सम्मान के लिए संघर्ष किया है। किसानों, नौजवानों, महिलाओं को सम्मान और हक दिलाना हमारा कर्तव्य है। वर्तमान में देश में गरीबों, विष्णु, दलितों, वंचितों व आदिवासियों को न्याय नहीं मिल रहा है। इस मौके पर गजरौला ब्लॉक अध्यक्ष वाहिद अली सैफी, न्याय पंचायत अध्यक्ष मकसूद खान, पूर्व सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष फैजान खान, सेवादल जिलाध्यक्ष सरदार इंद्र सिंह, जिला सचिव अलीहसन, इसरत अली, हरिचरण सिंह व ब्लॉक पदाधिकारी आदि शामिल रहे।

योगेंद्र प्रजापति का स्वागत करते समर्थक। ● अमृत विचार

योगेंद्र बने सलाहकार समिति के सदस्य

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : भाजपा नेता योगेंद्र प्रजापति को खेल मंत्रालय ने जिला सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया है। जानकारी होते ही भाजपा नेता के घर समर्थकों का बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया।

रहरा रोड निवासी भाजपा नेता योगेंद्र प्रजापति भाजपा युवा मोर्चा के विभिन्न पदों पर रहकर पार्टी हित में कार्य करते रहते हैं। वह सामाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करते हैं। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने पार्टी के प्रति योगेंद्र की निष्ठा को देखते हुए उन्हें जिला सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया है। योगेंद्र प्रजापति की नियुक्ति की घोषणा होते ही प्रजापति समाज में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और उनके घर पर समर्थकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं पहुंचकर बधाई दी। भाजपा नेता योगेंद्र प्रजापति ने बताया कि वह भाजपा के सच्चे सिपाही हैं और जो भी पार्टी हाईकमान का आदेश है उसकी निष्ठापूर्वक पालन करेंगे। इसी के साथ उन्होंने खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर का भी धन्यवाद किया।

वीडीओ की भर्ती में रोजगार सेवकों को मिले 50 फीसदी कोटा

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : प्रांतीय आह्वान पर उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ के पदाधिकारियों ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर संघ की रणनीति के विषय में अवगत कराया।

सोमवार को उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ ने ज्ञापन सौंपकर कहा कि हिमाचल, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश की तरह रोजगार सेवकों के मानदेय में बढ़ोतरी की जाए। ग्राम रोजगार सेवकों से ग्राम पंचायत के साथ-साथ रिक्त ग्राम पंचायत में भी कार्यालय दिया जाए तथा मनरेगा की यूजर आईडी पासवर्ड सिर्फ ग्राम रोजगार सेवक को ही दिया जाए। ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) की भर्ती में 50 प्रतिशत कोटा ग्राम रोजगार सेवकों के लिए आरक्षित हो। ग्राम रोजगार सेवकों को नियमित कर राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। बताया कि 30 जनवरी को लखनऊ के इको गार्डन में सम्मेलन होगा। जिसमें काफी संख्या में ग्राम रोजगार सेवक भाग लेंगे, जहां से मानव श्रृंखला बनाते हुए मुख्यमंत्री आवास तक जाएंगे और उन्हें उनकी घोषणाएं याद दिलाने का कार्य करेंगे। ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्र राणा, मुमताज अली, मनोज चौधरी, दीपक सिंह, कलुआ सिंह, नन्हे सिंह, सचिन कुमार, प्रीतम सिंह, महेश चंद, सुभाष सिंह शामिल रहे।

हसनपुर में खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देते रोजगार सेवक। ● अमृत विचार

मंडी धनौरा में बीडीओ प्रतिभा अग्रवाल को ज्ञापन देते रोजगार सेवक। ● अमृत विचार

आठ सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

बुरावली, अमृत विचार : ब्लाक गंगेश्वरी में अलग-अलग ग्राम पंचायत में तैनात रोजगार सेवकों ने सोमवार को विकास खंड गंगेश्वरी कार्यालय में पहुंचकर अकाउंटेंट सत्य प्रकाश सिंह को एकता संघर्ष समिति के आह्वान पर आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष मोहित त्यागी, प्रमोद गिरि, अनुज कुमार, महताब अली, राजेश कुमार सिंघानिया, फारुख खान, मनोज कुमार शर्मा, विपिन कुमार, चरण सिंह, महिपाल सिंह, प्रेम शंकर सिंह, हरीश कुमार, सतीश कुमार, जयपाल सिंह, करनसिंह, सतपाल सिंह, मुकेश राणा, राजेंद्र सिंह, राजकुमार, ऋषिपाल सिंह, देवेंद्र कुमार, पिंटू यादव, धीरज कुमार, रवि कुमार, हेम सिंह, देवकरन, सुलेमान शामिल रहे।

रोजगार सेवकों ने की मानदेय बढ़ाने की मांग

मंडी धनौरा, अमृत विचार : ग्राम रोजगार सेवक संघर्ष समिति ने सोमवार को विकास खंड कार्यालय में बैठक की। जिसकी अध्यक्षता समिति के ब्लाक अध्यक्ष चीनू सागर ने की। उन्होंने कहा कि 30 जनवरी को लखनऊ में होने वाले प्रदर्शन में शामिल होने के लिए सभी साथी पहुंचे। बैठक के बाद सभी रोजगार सेवकों ने ज्ञापन खंड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि मानदेय बढ़ाया जाए। ग्राम रोजगार संवकों से अन्य रिक्त ग्राम पंचायतों में भी कार्य लिया जाए एवं मनरेगा की यूजर आईडी पासवर्ड सिर्फ रोजगार सेवक को ही दिया जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कुबेर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष चीनू सागर, नाजिर हुसैन रहे।

दो दिन में हो शिकायतों का समाधान: तंवर

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत बोर्ड की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर की अध्यक्षता में हुई। इसमें पंचायत सदस्यों ने क्षेत्र की समस्याओं के निस्तारण की मांग की।

सोमवार को जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में सदस्यों ने बिजली, राशन, स्वास्थ्य, कृषि और सिंचाई समेत अन्य समस्याओं को जिला पंचायत अध्यक्ष के समक्ष रखा। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष ललित सिंह तंवर ने संबंधित अधिकारियों से दो दिनों में शिकायतों पर कार्रवाई कर रिपोर्ट देने को कहा। जिला पंचायत अध्यक्ष ने अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिया कि टूटी हुई सड़कों को तत्काल ठीक कराएं। लापरवाह ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम से कहा कि हर घर जल योजना के तहत जो

बोर्ड की बैठक को संबोधित करते जिला पंचायत अध्यक्ष। ● अमृत विचार

▸▸ जिला पंचायत अध्यक्ष ने की बोर्ड की बैठक

रोड तोड़ी गई हैं उनको सही किया जाए। बैठक में ब्लाक प्रमुख गजरौला मीनाक्षी चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जो खराब सड़कें है, उन्हे ठीक कराया जाए और कार्यदाई संस्था को नोटिस दिया जाए। जिला पंचायत सदस्य पवनीत दिवाकर ने शिकायत की गई कि राशन डीलरों द्वारा घटतौली की जा रही है। जिला पूर्ति अधिकारी किसी बैठक में प्रतिभाग नहीं करते। शिकायत करने पर दुकान सस्पेंड कर दी जाती है और कुछ दिन बाद दुबारा उसी को आवंटित कर दी जाती है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने इस पर कार्रवाई के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने वार्ड नंबर नौ से नवनिर्वाचित सदस्य मनीराम सिंह को शपथ दिलाई। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि इस बैठक में जो भी शिकायतें उठाई गई हैं उन पर हर हाल में दो दिनों में कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस मौके पर विधायक नौगांवा सादात समरपाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा समेत अन्य अधिकारी शामिल रहे।

संगठन की सदस्यता ग्रहण करने पर राधा अग्रवाल का स्वागत

संवाददाता, हसनपुर

▸▸ उप्र उद्योग व्यापार मंडल महिला ईकाई की बैठक

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल महिला इकाई की बैठक में पदाधिकारियों ने मातृशक्ति को संगठन से जोड़ने की बात कही। इसी के साथ संगठन में नए सदस्यों का स्वागत भी किया गया।

पुराना डाकघर के निकट स्थित न्यू गोयल फुट जोन में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल महिला इकाई की बैठक हुई। बैठक में संगठन की सदस्यता ग्रहण करने पर राधा अग्रवाल का स्वागत किया। बैठक में मनोज गोयल ने कहा कि हर कामयाबी के पीछे मातृ शक्ति का हाथ होता है। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मुकेश गोयल ने की तथा संचालन महामंत्री विवेक शर्मा ने किया। बैठक में महिला ईकाई की महामंत्री रिहाना, सीमा यादव, कुसुम सक्सेना, पुष्पा देवी, कुमकुम सक्सेना, बबली चद्रंवशी शामिल रहे।

बैठक से पहले एकत्र महिलाएं। ● अमृत विचार

एसपी ने 13 निरीक्षकों का कार्यक्षेत्र बदला

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

▸▸ पुलिस अधीक्षक ने 11 प्रकोष्ठों के प्रभारी भी बदले, करनपाल सिंह बने सोशल मीडिया सेल प्रभारी

अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने 13 निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए 11 प्रकोष्ठों के प्रभारी भी बदले हैं। पीआरओ व नवगठित साइबर थाने में भी प्रभारी तैनात किए हैं।

पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने पुलिस लाइन में तैनात सुनील कुमार को पीआरओ बनाया है। साइबर सेल प्रभारी रणवीर सिंह को नवगठित साइबर थाने में बतौर प्रभारी निरीक्षक जिम्मेदारी दी है। पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा को चुनाव सेल का प्रभारी, पुलिस लाइन से ही करनपाल सिंह को सोशल मीडिया सेल प्रभारी, अशोक कुमार को मानिटरिंग सेल प्रभारी, रणदीप सिंह को रिट सेल प्रभारी, जगमोहन कश्यप को अपराध शाखा, सुशील कुमार वर्मा को अपराध शाखा से प्रभारी डीसीआरबी, निरीक्षक सतीश कुमार वर्मा को प्रभारी डीसीआरबी से महिला आयोग प्रकोष्ठ प्रभारी, सतीश कुमार को प्रभारी न्यायालय सुरक्षा से प्रभारी व्यापार प्रकोष्ठ/सिटीजन चार्टर सेल, लोकेंद्र पाल सिंह को प्रभारी महिला आयोग प्रकोष्ठ से प्रभारी न्यायालय सुरक्षा, अनिल कुमार को प्रभारी मानिटरिंग सेल से प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ व विशेष जांच प्रकोष्ठ बनाया है।

वहीं, वीरेंद्र प्रसाद सिंह को सोशल मीडिया सेल से हटा कर प्रभारी पारपत्र/जनसूचना अधिकार सेल बनाया है।

शीतलहर से जनजीवन प्रभावित, धूप से मिली राहत

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : ठंड के चलते जनजीवन पूरी तरीके से प्रभावित है। लोग जरूरी कार्य के लिए ही घर से बाहर निकल रहे हैं। दोपहर दो बजे के करीब धूप निकलने पर ही बाजारों और सड़कों पर कुछ चहल पहल दिखाई दी।

सोमवार को कड़ाके की ठंड में जनजीवन अस्त-व्यस्त नजर आया। दोपहर दो बजे के बाद आसमान में सूर्यदेव के दर्शन होने के बाद नगर के मार्गों पर चहल-पहल नजर आई। ठंड से बचाव के लिए पूरे दिन नगरवासी अलाव सेंकते दिखाई दिए। ठंड के चलते बस स्टैंड एवं सार्वजनिक स्थानों पर सन्नाटा पसरा रहा। दोपहर बाद धूप निकलने से नगर वासियों को कुछ ठंड से राहत मिली। हालांकि शाम होते-होते एक बार फिर ठंड बढ़ने से लोग घरों से बाहर नहीं निकले। ठंड के चलते नगर के बाजारों एवं मार्गों पर जल्दी सन्नाटा पसर गया।

सोमवार को न्यूनतम तापमान आठ डिग्री

गजरौला, अमृत विचार : सोमवार को भी शीतलहर ठंड से लोग ठिठुरते हुए दिखाई दिए। वहीं सोमवार सुबह भी बादलों की धुंध छाई रही। गर्म कपड़ों में लिपटे लोगों की भी कपकपी छूटती रही। हाईवे पर यातायात व्यवस्था भी चरमरा गई। दोपहर को बादल की धुंध छंटी तो सूर्यदेव ने दर्शन दिए जिससे बुजुर्ग व बच्चों को ठंड से कुछ राहत मिली। दृश्यता बढ़ने पर हाईवे पर यातायात सुचारू हो पाया। सोमवार सुबह न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस रहा। शाम को गलन बढ़ती देख लोग घरों में जा दुबके। ठंड इतनी बढ़ गई कि हाथ-पांव कमरों के भीतर भी सुन्न हो रहे। कड़ाके की सर्दी के कारण सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त रहा।

कार्यक्रम | श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में परीक्षा पर चर्चा में शामिल हुए छात्र

परीक्षार्थियों को सफलता के दिए टिप्स

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : सोमवार को श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री की बोर्ड परीक्षार्थियों के साथ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया। जिसमें 10वीं व 12वीं के 1500 से अधिक विभिन्न बोर्ड (यूपी/सीबीएसई/आईसीएसई) परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया।

वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम से पहले परीक्षार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सभागार में आयोजित परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम की शुरूआत समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति डॉ. राकेश यादव, सलाहकार आरएस शर्मा एवं कुल सचिव डॉ. पीयूष पांडे ने मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत को अग्रिम पंक्ति में लाकर खड़ा कर दिया।

डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि पूरा विश्व आशा भरी नजरों से भारत की ओर देख रहा है। इस अवसर पर प्रधान सलाहकार प्रोफेसर वीपीएस अरोड़ा, सीईओ अजय श्रीवास्तव, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, एसएस बघेल, अरूण गोस्वामी, आईटी हेड विशाल शर्मा, मारूफ चौधरी, डॉ. अनिल जयसवाल, निशा राजौरिया, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. सीपी सिंह मेरठ परिसर से निर्देशक डॉ. प्रताप, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा शामिल रहे।

वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में कार्यक्रम की शुरूआत करते अतिथि। ● अमृत विचार

रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ– 226008 (उ.प्र.) से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

निविदा की शर्तें निम्न हैं

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ–साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 25.02.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
6. प्लास्टिक बाल्टी 25 किग्रा.
7. खाली कैन 20 लीटर।
8. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)
9. ड्रम आयरन 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.

एक नजर

पति से विवाद पर महिला ने की आत्महत्या

गजरौला, अमृत विचार : पति से विवाद होने पर महिला ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर ड्योटी निवासी 36 वर्षीय सुनीता की शादी मोहल्ला अल्लीपुर भूड़ निवासी विजय कुमार से हुई थी। बताया जाता है कि बीते कई दिन से दोनों के बीच किसी बात को लेकर अनबन थी। सोमवार को विवाद बढ़ गया। आसपास के लोगों ने दोनों को शांत कराया। इसी बीच नाराज सुनीता कमरे में चली गई और फंदे से लटककर जान दे दी। कुछ देर बाद विजय ने जब खिड़की से झांककर देखा तो पत्नी को फंदे से लटका देख होश उड़ गए। उसने शोर मचाया तो मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर महिला के मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। इंस्पेक्टर बलिंदर सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई होगी।

प्रधानमंत्री के परीक्षा पर चर्चा का सीधा प्रसारण देखा

गजरौला, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा का स्कूल-कालेजों में सीधा प्रसारण दिखाया गया। सोमवार को यश पब्लिक इंटर कालेज में बच्चों ने कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री द्वारा बताई गईं बातों को अमल में लाने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रबंधक लखवीर सिंह, प्रधनाचार्य नीरज कुमार, वरिष्ठ शिक्षक संदीप गुप्ता आदि समेत स्टाफ मौजूद रहा। शिव इंटर कालेज में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को सुना और प्रधानमंत्री के विचारों का आत्मसात कर परीक्षा देने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य शलभ भारद्वाज ने विचार रखे। मोनू, हिमांशु, छाया, यश, गुरप्रीत, कोमल, राधे, विवेक रहे।

दो हिस्सों में बंटी मालगाड़ी रेल यातायात एक घंटे बाधित

गजरौला, अमृत विचार : गजरौला व कांकाठेर के बीच मालगाड़ी दो भागों में बंट गई। सोमवार शाम छह बजे मुरादाबाद की दिशा से कोयले से भरी मालगाड़ी दिल्ली की दिशा को जा रही थी। कांकाठेर के पास मालगाड़ी दो भागों में बंट गई। इससे एक घंटे रेल संचालन बाधित रहा। हालांकि इससे नुकसान नहीं हुआ। लोको पायलट व सहायक लोको पायलट ने एक घंटे बाद दोनों हिस्सों को जोड़कर मालगाड़ी को चलाया।

अमरोहा की खबरें पेज 11 पर भी

निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा की मौत, परिजनों ने लगाया जाम

हंगामा होने पर अस्पताल का स्टाफ फरार, पुलिस ने समझाकर खुलवाया जाम

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : महादेव चुंगी स्थित मैक्स नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। इससे गुस्साए परिजनों ने अस्पताल के बाहर हंगामा किया और चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया। नाराज परिजनों ने गजरौला चांदपुर स्टेट हाईवे जाम लगा दिया। हंगामे के दौरान कर्मचारी अस्पताल से भाग गए। जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाया और कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

मृतकों के परिजनों ने बताया कि सोमवार दोपहर एक बजे महादेव चुंगी स्थित मैक्स नर्सिंग होम में पूजा उम्र 28 वर्ष पत्नी अमित कुमार निवासी गांव दासपुर को प्रसव के लिए भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक की इलाज में लापरवाही के कारण जच्चा-बच्चा की मौत हुई है। बताया कि जच्चा-बच्चा की मौत के बाद आरोपी चिकित्सक ने अपना बचाव करते हुए महिला की गंभीर हालत बताकर किसी अन्य चिकित्सक के यहां रेफर करने की बात कही थी। जिस पर परिजन महिला को अन्य चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे तो वहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जब परिजन महिला के शव को लेकर फिर से वापस नर्सिंग होम लेकर पहुंचे तो वहां से चिकित्सक अपने स्टाफ के साथ फरार हो गया था। जिस पर गुस्साए परिजनों ने अस्पताल के बाहर हंगामा किया और चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर गजरौला-चांदपुर स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया। जाम के कारण सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

गजरौला चांदपुर स्टेट हाईवे पर बैठे मृतका के परिजन। ● अमृत विचार

▸▸ परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया

सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना निरीक्षक रविंद्र प्रताप ने परिजनों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिस पर परिजनों ने जाम खत्म कर दिया। इस बारे में निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलते ही उचित कार्रवाई होगी। ज्ञात हो कि पहले भी नगर व क्षेत्र में कई निजी अस्पतालों में जच्चा-बच्चा की मौत हो चुकी है। लेकिन फिर भी नगर व क्षेत्र में ऐसे निजी अस्पताल धड़ल्ले से चल रहे हैं।

चलती ट्रेन से गिरे यात्री को जीआरपी सिपाही ने बचाया

अमरोहा, अमृत विचार : सोमवार को अमरोहा रेलवे स्टेशन पर एक यात्री ट्रेन में चढ़ने के दौरान अचानक गिर गया। वह प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच फंस गया। इस बीच प्लेटफार्म पर मौजूद जीआरपी सिपाही ने उसे पकड़कर के जान बचाई।

मामला अमरोहा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर दो का है। दोपहर लगभग एक बजे आई काठगोदाम एक्सप्रेस स्टेशन पर ठहरने के बाद चलने लगी। इसी बीच प्लेटफार्म पर खड़ा एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने लगा। इस दौरान उसका पैर फिसल गया और वह ट्रेन से नीचे गिर गया। इसी बीच प्लेटफार्म पर वहां मौजूद जीआरपी के हेड कांस्टेबल संजय सिंह की नजर चलती ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच फंसे यात्री पर पड़ी तो वह तुरंत उसकी ओर दौड़े और उसे खींच कर बाहर निकाला। जिससे यात्री की जान बच गई। यह पूरी घटना प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

लोगों की शिकायतें सुनते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार

जिलाधिकारी ने सुनीं लोगों की शिकायतें, समाधान के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : सोमवार को कलेक्ट्रेट में जनता दरबार लगा। जिसमें जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के समय से समाधान के निर्देश दिए।

सोमवार को कलेक्ट्रेट में जनता दरबार में जिलाधिकारी ने लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने शासन के निर्देश के अनुसार निर्धारित समय में प्रतिदिन कार्यालय में दूर दराज से आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनकर उनका निस्तारण किए जाने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

पत्नी को घर से निकालकर प्रेमिका के साथ पति फरार

अमरोहा, अमृत विचार : थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव के युवक की शादी 17 साल पहले बिजनौर जिले के शिवाला कलां थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती से हुई थी।

दर्ज रिपोर्ट के अनुसार 10 साल तक तो परिवार में सबकुछ ठीक रहा। इस दौरान महिला को बच्चा नहीं हुआ तो ससुराल वालों ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि पति व ननद दोनों मारपीट करते थे। बच्चा न होने के ताने देकर परेशान किया जाता था। इसी बीच ससुराल वाले मायके से 10 लाख रुपये लाने का दबाव बनाने लगे। आरोप है कि उसके पति का प्रेम प्रसंग क्षेत्र की ही गांव निवासी महिला से है। 14 दिसंबर को महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। इसके बाद पति भी प्रेमिका के साथ फरार हो गया। पीड़िता ने पति, ननद व पति की प्रेमिका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि इस मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

खिलाड़ी को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

सहगल क्लब ने जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन और यूथ क्रिकेट क्लब अमरोहा के तहत शहर के मिनी स्टेडियम में चल रही सद्भावना कप क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को पहला क्वार्टर फाइनल मैच पीआर क्रिकेट क्लब दिल्ली और सहगल क्रिकेट क्लब दिल्ली के बीच खेला गया।

टॉस जीतकर सहगल क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में सात विकेट पर 310 रन बनाए। राजेश शर्मा ने 123, सुल्तान और दीपक ने 39-39 रन की पारी खेली। पीआर क्रिकेट क्लब की ओर से संजीव ने तीन व आकाश ने दो विकेट लिए। पीआर क्लब दिल्ली की टीम 19.4 ओवर में 117 रन ढेर हो गई। संजीव ने 32 और अंकुर ने 26 रन बनाए। सहगल क्रिकेट क्लब ने 193 रन से मैच में जीत दर्ज की। राजेश शर्मा को परवेज पाशा व रोहित चंदेल ने मैन ऑफ-द-मैच ट्राफी दी। अंपायरिंग सतेंद्र सिंह, मोहसिन सैफी व शमशाद अल्वी ने, स्कॉरिंग सेंटी गुप्ता और लवी, कमेंट्री रजन अली और मास्टर राशिद अली ने की।

सार-संक्षेप

मेले में मौजूद अतिथि व प्रमाण पत्र दिखाते लाभार्थी। ● अमृत विचार

आईटीआई कॉलेज में लगा रोजगार मेला

रहरा, अमृत विचार : गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम रहरई के आईटीआई कॉलेज में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत विकास खंड स्तरीय रोजगार मेला लगा। मेले के मुख्य अतिथि गंगेश्वरी ब्लाक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी रहे। उन्होंने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किए। इस मौके पर प्रधानचार्य राजदीप सिंह, गजरौला आईटीआई कालेज के प्रधानचार्य सचिन आर्य, विकास कृष्ण कुमार, योगेंद्र कुमार, त्रिवेंद्र कुमार समेत अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

बच्चों को जर्सी वितरित करते अतिथि। ● अमृत विचार

डॉ. नागर ने छात्र-छात्राओं को भिजवाई जर्सी

बुरावली, अमृत विचार : गंगेश्वरी के आदर्श इंटर कॉलेज कुटी दौलतपुर में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. सुरेश चंद नागर ने सोमवार को कक्षा छह से 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए जर्सी वितरित कराईं। इस दौरान उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं ही देश का भविष्य हैं। सोमवार को आदर्श इंटर कालेज में कार्यक्रम में डॉ. सुरेश चंद नागर को पहुंचना था, लेकिन वह नहीं पहुंच पाए। उन्होंने अपनी टीम को भेजकर छात्र-छात्राओं को जर्सी का वितरण कराया। उन्होंने फोन पर ही विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर गंगेश्वरी ब्लाक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी, त्रिवेणी शुगर मिल चंदनपुर के उपाध्यक्ष शुगर आमोद कुमार शर्मा, मास्टर जयपाल सिंह नागर, पिंटू विधुड़ी शामिल रहे।

खुर्शीद चौधरी को मनोनयन पत्र देते कांठ विधायक कमाल अख्तर। ● अमृत विचार

खुर्शीद चौधरी बने सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव

मंडी धनौरा, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव तोमड़ा निवासी खुर्शीद चौधरी को समाजवादी पार्टी की अल्पसंख्यक सभा का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। गांव तोमड़ा में आयोजित पार्टी की बैठक में कांठ विधायक कमाल अख्तर ने मनोनयन पत्र उन्हें सौंपा और पार्टी की उम्मीद खरा उतरने व पार्टी के एजेंडे को जनजन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर नाजिम खां, भोलू सलमानी, शमशेर सलमानी, फुरकान, मेहंदी हसन व अमीरूददीन शामिल रहे।

आंबेडकर पार्क चौराहा बना पार्किंग स्थल

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के चलते नगर के मुख्य चौराहा के पास आंबेडकर पार्क अवैध पार्किंग स्थल में बदल गया है। पार्क के चारों ओर गाड़ी एवं ठेले खड़े होने के कारण पैदल निकलना भी दुश्वार हो रहा है, लेकिन जनता की दिक्कत पर कोई भी अधिकारी ध्यान देने को तैयार नहीं है।

हसनपुर में एकमात्र बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क चौराहे पर चाट पकौड़ी के ठेले एवं वाहन खड़े होने के कारण पार्किंग स्थल बन गया है। यहां वाहन खड़े होने के बाद आंबेडकर पार्क तक पैदल निकलना दुश्वार हो जाता है, लेकिन किसी भी अधिकारी ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया, जबकि दिन में कई बार चौराहे से अधिकारियों की कारें जरूर निकलती हैं। लेकिन उन्हें जनता की दिक्कत से कोई सरोकार नहीं है। जबकि शासन के भी निर्देश है कि अतिक्रमण को हटवाया जाए लेकिन शासन के निर्देशों के बाद भी कोई अधिकारी उनका पालन नहीं कर रहा। आंबेडकर पार्क के निकट कई बैंकों की शाखाएं भी हैं। जिसके चलते ग्राहक अपने वाहनों को आंबेडकर पार्क के पास खड़ा कर देते हैं। कई बार नगर के व्यापारी संगठनों ने आंबेडकर पार्क से अतिक्रमण हटवाने की मांग की। लेकिन उनकी मांग पर कोई भी ध्यान नहीं दिया जाता। जब अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता कर जल्द अतिक्रमण हटाया जाएगा।

आंबेडकर पार्क चौराहे पर अवैध रूप से खड़े वाहन। ● अमृत विचार

▸▸ शिकायत करने पर अधिकारी दे रहे महज आश्वासन

▸▸ ठेले खड़े होने और चार पहिया वाहनों से हो रही दिक्कत

धनौरा महोत्सव में मनाया बाल प्रतिभा उत्सव

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : धनौरा महोत्सव के तहत बाल प्रतिभा उत्सव का आयोजन हुआ। भारतीय साहित्य परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. यतीन्द्र कटारिया ने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि उत्तम शिक्षा, सुसंस्कार और उत्तम स्वास्थ्य बाल निर्माण का आधार हैं।

धनौरा महोत्सव के दूसरे दिन विभिन्न स्कूली बच्चों की चित्रकला, भाषण की प्रतियोगिताएं हुईं। बच्चों को जल संरक्षण, पर्यावरण के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में डॉ. यतीन्द्र कटारिया ने कहा कि बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास तथा कौशल दक्षता के लिए शिक्षा संस्कार व स्वास्थ्य प्रमुख आयाम हैं। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट मिनिस्ट्रियल संघ तहसील इकाई धनौरा के अध्यक्ष राजेश सैनी, श्याम लाल, डॉ. यतीन्द्र कटारिया ने नैतिक, मनीष, यनिक, नवनीत को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर नितिन शर्मा, विशेष कुमार, सूरज अग्रवाल, अश्वनी कटारिया, योगेश प्रजापति व सोनू गुर्जर उपस्थित रहे।

बच्चे को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर फ्री बाइक सर्विस कैंप
सभी कंपनी की मोटरसाइकिल के पार्ट्स पर 10% की छूट
Prop. Arun Bharti
Abhishek
Himanshu
कैंप दिनांक 26 जनवरी से 28 फरवरी तक
Mob.: 8449252175
8194049754
8057634963
SANSKAR DEEWAN AUTO TRADERS
All Geniune Parts Wholesale & Retail
Deals in : Erc Bajaj, Hero, Royal Enfield
Authorised Distriduter of :SLD, Unishot Besture
ROYAL ENFIELD
Hero
TVS
BAJAJ
YAMAHA
KTM RACING
Joya Road, Near Roadways, Amroha - 244221 (U.P.)

अयोध्या से लौटे ईओ का स्वागत

अमरोहा, अमृत विचार : नगर पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार को शासन के निर्देश पर अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अयोध्या को सजाने एवं वहां पर सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी थी। ईओ ने शासन की जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाया और कार्यक्रम के बाद सोमवार को लौट आए। अयोध्या से लौटने पर उनका पालिका कर्मचारी एवं अधिकारियों ने स्वागत किया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद हसनपुर (अमरोहा)

ई-टेण्डरिग अल्पकालीन निविदा सूचना

अमृत 2.0 योजनान्तर्गत नगरीय निकायों मे अमृत सरोवरो के विकास कार्य प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद हसनपुर ठेकेदार से निर्माण कार्य हेतु ई-निविदायें दिनांक 30.01.2024 दिनाँक 05.02.2024 समय दोपहर 01.00 बजे तक https://etender.up.nic.in पर आमन्त्रित की जाती है जो दिनाक 06.02.2024 को ही अपरान्ह 03.00 बजे गठित समिति तथा निविदादाताओ की उपस्थिति मे https://etender.up.nic.in पर खोली जायेगी। ई-टेण्डरिंग से सम्बन्धित नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है जोकि सूचना वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदादाता को निर्देशित किया जाता है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिये न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लाज 4 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।

1	2	3	4	5
1	E-bid refernce NO	339/न.पा.परि.ह./2023-24		
2	Tender Release		29.01.2024	
3		Tender Download/Uploades	30.01.2024	दोपहर 12 बजे
4	Close for Bid		05.02.2024	दोपहर 01 बजे
5	Bid Opening	Techinal	06.02.2024	अपरान्ह 03 बजे
6	Bid Opening	Financial	08.02.2024	अपरान्ह 03 बजे
7	Bid Opening			नगर पालिका परिषद हसनपुर मुख्यालय अमरोहा

1- वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एंव विस्तृत शर्ते तथा बिडिग डाक्यूमैन्टस आनॅलाईन देखे जा सकते है। 2- निविदादाता जिनके पास डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (DSC) नही है वह निविदा नही डाल सकेगे। 3-निविदा के साथ मांगे गये किसी भी प्रमाण पत्र को ई-टैण्डर उत्तर प्रदेश की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपलोड नही किये जाने / मूल प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न कर टैण्डर बाक्स मे निविदा खोले जाने वाली दिनांक 06.02.2024 को दोपहर 02.00 बजे तक नगर पालिका हसनपुर कार्यालय / जिला मुख्यालय अमरोहा मे जमा करनी होगी। निर्धारित समय के उपरान्त कोई भी निविदा प्रपत्र स्वीकार नही किया जायेगा । 4-2 प्रतिशत धनराशि की / एफ.डी.आर/ एन.एस.सी0, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद हसनपुर के पक्ष मे बंधक होनी अनिवार्य है। एव इसकी स्कैन कॉपी ई-टेण्डर वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपलोड करनी होगी तथा मूलरूप से धरोहर राशि की एफ.डी.आर. / एन.एस.सी. एवं निविदा शुल्क डी0डी0 के रूप मे नगर पालिका परिषद हसनपुर कार्यालय मे जमा करना होगा। न जमा करने की स्थिति मे निविदा को निरस्त कर दिया जायेगा। 5-2 प्रतिशत धरोहर निविदा डालते समय संलग्न करनी होगी एव 08 प्रतिशत धरोहर निविदा स्वीकृति उपरान्त कार्य आदेश जारी करने से पूर्व एफ.डी.आर. / एन.एस.सी. के रूप मे कार्यालय मे जमा करनी होगी।

अधिशासी अधिकारी
न.पा.परि. हसनपुर।

अध्यक्ष
न.पा.परि.हसनपुर।

बैठक

केंद्रीय निगरानी समिति के सदस्य ने शासन की योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दी

मलिन बस्तियों में शिविर लगाकर करें योजनाओं का प्रचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश कोऑर्डिनेटर केंद्रीय निगरानी समिति के सदस्य संतोष कुमार ने ग्राम बरखेड़ा सादात में ग्राम पंचायत के कार्यों का निरीक्षण किया और सरकार की योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी देकर जागरूक किया। ग्राम प्रधान उमेश कुमार ने समिति के सदस्य के पंचायत घर पहुंचने पर मालाओं से उनका स्वागत किया।

सोमवार को केंद्रीय निगरानी समिति के सदस्य संतोष कुमार निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गांव बरखेड़ा सादात पहुंचे। ग्राम पंचायत का निरीक्षण करने के बाद समिति सदस्य ने कताई मिल में बनाई गोशाला का निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने वहां की व्यवस्था को देखकर नाराजगी व्यक्त की और पशुओं के ठंड से बचाव के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद समिति सदस्य ने सरदार वल्लभभाई पटेल सभागार विकास भवन में स्वच्छ कार्य के लिए गठित की गई समिति की बैठक की। जिसमें उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में दलित, वंचितों के साथ भेदभाव या शोषण होता है तो कार्रवाई की जाएगी। संतोष कुमार ने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। बैठक में समिति सदस्य ने स्वच्छकारों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान सफाई कर्मियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं व्यवस्थाओं पर विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छकारों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाए और किसी भी कर्मचारी का उत्पीड़न न हो।

विकास भवन में बैठक करते केंद्रीय निगरानी समिति के सदस्य व अन्य। ● अमृत विचार

उन्होंने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जितने भी सफाई कर्मचारी जिनके जीएफ और ईएसआईसी कार्ड नहीं है, उनके पीएफ और ईएसआई कार्ड जारी किया जाए। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि विभाग की योजनाएं का प्रचार प्रसार मलिन बस्तियों में कैंप लगाकर किया जाए। बैठक के बाद वासुदेव तीर्थ मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए। इस दौरान जिला कोऑर्डिनेटर केंद्रीय निगरानी समिति चौधरी अमरीक सिंह, हरपाल सिंह, लोकेश यादव, सुरेंद्र कुमार गुप्ता, जसबीर कुमार, कृष्ण कुमार शामिल रहे।

एक नजर

चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष की मौत

बबराला, अमृत विचार : लेखपाल कॉलोनी निवासी चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष यादव की हृदयाघात से मौत हो गई। डॉ.संतोष यादव बदायूं जनपद के जरीफनगर स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में चिकित्सा अधिकारी पद पर तैनात थे। परिजनों ने बताया कि उनकी हृदयाघात से मृत्यु हुई है।

किशोर ने मारी स्कूटी में टक्कर, एक घायल

संभल, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला कोट पूर्वी में स्थित सरथल पुलिस चौकी के पास रविवार की देर रात नौ बजे मुहल्ले का किशोर सड़क पर तेज रफ्तार में बाइक चला रहा था। सामने से आ रहे मुहल्ला के ही हेमंत कुमार उर्फ हनी की स्कूटी में उसने टक्कर मार दी। मौका मिलते ही किशोर बाइक छोड़कर भाग गया। हादसे में हेमंत कुमार घायल हो गया। हेमंत को सड़क पर पड़ा देखकर भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने हेमंत का निजी डॉक्टर से उपचार कराया।

जुआ खेलते छह आरोपी गिरफ्तार, नकदी बरामद

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव शाहपुरी में स्थित खाली प्लाट में सोमवार को जुआ खेलने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दांव पर लगाई 4065 रुपये की नकदी कब्जे ले ली। जुआ खेल रहे शाहपुरी निवासी सगे भाई मुनिपाल व ऋषिपाल और गांव के ही ऋषिपाल, समर सिंह और सरायतरीन के मुहल्ला बरखेरियान निवासी मोहम्मद जाकिर उर्फ मटरु, वसीम उर्फ लाला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से पुलिस को 735 रुपये की नकदी बरामद हुई।

पेड़ से टकराई बाइक चालक घायल

संभल/जुनावई, अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र के गांव मेढोली निवासी ओमवीर सोमवार को बाइक पर सवार होकर थाना क्षेत्र के गांव काशीपुर निवासी अपने फुफेरे भाई के घर जा रहा था। ओमवीर जैसे ही जुनावई काशीपुर लिंक मार्ग पर स्थित मोड़ पर पहुंचा। तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकरा गई। जिसमें ओमवीर गंभीर रुप से घायल हो गया।

अब विपक्ष कर रहा राम के नाम पर राजनीति

जनपद दौरे पर पहुंचे प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह का विपक्ष पर हमला, मदरसों में भी रामायण पढ़ने को लेकर उत्सुकता

संवाददाता, बहजोई (संभल)

अमृत विचार : जनपद दौरे पर पहुंचे प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह ने विपक्षी नेताओं पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा राम मंदिर पर राजनीति नहीं करती। बल्कि अब विपक्ष राजनीति कर रहा है। निमंत्रण नहीं मिला तो कहते थे कि निमंत्रण नहीं दिया। निमंत्रण दिया तो वह राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में नहीं गए। उन्होंने कहा कि भाजपा एक समुद्र है नीतीश अब भाजपा रूपी समुद्र में मिल गए हैं। प्रदेश में भाजपा 80 की 80 सीट जीतेगी

जनपद दौरे के तहत कलेक्ट्रेट पर पहुंचे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि राम प्राण हैं, आधार हैं, आस्था है, सभ्यता है, व्यवस्था हैं। इसी को लेकर बीजेपी आगे बढ़ रही है।

पत्रकारों से वार्ता करते प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह। ● अमृत विचार

प्रेस वार्ता

- नीतीश अब भाजपा रूपी समुद्र में मिल गए हैं
- इस बार प्रदेश में भाजपा सभी 80 सीटें जीतेगी

अब ऐसी तस्वीर आ रही है कि मदरसे में भी रामायण पढ़ने के लिए उत्सुकता है। उन्होंने नीतीश के एनडीए में शामिल होने को लेकर कहा कि देर आए दुरुस्त आए। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी और समुद्र है, इस समुद्र में नदियां मिल रही हैं। उत्तर प्रदेश में भाजपा 80 की 80 सीट जीतेगी और देश में 400 लोकसभा की सीट जीतने का लक्ष्य पूरा होगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, जिला महामंत्री कमल कुमार कमल, बहजोई चेयरमैन राजेश शंकर राजू, कुमोद वार्ष्णेय, ललित मोहन शर्मा आदि मौजूद रहे।

पशुओं को छोड़ने वालों को दें नोटिस, न माने तो हो केस

बहजोई, अमृत विचार : मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि निराश्रित पशुओं से प्रदेश के सभी जिले जूझ रहे हैं। संभल की समस्या ज्यादा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निराश्रित पशुओं को गोशाला में आश्रय दिया जाए। निराश्रित पशुओं की ईयर टैगिंग की जाए। कोई भी व्यक्ति अगर पशुओं को छोड़ने का काम करता है तो उसे दो बार नोटिस दिया जाए। इसके बाद भी वह नहीं मानता है तो उसके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाए। कहा कि जनपद की सुरक्षा को लेकर एसपी को निर्देश दिए गए हैं। वहीं विकास की योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतरने के लिए डीएम से भी समीक्षा की गई है।

अयोध्या रामलला के दर्शन को लेकर मंत्री ने भाजपाइयों के साथ की बैठक

बहजोई, अमृत विचार : प्रदेश सरकार में मंत्री धर्मपाल सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत की। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उनके दर्शन करने को लेकर पहुंचने का आह्वान किया। अपने साथ लोगों को ले जाने की भी बात कही। वाहनों की व्यवस्था को लेकर भी उन्होंने कार्यकर्ताओं से चर्चा की। वहीं संभल लोकसभा की सीट को जीतने को लेकर उन्होंने कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत से तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अभी से तैयारी में जुट जाएं।

प्रभारी मंत्री का स्वागत करते नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल। ● अमृत विचार

प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह का नगर आगमन पर किया स्वागत

संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : नगर के सुभाष रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी कैंप कार्यालय पर सोमवार की दोपहर करीब ढाई बजे उत्तरप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं जनपद संभल के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह का भाजपाइयों ने स्वागत किया।

भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने प्रमुख पार्टी पदाधिकारियों के साथ कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल एवं बनियाखेड़ा ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुगन्धा सिंह का पटका पहनाकर व राम दरबार चित्र स्मृति स्वरूप भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ने पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान परमेश्वर लाल सैनी, गजराज सिंह, सतीश अरोरा, मनोज कठेरिया, अंकित जैन आदि रहे।

महिलाओं ने व्रत रखकर मनाया सकट चौथ पर्व

संभल/बबराला, अमृत विचार : जनपद में सकट चौथ का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। महिलाओं ने संतान को आपदाओं से बचाने, उनकी दीर्घायु और सुखी जीवन की कामना के साथ व्रत रखा।

सोमवार को महिलाओं ने भगवान विनायक और माता पार्वती की पूजा की। घर की बुजुर्ग महिलाओं से कथा सुनी। जिसमें भगवान गणेश द्वारा अपने पिता भगवान शिव को घर में प्रवेश न करने देने पर उनका सिर काटने और फिर माता पार्वती के आग्रह पर हाथी का सिर लाकर जीवनदान देने की कथा सुनाई। कथा सुनने के बाद महिलाओं ने गुड़ और तिल से बकरे की आकृति बनाकर बच्चों से घास से उसका गला अलग कराया। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में सकट चतुर्थी मनाई गई।

दिव्यांगों ने प्रदर्शन कर उठाई फ्री बिजली की मांग

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : दिव्यांग मोर्चा के बैनर तले दिव्यांगों ने बिजली विभाग के एक्सईएन दफ्तर पर प्रदर्शन कर फ्री बिजली और कनेक्शन दिए जाने की मांग उठाई। एक्सईएन को ज्ञापन सौंपकर मांगें पूरी नहीं होने पर भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी।

दिव्यांग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद कासिम के नेतृत्व में सोमवार को दिव्यांग बिजली विभाग के एक्सईएन दफ्तर पहुंचे। दिव्यांगों ने मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कहा कि सरकार को दिव्यांगों का मानदेय भत्ता 1000 रुपये से बढ़ाकर 5000 रुपये करना चाहिए। एक्सईएन नवीन गौतम को ज्ञापन सौंपकर राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद कासिम ने कहा कि दिव्यांगों को फ्री बिजली और

अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते दिव्यांग। ● अमृत विचार

- एक्सईएन को सौंपा ज्ञापन, मांग पूरी न होने पर दी भूख हड़ताल की चेतावनी

कनेक्शन दिया जाए। बिल शून्य पर निकाला जाए। अगर सरकार ऐसा नहीं करती है तो धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। राष्ट्रीय महासचिव डॉ. भूरे खान ने कहा कि मांग पूरी नहीं होने पर दिव्यांग भूख हड़ताल पर बैठने के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान नत्थू सैनी, कासिम अली, अंजार, अलाउद्दीन, मुमताज, राजकुमार, मोहम्मद अनीस, मियां जान, अमीर हुसैन, मोहम्मद मियां, फरमान, जफीर, सुहैल, हरि सिंह सैनी, विरमा देवी, अली हसन, वारिस अली, कल्लन, मोहम्मद रफी, असलम, रमेश, हेम सिंह, इरफान आदि रहे।

कोर्ट के आदेश पर मां व बेटे समेत 4 पर दुष्कर्म की रिपोर्ट

संभल, अमृत विचार: नखासा थाना पुलिस ने सोमवार को न्यायालय के आदेश पर मां बेटे सहित दो अज्ञात के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

आरोप है कि काविंद्र ने परिवार के ही कैलाश के साथ मिलकर मार्च माह में शराब पिलाकर बिना रुपये दिये ग्रामीण की जमीन का बैनामा अपनी मां मुन्नी के नाम करा लिया था। जानकारी होने पर तीन जुलाई को ग्रामीण की पत्नी ने थाने में काविंद्र, कैलाश व मुन्नी के खिलाफ तहरीर दी। दस जुलाई को काविंद्र व मुन्नी ग्रामीण के घर पहुंचे और पुलिस में शिकायत करने पर धमकी दी। ग्यारह जुलाई की रात ग्रामीण शराब के नशे में सोया हुआ था। आरोप है कि काविंद्र अपने दो साथियों के साथ ग्रामीण के घर पहुंचा। दोनों व्यक्तियों ने हाथ पकड़कर महिला का अपने हाथ से मुंह बंद कर लिया। काविंद्र दुष्कर्म करने के बाद महिला को धमकी देते हुए अपने साथियों के साथ भाग गया।

सार संक्षेप

राजकीय महाविद्यालय में शपथ लेते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

तनाव मुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करने के दिए टिप्स

संभल, अमृत विचार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा संवाद कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। छात्र छात्राओं ने सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर क्विज प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर शपथ भी ली। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. प्रभा शर्मा के निर्देशन में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का महत्व बताया। छात्र छात्राओं ने शिक्षा एवं परीक्षा के कारण उत्पन्न होने वाले तनाव के निवारण और कारण को जाना। उन्हें तनाव मुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करने के टिप्स दिए गए। प्राचार्य ने छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई और यातायात नियमों का पालन करने की बात कही। सड़क सुरक्षा संयोजक सचिन कुमार के निर्देशन में सड़क सुरक्षा पर हुई क्विज प्रतियोगिता में पूजा रानी प्रथम, मोनी गुप्ता द्वितीय और बुशरा तृतीय स्थान पर रहीं। प्राचार्य ने छात्रों को स्मार्टफोन भी वितरित किए। इस दौरान डॉ. राष्ट्रवर्द्धन, डॉ. जीत सिंह, डॉ. तनुज कुमार, डॉ. अब्दुल रहमान, डॉ. आसिम, मोहम्मद ऐजाज आदि मौजूद रहे।

शिलान्यास समारोह में शामिल होंगे पांच हजार संत

संभल, अमृत विचार : श्री कल्कि धाम ऐंचोड़ा कम्बोह में श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के सानिध्य में आयोजित बैठक में 19 फरवरी को श्री कल्कि धाम शिलान्यास समारोह के कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गयी। बैठक में कैला देवी धाम के महंत ऋषिराज गिरी ने कहा कि शिलान्यास समारोह में देश भर से पांच हजार संत-महंत शामिल होंगे। संतों के ठहरने आदि की व्यवस्था के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। समिति संयोजक महंत हरमनोज दास को बनाया गया। कहा गया कि संत महंतों के ठहरने के लिए तंबुओं का एक नगर बसाया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि यह संभल के लोगों के लिए बेहद गौरव का दिन होगा। बैठक के बाद सभी ने गर्भ गृह स्थल का निरीक्षण किया। अन्य व्यवस्थाओं के लिए कल्कि धाम से जुड़े लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गयीं। इस अवसर पर महंत दीनानाथ, खिलेंद्र सिंह, आचार्य दुष्यंत शास्त्री, यशवीर सिंह, नवलवीर सिंह, युद्धवीर सिंह, लवकुश शर्मा आदि मौजूद रहे।

किसानों का धरना जारी, महापंचायत आज

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले अंडरपास निर्माण के लिए किसानों का धरना छठे दिन भी जारी रहा। किसानों ने धरना स्थल पर मांग को लेकर नारेबाजी की। भाकियू असली पदाधिकारियों ने मंगलवार को होने वाली महापंचायत को सफल बनाने के लिए कई गांवों में किसानों से संपर्क किया।

मेरठ से प्रयागराज तक जा रहे गंगा एक्सप्रेस वे को लेकर गांव भटौला और हिसामपुर के बीच अंडरपास निर्माण की मांग उठ रही है। जिसे लेकर भाकियू असली से जुड़े किसान धरना दे रहे हैं। सोमवार को धरनास्थल पर किसानों ने मांग को लेकर नारेबाजी की। कहा कि जब तक अंडरपास निर्माण शुरू नहीं हो जाता, तब तक धरना जारी रहेगा। मंगलवार को धरना स्थल पर महापंचायत

गंगा एक्सप्रेस वे पर अंडरपास की मांग को लेकर धरना देते किसान। ● अमृत विचार

अंडरपास निर्माण

- भाकियू असली के पदाधिकारियों ने महापंचायत की सफलता को किसानों से किया संपर्क

होगी। जिसे राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह संबोधित करेंगे। भाकियू असली के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने महापंचायत की तैयारी को लेकर टीमें बनाकर गांव-गांव किसानों से संपर्क किया। किसानों से महापंचायत में पहुंचने की अपील की। इस दौरान प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश चौधरी संजीव गांधी, जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, दिनेश सिरोही, राहिद, सुलेमान, जयवीर यादव, अशोक कुमार, गनपत, सुरेश, रामकिशन आदि रहे।

धूप से मिली राहत, शाम को सर्दी में ठिठुरे लोग

संभल, अमृत विचार : कड़ाके की सर्दी के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सोमवार को सुबह घना कोहरा रहा तो लोग भी दिक्कतों से जूझे। दोपहर में गुनगुनी धूप से राहत मिली। शाम होते ही सर्दी का सितम बढ़ने पर लोग ठिठुरते हुए नजर आए।

जनवरी के आखिरी दिनों में भी कड़ाके की सर्दी के कारण लोग परेशान हैं। सोमवार को सुबह घना कोहरा छाया रहने के चलते मुख्य मार्गों पर वाहनों की रफ्तार थमी रही। लोगों ने ठिठुरते हुए कामकाज वाले स्थानों का रुख किया। हालांकि दोपहर में सूर्यदेव ने दर्शन दिए तो गुनगुनी धूप निकलने पर राहत महसूस की गई। लोगों ने घरों की छतों पर धूप का आनंद लिया, लेकिन जैसे ही वक्त शाम का हुआ तो सर्दी का सितम बढ़ गया। संभल के अलावा सिरसी, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में भी कड़ाके की सर्दी में लोग परेशान हैं।

बरेली ने स्टार इलेवन को 94 रनों से हराया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : नगर से सटे कैथल गांव स्थित मैदान में स्व. सेठ लक्ष्मी नारायण टनाटन मेमोरियल आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर इज्जतनगर बरेली की टीम ने स्टार इलेवन चन्दौसी को 94 रनों से हरा कर जीत हासिल की। अजय कुमार मैन ऑफ द मैच रहे।

सोमवार को इज्जतनगर बरेली और स्टार इलेवन चन्दौसी के बीच मैच खेला गया। बरेली ने टॉस जीत कर पहले बलेबाजी का निर्णय लिया। बरेली के बल्लेबाजों ने धुआंधार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 237 रन बनाए। बरेली की ओर से रोहित ने 52 रन व मनोज ने 43 रन रनों का योगदान टीम को दिया। इलेवन स्टार के गेंदबाज अफरोज व अज़हर ने

अजय कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते अतिथि।

2-2 विकेट झटके। जबाव में स्टार इलेवन की टीम बरेली की गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सके और 145 रन बना कर ढेर हो गई। स्टार इलेवन की ओर से मुशाहिद ने सर्वाधिक 38 रन बनाए। बरेली की ओर से गेंदबाज अजय कुमार व कैलाश सिंह ने 3-3 विकेट लिये। इस प्रकार बरेली ने 94 रन से मैच जीत लिया। राहुल टनाटन ने बरेली के खिलाड़ी अजय कुमार को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया।

भारत जोड़ो न्याय पदयात्रा निकालते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

हम देश जोड़ने निकले हैं, चलो हमारे साथ...

संभल, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में वार्ड स्तरीय भारत जोड़ो न्याय पदयात्रा निकाली। कांग्रेस कार्यकर्ता रघुपति राघव राजा राम गीत गुनगुनाते हुए सड़कों पर निकले। शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय पदयात्रा चंदौसी चौराहा से शुरु हुई। भारत जोड़ो न्याय पदयात्रा चंदौसी चौराहे से रोडवेज बस अड्डा, अस्पताल चौराहा, शंकर कॉलेज चौराहा व चरण सिंह पार्क होते हुए चंदौसी चौराहा पर समाप्त हुई। कांग्रेस कार्यकर्ता रघुपति राघव राजा राम पतित के पावन सीताराम गीत व हम देश जोड़ने निकले हैं, चलो हमारे साथ चलो,के नारों के साथ आगे बढ़ रहे थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि पूरे देश में भाजपा की हिटलर शाही सरकार में नफरत का माहौल है। हर तरफ भ्रष्टाचार, बेरोजगारी व महंगाई है। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद, मुशीर खां तरीन, आरिफ तुर्की, इरफान अली, वाहिद एडवोकेट, सुभान फैजी तुर्की, सत्येंद्र एडवोकेट, चुन्नीलाल, विकेश चौधरी, फिरासत खान, इफ्तिखार कुरैशी, शमीम अब्बास आदि रहे।

जिला अस्पताल परिसर में स्ट्रेचर के इंतजार में वाहन में पड़ा घायल।

जिला अस्पताल में स्ट्रेचर के इंतजार में तड़पा घायल

संवाददाता, संभल

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा निवासी बलराम व हयातनगर में अंबेडकर गेट निवासी अजब सिंह बाइक पर सवार होकर गांव रसूलपुर धतरा जा रहे थे। मुजफ्फरपुर गांव के पास बजरी से लदी ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बलराम व अजब सिंह गंभीर रुप से घायल हो गए।

पुलिस ने घायलों को टाटा मैजिक से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। यहां स्वास्थ्य कर्मी बलराम को स्ट्रेचर से इमरजेंसी में ले गए, लेकिन अजब सिंह काफी देर तक टाटा मैजिक में पड़ा तड़पता रहा। करीब दस मिनट के बाद अजब सिंह को टाटा मैजिक से उतारकर उपचार के लिए इमरजेंसी वार्ड में ले जाया गया।

हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर बलराम को रेफर कर दिया।

युवती से दुष्कर्म करने का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

चन्दौसी, अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की युवती ने मुरादाबाद के युवक पर घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास करने व मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो व मैसेज करने का आरोप लगाया है। युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

युवती ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि मुरादाबाद के लाजपत नगर का युवक साहब अपने मोबाइल पर युवती की इंस्टाग्राम आईडी पर अश्लील वीडियो व फोटो भेजता है। आए दिन युवती के मोबाइल पर मैसेज व कॉल करके परेशान करता है। रविवार की दोपहर एक बजे युवती अपने कमरे में थी, तभी उक्त युवक उसके कमरे में घुस गया और युवती को जमीन पर गिराकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। युवती के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंच गए और युवती को बचाया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई।

निर्माणाधीन गेस्ट हाउस का निरीक्षण करते डीएम मनीष बंसल। ● अमृत विचार

निर्माणाधीन गेस्ट हाउस का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : बहजोई राजपुर मार्ग पर निर्माणाधीन गेस्ट हाउस का जिलाधिकारी मनीष बंसल ने औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने गेस्ट हाउस के निर्माण के बारे में मौजूद अधिकारियों से जानकारी की। गेस्ट हाउस का निर्माण समय से गुणवत्ता पूर्वक करने का अधिकारियों को निर्देश दिए।

बहजोई राजपुर मार्ग पर बना रहे गेस्ट हाउस का निरीक्षण करने के लिए डीएम मनीष बंसल पहुंच गए। जहां उन्होंने निर्माणाधीन गेस्ट हाउस के बारे में अधिकारियों से जानकारी की। उन्होंने गेस्ट हाउस की गुणवत्ता को भी देखा। डीएम ने मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए की गेस्ट हाउस को गुणवत्ता के अनुसार बनाया जाए। इस बात का ख्याल रखा जाए कि गेस्ट हाउस का समय से निर्माण किया जाए। जो अवधि रखी है उसी अवधि में निर्माण कार्य पूरा होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि इस मामले में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

महिला और युवक को मारपीट कर किया घायल

चन्दौसी, अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लक्ष्मणगंज में महिला व युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद सहित तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। घायलों का उपचार सीएचसी में कराया गया है। मोहल्ला लक्ष्मणगंज निवासी महिला नरगिस पत्नी लतीफ ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि रविवार की दोपहर ढाई बजे वह अपने घर में बैठी थी। तभी मोहल्ले का शाहरुख दो अन्य लोगों के साथ जबरन घर में घुस आया और गाली-गलौज करने लगा। महिला के विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दिया। जब महिला का भांजा उसे बचाना पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। शोर-शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। महिला की तहरीर पर पुलिस ने शाहरुख निवासी लक्ष्मणगंज व दो अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

सड़क हादसे में बाल बाल बचीं जज

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर महिला जज की कार पेड़ से टकराकर पलट गई लेकिन जज सकुशल रहीं। लोगों ने जज साहिबा को बाहर निकालकर कार को सीधा किया। महिला जज सोमवार को खुद ही कार चलाकर संभल की तरफ आ रही थीं। सुबह नौ बजे वह कार लेकर नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव कुरकावली व रिठाली के बीच हादसे का शिकार हो गईं। कार सड़क किनारे लगे पिलर को तोड़ती हुई कार पेड़ से टकराकर पलट गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि समय रहते कार के एयरबैग खुल गए। जिससे जज बाल बाल बच गईं।

बीडीओ ने दिए नाला निर्माण के निर्देश

असमोली, अमृत विचार : खंड विकास अधिकारी असमोली अजीत सिंह ने सोमवार को रचैटा गांव का दौरा कर गांव में किये जा रहे नाला निर्माण के काम को देखा। बीडीओ ने जलभराव रोकने के लिए दोनों तरफ नाले बनाने के निर्देश दिये। रचैटा गांव में बनाये जा रहे नाले को लेकर शिकायत की गई थी कि नाले का ढलान अंत्येष्टि स्थल की तरफ किया गया है। इस शिकायत का सच जानकर निस्तारण करने की मंशा से सोमवार को खंड विकास अधिकारी अजीत सिंह ने गांव में पहुंचकर नाला निर्माण का काम देखा।

एक नजर

इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाएं एक फरवरी से

चन्दौसी, अमृत विचार : सरदार सिंह इंटर कालेज नरौली में इंटर 2024 की बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षाएं एक फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं। ये जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य ने बताया कि इंटर कृषि, भौतिक विज्ञान भाग-एक, इंटर कृषि रसायन विज्ञान, इंटर कृषि जन्तु विज्ञान, इंटर कृषि पशुपालन परीक्षा एक फरवरी को सुबह 10 बजे से कालेज परिसर में होगी। उन्होंने विद्यार्थियों से समय से कॉलेज परिसर में उपस्थित होने का आह्वान किया है।

सीओ से आरोपियों की गिरफ्तारी की लगाई गुहार

संभल अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला आलम सराय निवासी अजय राजपूत उर्फ बाबू को शनिवार को रात विवाद के चलते गोली मारकर घायल कर दिया गया था। अजय राजपूत की पत्नी सोनी ने चमन, विनेश और अभिषेक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोमवार को रात अजय राजपूत के परिजन सीओ दफ्तर पहुंचे। सीओ ने परिजनों को जल्द ही कार्रवाई का आश्वासन दिया।

मजदूरों को चाय-बिस्किट का किया वितरण

चन्दौसी, अमृत विचार : जायंट्स ग्रुप वूमेन शिखर ने सोमवार को सर्दी के मद्देनजर मजदूरों को ठंड से राहत दिलाने के लिए चाय और बिस्किट का वितरण किया। सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अध्यक्ष शालिनी शर्मा, सचिव शालिनी सक्सेना, रागिनी सैनी ने कहा कि हमें हमेशा जरुरतमंदों की मदद करनी चाहिए।

देर रात शकरपुर में ग्रामीण में कैचर वाहन घेरा

संभल, अमृत विचार : संभल के कैला देवी थाना क्षेत्र में शकरपुर गांव के निकट दिए रात कैचर वाहन से गोवंशीय पशु छोड़ने को लेकर ग्रामीण भड़क उठे। ग्रामीणों ने वाहन को घेर लिया। सारंगपुर गांव के लोग पंवासा विकासखंड के सरकारी कैचर वाहन में गोवंशीय पशुओं को लादकर गवा क्षेत्र में छोड़ने के लिए गए थे। वहां विरोध हो गया तो ग्रामीण वापस लौट आए। देर रात शकरपुर गांव में पशुओं को उतारने का प्रयास शुरू किया तो शकरपुर व आसपास गांव के लोग इकट्ठा होकर पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है।

ग्रामीणों ने एमआरएफ सेंटर में बंद किए छुट्टा पशु

असमोली क्षेत्र के गांव गुमसानी का मामला, मौके पर पहुंचे ग्राम पंचायत सचिव ने अस्थाई गोशाला भिजवाया

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

अमृत विचार : असमोली क्षेत्र के गांव गुमसानी में ग्रामीणों ने घेरकर दो दर्जन से अधिक छुट्टा गोवंश एमआरएफ सेंटर में बंद कर दिए। जिसकी जानकारी ब्लॉक के अधिकारियों को हुई तो ग्राम पंचायत सचिव मौके पर पहुंचे। सचिव ने करीब एक दर्जन छुट्टा गोवंश पशु दूसरे गांव की अस्थाई गोशाला भिजवाया। अन्य पशुओं को भी गोशाला भेजने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया।

असमोली क्षेत्र में छुट्टा गोवंश पशुओं के कारण फसलों को नुकसान हो रहा है। गांव गुमसानी में भी छुट्टा गोवंश पशुओं से लोग परेशान हैं। सोमवार को ग्रामीणों ने छुट्टा गोवंश पशुओं की घेराबंदी की।

पशुओं को घेरकर एमआरएफ सेंटर में बंद करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

भाजपा रहटौल मंडल उपाध्यक्ष ठाकुर रितिक राजपूत के सहयोग से ग्रामीणों ने दो दर्जन से अधिक छुट्टा गोवंश पशुओं को पकड़कर गांव के ही एमआरएफ सेंटर में बंद कर दिए। ग्रामीणों द्वारा छुट्टा गोवंश पशुओं को बंद किए जाने की सूचना ब्लॉक के अधिकारियों को मिली तो ग्राम पंचायत सचिव कुनाल मौके पर पहुंच गए। सचिव ने एमआरएफ सेंटर से नौ छुट्टा गोवंश पशुओं को वाहन में लदवाकर गांव बिलालपत की अस्थाई गोशाला भिजवा दिया। सचिव ने ग्रामीणों का आश्वासन दिया कि एमआरएफ सेंटर में बचे 19 छुट्टा गोवंश पशुओं को जल्द ही दूसरी गोशाला भेजा जाएगा। तब तक ग्राम प्रधान और ग्रामीण पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था करेंगे। पशुओं की देखभाल की जाएगी।

गोशाला में तोड़फोड़ व मारपीट में आठ लोग नामजद और 25 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट

संभल/जुनावई, अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र में अस्थाई गोशाला पहुंचकर लोगों ने गेट तोड़ दिया और गोशाला में भी तोड़फोड़ की। इतना ही नहीं, केयरटेकर से मारपीट की गई। इस मामले में प्रधान के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आठ नामजद और 20-25 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के गांव असदपुर में अस्थाई गोशाला है। 28 दिसंबर को अस्थाई गोशाला केयरटेकर रामअवतार निवासी गांव दिनौरा थाना धनारी था। तभी गांव खेरिया रुद्र और खेरिया उत्तम के लोग पहुंच गए। लोगों ने आरोप लगाया कि गौशाला से पशुओं को निकाल दिया जाता है जो फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। इसी को लेकर लोगों और केयरटेकर रामअवतार के बीच विवाद हो गया। रामअवतार गौशाला के गेट की चाबी लेने गया तो लोगों ने गेट को तोड़ दिया। गौशाला में रखे सामान में तोड़फोड़ की। इतना ही नहीं, केयरटेकर रामअवतार के साथ मारपीट की गई। सूचना मिलने पर प्रधान के पिता सोमवीर सिंह भी पहुंच गए। लोगों ने प्रधान के पिता को भी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में सोमवीर सिंह ने महेश पुत्र रामलखन, महेश पुत्र रामसेवक, ओमप्रकाश, जोगेंद्र, राजवीर, गीतम, भारत, आराम सिंह 20-25 अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

लोगों ने रोका पशुओं से लदा वाहन, हंगामा

संभल, अमृत विचार : गवां के पास कैचर वाहन में लदे गोवंशीय पशुओं को उतारने का प्रयास किया गया तो लोग भड़क गये और वाहन को रोक लिया। पता चला कि जिस कैचर वाहन में पशु लदे थे वह पंवासा ब्लाक का था। हंगामे पर पहुंची पुलिस ने कैचर वाहन को वापस करा दिया। रजपुरा विकास खंड क्षेत्र में गवां के निकट एक कैचर वाहन को रुका देख लोग पहुंचे तो पता चला कि वाहन में गोवंशीय पशु लदे थे जिन्हें उतारने की तैयारी की जा रही थी। इस पर ग्रामीणों ने पशु उतारने का विरोध कर हंगामा शुरु कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि वह अपने क्षेत्र में गोवंशीय पशुओं को नहीं छोड़ने देंगे। हंगामे की सूचना पर रजपुरा थाना पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने जानकारी की तो पता चला कि कैचर वाहन पंवासा विकासखंड का था। उसमें लदे पशुओं को लेकर सारंगपुर गांव के लोग आये थे।

शिक्षक को बीएसए ने किया निलंबित

बदायूं, अमृत विचार : दहगवां ब्लॉक के एक स्कूल में कार्यरत शिक्षक को बीएसए ने निलंबित कर दिया है। उस पर एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए शिक्षा विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसकी बीईओ द्वारा जांच की गई। पता चला कि वह कई माह से स्कूल नहीं आ रहा है। जांच आख्या मिलने पर बीएसए ने शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की है।

जिला बुलंदशहर निवासी एक महिला द्वारा ब्लॉक दहगवां के प्राथमिक स्कूल आंतर में कार्यरत शिक्षक पवन कुमार के खिलाफ बेसिक शिक्षा विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें महिला ने शिक्षक पर दुष्कर्म करने और जान से मारने का आरोप लगाया है। साथ ही अवगत कराया है कि शिक्षक के खिलाफ जिला गाजियाबाद के थाना घंटाघर में मुकदमा दर्ज है। तथा शिक्षक इन आरोपों के तहत जेल में निरुद्ध रह चुका है। महिला ने अपने शिकायती पत्र में शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

पुत्र की मौत से माता-पिता सदमे में

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद मार्ग पर कार की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत से परिवार सदमे में है। 15 वर्षीय छात्र अपने माता-पिता का लाडला था। घटना की सूचना मिलने पर सीएचसी पहुंचे माता-पिता विलाप कर रहे थे। जबकि परिचित व रिश्तेदार दोनों को ढांढस बंधा रहे थे।

जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सिसरका निवासी चंद्र प्रकाश चन्दौसी में सीता रोड स्थित नानक चंद्र इंटर कॉलेज में चौकीदार के पद पर कार्यरत है। वह रोजाना ड्यूटी करने विद्यालय आते हैं। सोमवार की सुबह पिता रोजाना की तरह जल्दी विद्यालय ड्यूटी करने चले गए। जबकि अपने साथियों के साथ प्री-बोर्ड की परीक्षा देने जा रहे अरुण कुमार की हादसे में मौत हो गई। जब पिता को अपने पुत्र की हादसे में मौत की सूचना मिली तो वह सन्न रह गए। कुछ देर बाद सीएचसी पहुंचे। सीएचसी में काफी देर तक पुत्र के शव को देखते रहे। कुछ देर बाद छात्र की मां मीना भी पहुंच गई और शव से लिपट कर विलाप करने लगी।

चन्दौसी सीएचसी में सड़क हादसे में छात्र की मौत पर विलाप करती महिला।

> पिता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कार को कब्जे में ले लिया है। चालक की तलाश की जा रही है।
>
> -मोहित कुमार काजला, प्रभारी, थाना बनियाठेर।

हादसे में क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो व बाइक।

चोरी की भैंसों के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

बहजोई, अमृत विचार : पुलिस ने दो भैंस चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की दो भैंस एक चाकू बरामद हुए हैं। पुलिस ने दोनों बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यायालय पेश किया है।

कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि कैलादेवी चौराहे पर दो भैंस चोर चोरी की भैंस लेकर जा रहे हैं। जिस पर कोतवाल सत्येंद्र पवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां पर उन्होंने भैंस ले जा रहे लोगों को टोका तो पुलिस के टोकने पर बदमाश फरार होने की कोशिश करने लगे। जिस पर पुलिस ने कुछ दूरी पर जाकर उन्हें हिरासत में ले लिया। उन्होंने अपना नाम आस मोहम्मद उर्फ गोविंद पुत्र इकबाल कस्बा व थाना रजपुरा व सदाकत पुत्र हाजी शौकत निवासी उझारी थाना सैदनगली जनपद अमरोहा बताया।

स्कूली बच्चों के साथ पीसीएस कुमारी निधि। ● अमृत विचार

मेहनत से पढ़ें तो जरूर मिलेगी कामयाबी

संवाददाता, संभल/ओबरी

अमृत विचार : यूपीएससी परीक्षा में अच्छी रैंक हासिल कर एसडीएम बनीं कुमारी निधि ने मनोटा में स्थित दा विस्डम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राओं से संवाद किया।

उन्होंने छात्र छात्राओं को लगन और मेहनत से पढ़कर कामयाबी हासिल करने को प्रेरित किया। यूपीएससी परीक्षा में 39 वीं रैंक हासिल कर एसडीएम बनीं अमरोहा जनपद की तहसील हसनपुर के नया गांव निवासी वीरपाल सिंह की बेटी कुमारी निधि सोमवार को असमोली क्षेत्र के गांव मनोटा में ननिहाल पहुंचीं। उन्होंने दा विस्डम इंटरनेशनल स्कूल में चल रहे कार्यक्रम में हिस्सा लेकर बच्चों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों से अपनी पढ़ाई लिखाई के बारे में जानकारी साझा की। कहा कि बच्चे लगन और मेहनत से पढ़ें। जिससे कामयाबी जरूर मिलेगी। स्कूल स्टाफ ने कुमारी निधि को श्रीकृष्ण-राधा की मूर्ति भेंट की। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक ललतू सिंह शर्मा, प्रधानाचार्य ऊषा रानी, अश्किया सय्यद, पीयूषी शर्मा, इनशिया फातिमा, अभिषेक यादव, योगिता यादव, लक्ष्मी यादव, नीतू सैनी आदि रहे।

सड़क किनारे मिला शव बीमारी से हुई थी मौत

बदायूं, अमृत विचार : कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में बालाजी मंदिर के पास एक व्यक्ति का शव मिला। पुलिस ने उसकी शिनाख्त का प्रयास किया। कोतवाली सहसवान क्षेत्र के एक व्यक्ति ने अपने पिता के रूप में शिनाख्त की।

सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि बालाजी मंदिर के पास में कोई व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा है। शेखूपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने आसपास के लोगों से उसके बारे में पूछताछ की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस को लगा हो सकता है कि वह व्यक्ति बड़े सरकार की दरगाह पर आया हो। वहां भी जानकारी की गई। कुछ समय के बाद कोतवाली सहसवान क्षेत्र के कस्बा पठान टोला निवासी इस्लाम पुलिस के पास पहुंचे। उसने पुलिस को बताया कि मृत व्यक्ति उसके पिता बाबू शाह हैं।

अवैध अस्पताल को सील कराते एसडीएम व नोडल अधिकारी। ● अमृत विचार

नोडल अधिकारी ने छापेमारी कर क्लीनिक को किया सील

संवाददाता, संभल/रजपुरा

अमृत विचार : जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम ने कस्बा गवां में छापेमारी करके अवैध क्लीनिक को सील कर दिया। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई। इस बीच कई झोलाछाप क्लीनिक बंद कर निकल गए।

एसडीएम रमेश बाबू की अगुवाई में बीडीओ अमरजीत सिंह, नोडल अधिकारी डॉ.मनमोहन शर्मा ने सोमवार को शाम रजपुरा क्षेत्र के कस्बा गवां में गायत्री नर्सिंग होम पर छापेमारी की। कागज नहीं दिखाने पर टीम ने अवैध क्लीनिक को सील कर दिया। इस छापेमारी की सूचना मिलने पर कई झोलाछाप डॉक्टर क्लीनिक बंद कर निकल गए। डॉ.मनमोहन शर्मा ने बताया कि अवैध अस्पताल को सील किया गया है। संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दी है।

जंगल में शिकार करते तीन लोग दबोचे

बदायूं, अमृत विचार : थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने जंगली शूकर का शिकार करते हुए दो लोगों को मौके से गिरफ्तार किया है जबकि एक व्यक्ति फरार हो गया। उनके पास से पिकअप में भरे 10 शूकर बरामद हुए। बाद में पुलिस ने फरार हुए आरोपी को भी पकड़ लिया। तीन आरोपियों के खिलाफ पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम, वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा गया है।

पशु प्रेमी गांव सिरसौली निवासी संजीव कुमार, पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था के अध्यक्ष विकेंद्र शर्मा, मयंक प्रताप सिंह, सूर्या शर्मा रविवार रात लगभग नौ बजे बिसौली क्षेत्र में चोटिल बंदर का रेस्क्यू करने गए थे। आसफपुर मार्ग से गुजरे तो एक पिकअप पर नजर गई। इसमें कुछ संदिग्ध लोग बैठे थे। पास जाकर देखा तो पिकअप में जंगली शूकर भरे पड़े थे।

परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : बीएमजी इंटर कॉलेज में प्रधानमंत्री के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण छात्राओं को दिखाया गया। जिसमें प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में परीक्षा के दौरान छात्र-छात्राओं को आने वाली समस्याओं का निराकरण किया। इस दौरान राज्यमंत्री गुलाब देवी भी कार्यक्रम के दौरान मौजूद रही। राज्यमंत्री ने भी छात्राओं द्वारा पूछे के सवालों का जवाब देकर परीक्षा की तैयारी में जुटने का आह्वान किया।

सोमवार को बीएमजी इंटर कॉलेज में एलईडी पर प्रधानमंत्री के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में आने वाली परेशानियों को लेकर प्रधानमंत्री से सवाल पूछे, उन सवालों को प्रधानमंत्री ने

परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करतीं राज्यमंत्री गुलाब देवी। ● अमृत विचार

▸▸ राज्यमंत्री गुलाब देवी ने दिए छात्राओं के सवालों के जवाब

जवाब दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने कार्यक्रम को गंभीरता देखा व सुना।

कार्यक्रम के उपरांत राज्यमंत्री गुलाब देवी ने छात्राओं से कहा कि प्रधानमंत्री की बातों पर अमल करें। परीक्षाओं को लेकर छात्राएं अपने मन में कोई भ्रम न पालें।

राज्यमंत्री ने छात्राओं द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब भी दिए। कहा कि परीक्षा हर वर्ष आती है, इसलिए परीक्षा की तैयारी करें। कोशिश यह करें कि प्रश्न पत्र में पूछे गए सभी सवालों के उत्तर जरुर लिखें। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा सागर, राजकीय इंटर कॉलेज लहरावन के प्रधानाचार्य सीपी सिंह, विद्यालय के प्राधिकृत नियंत्रक कृष्ण कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक वेद राम सहित विद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

रिश्वत लेते चौकी इंचार्ज समेत दो लोग गिरफ्तार

संवाददाता, सहसवान (बदायूं)

अमृत विचार : बरेली की एंटी करप्शन टीम ने पुलिस चौकी इंचार्ज समेत दो लोगों को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को पकड़कर कोतवाली सदर लाई। जहां उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने आरोपी चौकी इंचार्ज को निलंबित कर दिया है। विभागीय जांच शुरू की गई है।

थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव समसपुर कूबरी निवासी विजेंद्र कुमार ने 26 जनवरी को ग्राम प्रधान के भाई प्रदीप और प्रेमपाल के खिलाफ मारपीट और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस चौकी दहगवां के चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह मामले की विवेचना कर रहे थे। आरोपी प्रेमपाल ने गांव निवासी दलाल ऋषिपाल सिंह पुत्र

▸▸ मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगाने के नाम पर चौकी इंचार्ज ने मांगे थे 20 हजार रुपये

ज्ञान से संपर्क किया। उसने चौकी इंचार्ज से सेटिंग कराई। चौकी इंचार्ज ने मामले में फाइनल रिपोर्ट लगाने के नाम पर 20 हजार रुपये की मांग की। प्रेमपाल ने बरेली की एंटी करप्शन टीम से शिकायत की और खुद को निर्दोष बताया।

एंटी करप्शन के सीओ यशपाल सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सान्याल, ट्रैप टीम प्रभारी इश्तियाक वारसी की टीम ने जाल बिछाया। टीम के बताने के अनुसार प्रेमपाल ने दलाल ऋषिपाल सिंह को 20 हजार रुपये दिए। दलाल ने चौकी इंचार्ज देवेंद्र सिंह को रिश्वत के 20 हजार रुपये दिए। एंटी करप्शन की टीम ने दोपहर एक बजकर 56 मिनट पर उपनिरीक्षक और दलाल को रंगे हाथों पकड़ लिया।

स्वास्थ्य सांस और खुजली के मरीजों की संख्या में हो रहा इजाफा, चिकित्सक एहतियात बरतने की दे रहे सलाह

बुजुर्गों को सर्दी में परेशानी, सीएचसी में रोगियों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : ठंड ने बुजुर्गों का जीना मुहाल कर दिया है। ठंड के कारण बुजुर्गों का सांस फूलने लगा है। साथ ही खुजली के मरीज भी काफी संख्या में उपचार कराने पहुंच रहे हैं। वहीं चिकित्सक भी मरीजों को ठंड में एहतियात बरने के साथ-साथ जरुरत होने पर ही घर से बाहर निकलने की सलाह दे रहे हैं।

जनवरी का अंतिम चरण है। मगर ठंड कम होते नहीं दिख रही है। जिससे बुजुर्गों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिक ठंड होने से बुजुर्गों में सांस लेने में दिक्कत होती है। इस तरह के मरीज सीएचसी में रोजाना 50 से 60 की संख्या में उपचार कराने पहुंच रहे हैं। इसके अलावा ठंड होने से खुजली के मरीज भी आ रहे हैं। जिसका मुख्य कारण गर्म कपड़े अधिक पहनना बताया जा रहा है। साथ ही ठंड में बुखार, खांसी, जुखाम के मरीज भी उपचार कराने पहुंच रहे हैं। सीएचसी में रोजाना 600 से अधिक मरीज उपचार कराने पहुंच रहे हैं। जिससे सुबह आठ बजे से पर्चा बनवाने, चिकित्सक से उपचार कराने व दवा लेने वालों की लंबी-लंबी कतारें लग जाती हैं। चिकित्सकों का कहना है कि बुखार व अन्य परेशानी होने पर परामर्श के बाद दवा का सेवन करें।

चन्दौसी सीएचसी में मरीजों का उपचार करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

बरते सावधानियां

- ठंड होने पर गर्म पानी का सेवन करें, ठंडा पानी बिल्कुल नहीं पीएं।
- ठंड में पर्याप्त गर्म कपड़े पहनकर ही घर से बाहर निकले।
- बासी भोजन न करें, ताजा भोजन का ही सेवन करें।
- बाजार की तली-भुनी खाद्य सामग्री का सेवन करने से बचें।
- रात को भी गर्म कपड़े पहनकर ही सोए।

> ठंड अधिक होने से बुजुर्गों को सांस लेने में दिक्कत होने लगती है। साथ ही ठंड में लगातार गर्म कपड़े पहने रहने से खुजली की समस्या आ रही है। ठंड से बचने की कोशिश करें।
>
> -हरविंदर सिंह, प्रभारी, सीएचसी

कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुन श्रद्धालु भाव विभोर

कार्यालय संवाददाता, बनियाठेर/चन्दौसी

अमृत विचार : थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव गुमथल के रामलीला ग्राउंड के निकट स्थित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग सुन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए और इस दौरान आयोजित भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे।

कथा वाचक सुधीर कुमार शास्त्री ने कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का विस्तार से वर्णन किया। कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अपने भक्तों का उद्धार करने व पृथ्वी को दैत्य शक्तियों से मुक्त करने के लिए अवतार लिया था। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है। तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। इस दौरान

कथा वाचक सुधीर कुमार शास्त्री।

▸▸ गांव गुमथल स्थित शिव मंदिर में भागवत कथा का पांचवां दिन

बधाईयां गाई गईं। भजनों को सुन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए और अपने स्थान पर खड़े होकर नृत्य करने लगे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान नीरज प्रजापति, आशा प्रजापति, रजनी, बबिता, नीलम देवी, शकुंतला देवी, मिथिलेश प्रजापति, रुक्मिणी, कविता, अनीता, सुशीला, वीरवती, कमल राकेश दिवाकर, संजय शर्मा, ओमप्रकाश, कपिल, वासुदेव आदि रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

क्षिप्रं विजानाति चिरं शृणोति विज्ञाय चार्थं भते न कामात्।
नासम्पृष्टो व्युपयुङ्क्ते परार्थे तत् प्रज्ञानं प्रथमं पण्डितस्य॥

ज्ञानी लोग किसी भी विषय को शीघ्र समझ लेते हैं,लेकिन उसे धैर्यपूर्वक देर तक सुनते रहते हैं ।किसी भी कार्य को कर्तव्य समझकर करते है, कामना समझकर नहीं और व्यर्थ किसी के विषय में बात नहीं करते।

संपादकीय

बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर

बिगड़ती भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद, भारत 2024 में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। भारत को आगामी वित्तीय वर्ष में 7 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद है। लाल सागर में हाल की घटनाओं ने वैश्विक सप्लाई चेन पर निर्भरता को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। वैश्विक व्यापार में पहले से ही धीमी वृद्धि है। यदि सप्लाई चेन में व्यवधान जारी रहा तो यह व्यापार, परिवहन लागत, आर्थिक उत्पादन और वैश्विक मुद्रास्फीति को प्रभावित कर सकता है। हालांकि भारत इन उभरती चुनौतियों के प्रबंधन को लेकर आश्वस्त है। अगले तीन वर्षों में भारत के पांच लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी)के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है। अगले वित्त वर्ष का केंद्रीय बजट प्रस्तुत किए जाने से पहले वित्त मंत्रालय की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लोकसभा में अंतरिम बजट पेश करने वाली हैं। ध्यान रहे दस साल पहले भारत 1.9 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ दुनिया की 10वीं बड़ी अर्थव्यवस्था था। वित्त मंत्रालय ने अर्थव्यवस्था की जनवरी माह की समीक्षा रिपोर्ट में कहा है कि 10 साल की यह यात्रा ठोस एवं क्रमिक दोनों तरह के कई सुधारों से गुजरी है। इससे देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत के विकसित देश बनने का एक बड़ा लक्ष्य रखा है। सुधारों की यात्रा जारी रहने के साथ, यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। साथ ही राज्य सरकारों की पूर्ण भागीदारी से चल रहे सुधार अधिक उद्देश्यपूर्ण और फलदायी होंगे।

वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भी आर्थिक मोर्चे पर भारत का प्रदर्शन और भी बेहतर दिखाई देता है। अमेरिका, ब्रिटेन और जापान सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में आने वाले वर्ष में आर्थिक विकास दर में मंदी देखी जा सकती है। उधर भारत ग्लोबल अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ने के लिए तैयार है। यह रुझान भारत को 2030 तक जापान और जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर ले जाएगा। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ), एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स जैसी तमाम एजेंसियां का अनुमान है कि भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, सबसे बड़ी परीक्षा यह है कि क्या भारत अगला बड़ा वैश्विक विनिर्माण केंद्र बन सकता है, जो एक बहुत बड़ा अवसर है। साथ ही एक मजबूत लॉजिस्टिक्स ढांचा विकसित करना भारत को सेवा-प्रधान अर्थव्यवस्था से विनिर्माण-प्रमुख अर्थव्यवस्था में बदलने में महत्वपूर्ण होगा।

महात्मा गांधी और भारत की लोकचेतना

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

गांधी लोक में रमे और ऐसे रमे कि भारत के लोकमन बन गए। लोक ने गांधी में अपना ही अधिष्ठान किया और इसी अधिष्ठान के सहारे भारतीय लोकतंत्र के सपने बुने थे। महात्मा गांधी भारत का मूर्तिमान लोकमन हैं। भारत की मूर्तिमान मेधा हैं।

यह ठीक है कि गांधी एक व्यक्ति थे,किंतु व्यक्ति का क्या? व्यक्ति तो करोड़ों और अरबों-खरबों ही हैं,पहले भी हुए हैं,फिर गांधी पर ही नजर क्यों टिकती है? अनुयायी हों या विरोधी सभी की चर्चा के केंद्र में गांधी क्यों रहते हैं? वास्तव में जब कोई व्यक्ति अपने को सर्वजन-चेतना से अभिभूत कर लेता है,जब व्यक्ति-चेतना अथवा अहंता-ममता की बर्फ पिघलकर जलधारा बन जाती है,तब व्यक्ति व्यक्ति नहीं रहता,वह कोटि-कोटि जन की अभिव्यक्ति बन जाता है।

वास्तव में गांधी व्यक्ति नहीं रह गए थे,वे समष्टिचेतना बन गए थे,भारत के लोकजीवन की मूल्य प्रणाली,विश्वास प्रणाली,विचार प्रणाली और अभिव्यक्ति प्रणाली का युगावतार। भारत की सामान्य जनता की निष्ठा के संबंध मे महात्मा गांधी ने एक बार यूरोप के एक पत्रकार से बात की। पत्रकार रेवरेंट माट् ने पूछा कि श्रीमान सार्वजनिक-जीवन में आपको आशा और निराशा दोनों ही होती होंगी। आपको किस बात से आश्वासन मिला और किस बात से निराशा हुई? महात्मा गांधी ने उत्तर दिया- भारत की सामान्य जनता बहुत कष्ट में जीवन व्यतीत कर लेती है,किंतु अहिंसा की वृत्ति को नहीं छोड़ती। इससे मुझे आश्वासन मिला है। महात्मा गांधी ने कहा कि निराशा की बात यह है कि शिक्षित लोगों के हृदय में दयाभाव का स्रोत सूखता जा रहा है,इससे मुझे चिंता होती है।

2 अप्रैल 1947 को दिल्ली मे एक इंटर एशियन रिलेशंस कान्फ्रेंस हुई थी जिसमें महात्मा गांधी ने जो भाषण दिया था,उसमें आपको उसी भारतीय लोकचेतना का स्वर सुनाई देगा। गांधीजी ने कहा कि आप सभी दोस्तों ने जो भारत है,उसे वाकई नहीं देखा है। यह कांफ्रेंस भी असल भारत में नहीं हो रही है। दिल्ली, बॉम्बे, मद्रास, कलकत्ता, लाहौर- बड़े शहर होने की वजह से ये सभी पश्चिम से प्रेरित हैं। उन्होंने एक कहानी सुनाई - "एक बार की बात है, फ्रांस के तीन वैज्ञानिक सत्य की खोज में निकले। तीनों एशिया के अलग-अलग हिस्सों में चले गए। इनमें से एक वैज्ञानिक ने भारत में अपनी खोज जारी रखी। वह उस वक्त के तथाकथित शहरों में गया। यह अंग्रेजों और



मुगलों के आधिपत्य से पहले की बात है। उसने यहां के कथित ऊंची जाति के लोगों, पुरुषों व महिलाओं को देखा,मगर उसे संतुष्टि नहीं मिली। अंत में थक-हार कर वह एक साधारण सी कुटिया में जा पहुंचा। वहां उसे उस सत्य के दर्शन हुए जिसकी उसे लंबे समय से तलाश थी।" गांधीजी ने कहा कि "अगर आप वाकई भारत को देखना चाहते हैं तो आपको यहां के गांवों में बसे दलितों के बेहद साधारण-से घरों में आना होगा। यहां ऐसे सात लाख गांव हैं जिनमें अड़तीस करोड़ लोग रहते हैं। इस भारत को मैंने खुद अपनी आंखों से देखा है। मैंने भारत की एक छोर से दूसरे छोर तक यात्रा की है। मुरझाई आंखों से मैंने यहां मनुष्यता की दयनीय तस्वीर देखी है। भारत यहीं बसता है। गोबर से सनी इन मामूली झोपड़ियों में मिलते हैं, वे दलित जिनमें मिलेगा आपको खाटी ज्ञान। लोकतंत्र और निर्धनतम लोगों के जागरण के इस दौर में आप पूरी ताकत से इस संदेश को फैला सकते हैं। गांधी लोक में रमे और ऐसे रमे कि भारत के लोकमन बन गए। लोक ने गांधी में अपना ही अधिष्ठान किया और इसी अधिष्ठान के सहारे भारतीय लोकतंत्र के सपने बुने थे।"

महात्मा गांधी भारत का मूर्तिमान लोकमन हैं। भारत की मूर्तिमान मेधा हैं। सच्चाई,ईमानदारी,सादगी, समानता,भाईचारा ,लोकमंगल,विश्वशांति आदि लोकजीवन के मूल्य जैसे महात्माजी के रूप में जीवंत हो गये थे। गांधी ने भारत के लोकजीवन का प्रत्यक्ष दर्शन और अनुभव किया था। गांधी ने भारत को जानने के लिए भारत को पाने के लिए भारत की पैदल-पैदल यात्रा करते हुए लोकमन से तादात्म्य की साधना की और और लोकमानस में जगह बनाई थी। लोक को जगाया था,लोक के विश्वास को जगाया था और लोक का विश्वास जीता था। लोक ने भी उनको विश्वास दिया था। 6 जुलाई 1944 को आजाद हिन्द फौज रेडियो से सुभाष चन्द्र बोस ने एक पत्र महात्माजी के नाम प्रसारित किया था, उसमें उन्होंने महात्माजी कहकर संबोधित किया और उन्हें लोकजागरण का प्रतीक बतलाया। कहा कि भारत और भारत के बाहर रहने वाले भारतीयों की दृष्टि में आप हमारे देश के वर्तमान जागृति के जनक हैं।

गांधी लोकजीवन को इतना उद्वेलित नहीं कर पाते यदि वे स्वयं ही सामान्यजन न बन गए होते। वे तो बैरिस्टर थे,लेकिन सामान्यजन के बीच घुलमिल जाने के लिए उन्होंने सिर के बाल हटा दिए,आधी धोती पहन ली और आधे से शरीर ढक लिया। पैरों में चप्पल डाल ली। सामान्यजन की वह असामान्यता कि गोलमेज-सम्मेलन असफल हो गया,होना ही था,किंतु उस दौरान सम्राट पंचम जार्ज ने बर्किंघम पैलेस में विशालभोज दिया। दो हजार मेहमान थे जिनमें राजनयिक थे,लार्ड थे तथा भारत के राजा,महाराजा और नवाब-लोग बड़े ठाठ-बाट से सजे सजाए खड़े हुए हीरे और जवाहरातों की नुमाइश कर रहे थे। उस वैभवशाली समारोह में उन सभी महिमाशाली लोगों ने देखा कि घुटनों तक धोती बांधे,सफेद दुपट्टा डाले बड़े गौरव के साथ एक सामान्य आदमी आ रहा है। सभी की नजर उस धोती-वाले पर ही जा टिकीं। थोड़ी देर में पंचम जार्ज आए,उन्होंने चारों ओर देखा और उस सामान्यजन के पास आकर खड़े हो गए। सम्राट कुछ देर तक तो उन्हें देखते रहे,फिर बोले कि आप अफ्रीका में तो हमारे मित्र थे, मैं नहीं समझ पाया कि अब आप हमारे विरुद्ध कैसे हो गए? बापू ने उन्हें देखा और मुसका दिए।

सम्राट फिर बोला मैं आपको चेतावनी देता हूं कि आपने भारत में गड़बड़ी की और मेरी सरकार के साथ सहयोग नहीं किया तो वहां मेरी सेना उपद्रवियों को उड़ा देगी। यह बात इतनी धीरे से कही गई थी कि वहां खड़ी हुई सरोजिनी नायडू ने ही सुनी। गांधी उस समय तो मुसका दिए,किंतु जब प्रतिनिधियों की सबसे बड़ी समिति की बैठक हुई तो वे बोले भारत में मेरे बच्चे ब्रिटिश बमों को केवल पटाखे समझते हैं। महात्मा गांधी के लिए लोकतंत्र का क्या अर्थ था, इस बात को हम उनके जीवन की एक घटना समझ सकते हैं।

महात्मा गांधी से (पहले से ही समय लेकर) गांव के दो किसान मिलने आए थे, महात्माजी उनको कुछ समझा रहे थे कि इसी बीच वायसराय के यहां से कोई अंग्रेज-अफसर गांधीजी से मिलने आ गया। थोड़ी देर तो उसने किसानों से महात्माजी की बातें सुनी फिर बोला मुझे आपसे बात करनी है। महात्मा गांधी ने कहा ठीक है,कहिए। वह अफसर उन किसानों को वक्र-दृष्टि से देखते हुए बोला मुझे राज्य के संबंध में गोपनीय बातें करनी है। महात्मा गांधी बोले ठीक है,करिए। उसने फिर से उन किसानों की ओर देखा। महात्मा गांधी बोले-हां, वे तो उस राज्य के मालिक हैं जिसके संबंध में आप गोपनीय बात करना चाहते हैं। राज्य के मालिक से छिपकर क्या बात करनी है? राज्य के मालिक से दुराव-छिपाव क्यों?

लोकचेतना की तरह ही महात्मा गांधी सामान्यजन के बीच खींची जाने वाली किसी भी रेखा या दायरे को अस्वीकार करते थे। जीवन भर वे दायरों को तोड़ते ही रहे। बापू की हत्या हुई तब कविवर बालकृष्ण शर्मा नवीन ने एक बड़ी कविता लिखी थी,उसका सार यह था - ऐसे संत-पुरुष के मरने का दुःख नहीं है,दुःख तो मनुष्य और मनुष्यता के मर जाने का है। ऐसे रामभरोसे रहने वाले आदमी पर जिन हाथों से गोली चली। क्या वह मनुष्य था? क्या उसकी मनुष्यता मर गई थी? लोक नायक पर प्रहार का स्वाभाविक परिणाम यह हुआ कि आजादी की लड़ाई के समय हुंकार भरने वाली लोकचेतना नींद में चली गई और बाजार के रूप में व्यष्टि चेतना समष्टि चेतना पर हावी हो गई।

व्यंग्य

मैं आई हूं यूपी बिहार लूटने

नट उठकर खड़ा होते हुए बोला- डायन कहीं कि तुझे बरसों पहले छुआ भर था और तूने ऐसे बदला लिया कि धक्का मारकर मुझे खंडित कर दिया। नटी- नासपीटे याद रखना मैं सेर को सवा सेर का जवाब देती हूं। महाराष्ट्र और फिर बिहार में मेरे साथ रंगरलियां करने वालों ने मुझे धोखा देकर निकाह दूसरों से कर लिया था।

एक कार्यक्रम में सौभाग्य भरे इत्तेफाक से लुप्त हो रही नौटंकी विधा का रसास्वादन हुआ। मजा आ गया। मैं आई हूं यूपी-बिहार लूटने... ये गीत गाकर नाच रही नटी से नट बोला-लग रहा है लोकसभा चुनाव 2024 के मंच पर भाजपा है तू। नटी बोली- तुझे जलन क्यों हो रही है। यूपी के अस्सी मेरे और अब तो बिहार के चालीस भी मेरे। मंडल भी मेरा कमंडल भी मेरा। श्रीराम भी मेरे, कर्पूरी ठाकुर भी मेरे। नीतीश भी मेरे। बिहार की नैया के मांझी भी मेरे,पासवान के चिराग भी मेरे। यूपी के पीले गमछे वाले राजभर भी मेरे, निषाद भी मेरे, पटेल भी... और अब देशभर के कुर्मी भी मेरे। ब्राह्मण,बनिया,ठाकुर तो पहले से ही मेरे हैं। यूपी भी मेरा,बिहार भी मेरा,राजस्थान,छत्तीसगढ़,मध्य प्रदेश...सब मेरा।

नट-तो फिर मेरा क्या है? नटी-जा दक्षिण में कहीं सिर छिपा ले। नट-दक्षिण भी कहां छोड़ रही है तू,वहां भी फन फैलाए बैठी हो,जहां तुम्हारा जलवा नहीं चलता वहां भी तो डोरे डाल रही हो।

नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

नटी-सब हमारे आंशिक हैं, पूरा देश हमारा है। तुम्हें क्यों जलन हो रही कलमुंहे? नटी ने ये कहते हुए नट के सीने पर हाथ मारा तो नट जमीन पर गिर गया। दर्शकों में किसी ने हूटिंग की- इंडी गठबंधन है क्या,जो धड़ाम से गिर गया? दूसरा दर्शक बोला- इसे पप्पू से मिलवा दो। वो न्याय बांटता घूम रहा है और इनके अपने गठबंधन के साथी न्याय न पाकर गश खाकर गिरे पड़ रहे हैं। तीसरा दर्शक बोला-भला हो मोटे भाई का,इससे पहले कि कोई गिरने वाला हो,वो इस्ट्रएचर लिए खड़े रहते हैं। ईडी,सीबीआई के पहिए वाला इस्ट्रएचर पहले कमलछाप साबुन से नहलाकर पवित्र करता है और ऑपरेशन लोटस की अपार सफलता का सिलसिला जारी रखता है। नटी- ठीक तो है,हमारी छोटी सी शर्त है। कुंवारे रहकर एकला चलो या हमारे साथ ब्याह करो।

दर्शक- जैसा कि दिल्ली में खांसी वाले और उनके पंजाब के साथी दारूवाला,यूपी के भइया और बंगाल की दीदी बहन जी की तरह एकला चलो की राह पर चल सकते हैं। नटी-समझदार हैं ये लोग,इस मुवे की तरह (जमीन पर पड़े नट की तरह इशारा करते हुए) खड़गे... ओह आज जबान बहुत फिसल रही है। गड्ढे में नहीं गिरना चाहते हैं ये लोग। नट उठकर खड़ा होते हुए बोला- डायन कहीं कि तुझे बरसों पहले छुआभर था और तूने ऐसे बदला लिया कि धक्का मारकर मुझे खंडित कर दिया। नटी- नासपीटे याद रखना मैं सेर को सवा सेर का जवाब देती हूं। महाराष्ट्र और फिर बिहार में मेरे साथ रंगरलियां करने वालों ने मुझे धोखा देकर निकाह दूसरों से कर लिया था। हलाला करवाकर दोनों को फिर अपना बना लिया। अब इन्हें जोरू का (अपना) गुलाम बनाऊंगी। नट-शर्म करो नास पीटी,लज्जा नहीं आती। डायन भी सात घर छोड़कर डसती है,तू तो ऐसी डायन है कि अपनो को भी नहीं छोड़ती,तूने तो एमपी वाले अपनी मामा और राजस्थान वाली अपनी मामी को भी डसने में कसर नहीं छोड़ी।

नटी-जा-जा मेरा पीछा छोड़, पप्पू की न्याय यात्रा में जाकर मेरे अन्याय को उजागर कर दे। मुझे कोई चिंता नहीं। राम कसम जनता हम पर भरोसा करती है, मेरी गारंटी पर भरोसे का दौर चल रहा है। कुछ तो है न मुझमें जो तुझमें नहीं है। मेरी काबिलियत की गर्मी देखकर अब वो ठिठुर रहा है। पिछली बार जीरो डिग्री में हाफ टी-शर्ट में घूम रहा था। अब इलेक्ट्रिक हीटर में कोयले जला रहा है मूर्ख...

आडियंस हंसने लगी और पर्दा गिर गया।

अस्वाभाविकताओं का दौर

फिर वे कौन हैं जिन्होंने नीतीश कुमार को विवश किया? तरह-तरह की व्याख्याएं हैं,जो लोग कर रहे हैं और अगले कुछ दिनों तक करते रहेंगे। शायद ही कभी पूरा सच सामने आ पाए।

डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

हम अस्वाभाविकताओं के दौर में जी रहे हैं। दलित चेतना की आभा की प्रतीक रहीं मायावती किन्हीं अज्ञात कारणों से प्रतिरोध की मुख्यधारा से बाहर हैं। समर्थक हों या विरोधी,सब लगभग एक स्वर में कहते थे कि नीतीश कुमार विपक्ष के एकमात्र ऐसे बड़े चेहरे हैं जिन्हें केंद्रीय जांच एजेंसियों के दायरे में लाना आसान नहीं है। विश्लेषकों का एक वर्ग नीतीश को नरेंद्र मोदी के बरक्स खड़ा करने का मजबूत तर्क देता था। सपाट तरीके से सोचें तो यह तर्क प्रभावित भी करता था,क्योंकि नीतीश का ओबीसी होना,हिंदी पट्टी का प्रभावशाली नेता होना आदि भी महत्वपूर्ण कारक के रूप में गिनाए जाते थे।

बहुत सारे विश्लेषक तो ऐसी रणनीतियों पर लंबी-लंबी परिचर्चाएं करते थे कि नीतीश उत्तर प्रदेश की किसी अनुकूल लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेंगे और इंडिया गठबंधन के वोट बैंक को यूपी में ही नहीं,मध्य प्रदेश और झारखंड के भी कई इलाकों में एक नया विस्तार देंगे,लेकिन दौर चूंकि अस्वाभाविकताओं का है। हमने टीवी स्क्रीन पर देखा कि बुझे और थके चेहरे के साथ नीतीश कुमार राज्यपाल के समक्ष रिकार्ड नवीं बार नई सरकार चलाने की शपथ ले रहे थे और उनकी बगल में भाजपा के उनके नए सहयोगियों की कतार थी। लोगों ने ऐसे मंजर कम ही देखे होंगे कि नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह हो रहा हो और शपथ लेने वालों में एकाध को छोड़ किसी का चेहरा उल्लास से दमक न रहा हो। जीतनराम मांझी के सुपुत्र जी और एक निर्दलीय जी को छोड़ किस शपथ लेने वाले के चेहरे पर आंतरिक खुशी नजर आ रही थी। चाहे जातीय गणना का मुद्दा हो,आरक्षण के दायरे को बढ़ाने का मामला हो या कम समय में रिकार्ड तोड़ संख्या में सरकारी नौकरियां देने का क्रेडिट हो, अब अतीत बन चुकी महागठबंधन की सरकार अच्छी खासी चल रही थी,लेकिन सवाल उठता है कि नीतीश कुमार के ऐसे कौन से निकट सहयोगी-सलाहकार थे जिन्हें इस सरकार को गिराने और भाजपा के साथ नई सरकार बनाने की बेताबी थी। निश्चय ही कुछ सांसद होंगे जिन्हें डर होगा कि वे पिछला चुनाव लालू विरोधी मतों को पाकर जीते हैं और अगला चुनाव महागठबंधन की ओर से लड़ने में उन्हें दिक्कतें पेश आ सकती हैं। यह कोई इतनी बड़ी बात नहीं है कि इस आधार पर वे नीतीश कुमार को विवश कर दें और भाजपा के पाले में फिर से ले आएं।

फिर वे कौन हैं जिन्होंने नीतीश कुमार को विवश किया? तरह-तरह की व्याख्याएं हैं,जो लोग कर रहे हैं और अगले कुछ दिनों तक करते रहेंगे। शायद ही कभी पूरा सच सामने आ पाए,लेकिन नीतीश कुमार उदाहरण हैं कि कोई नेता अगर राजनीतिक-प्रशासनिक रूप से नौकरशाहों की खास मंडली पर जरूरत से ज्यादा निर्भर करने लगे,अगर उसके अगल-बगल जनाधार विहीन राजनेताओं की मंडली जमा हो जाए और समय एवं परिस्थितियों के अनुसार खासी प्रभावशाली भी हो जाए तो एक दिन बड़े से बड़े आभामंडल वाले नेता की भी मिट्टी पलीद होना तय है। सभी के लिए उम्र महज एक संख्या नहीं होती। सबके अपने पारिवारिक-सामाजिक आधार होते हैं, उस आधार पर बनता-बिगड़ता अपना मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य होता है। आडवाणी हों, मनमोहन हों या स्वर्गीय मोरारजी,कई उदाहरण हैं। उन्हें लेकर कभी अफवाहें नहीं उड़ी कि कोई चौकड़ी उनकी उम्र जनित समस्याओं का लाभ उठा कर उनके राजनीतिक फैसलों पर हावी हो रही है,लेकिन नीतीश कुमार को लेकर ऐसी अफवाहें चल रही हैं। नीतीश बेदाग होंगे ऐसा संभव है, लेकिन वर्षों से उन्हें घेरे,अपने घटिया स्वार्थों में लिप्त नौकरशाहों और राजनीतिज्ञों की मंडली में कौन कितना बेदाग है यह कौन बता सकता है? केंद्रीय एजेंसियों की आंच अगर उनमें से कुछ तक पहुंच रही हो और उसका असर राजनीतिक ब्लैकमेलिंग के रूप में सामने आ रहा हो तो इसमें क्या आश्चर्य?

एक बात के लिए तेजस्वी यादव को नीतीश का,उनके निर्णयों पर कथित रूप से प्रभाव डालने वाले सलाहकारों का और इन तमाम घटना क्रमों का आभार मानना चाहिए कि उनके राजनीतिक व्यक्तित्व को इन सबने एक नई चमक दी है। उन्होंने छला नहीं है,बल्कि वे छले गए के रूप में जनता के सामने जा सकते हैं। भले ही नीतीश रिकार्ड समय में लाखों नौकरियों का क्रेडिट लें, लेकिन बिहार के बेरोजगार नौजवानों के बीच तेजस्वी की ही चर्चा है और यह जाति धर्म से ऊपर उठकर उनके प्रति युवाओं के अनुराग का एक अध्याय है। आगे वे क्या करते हैं, कैसे बिहार की राजनीति को संभालते हैं,यह उन पर निर्भर करता है।

सोशल फोरम

अमीर खुसरो और निजामी

अमीर खुसरो की इच्छा थी कि साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान का प्रभाव ईरान-तूरान से आगे तक महसूस किया जाए। इसके लिए उन्होंने एक ऐसी साहित्यिक परियोजना पर काम शुरू करने का इरादा किया जो सार्वभौमिकता के तकाजों को पूरा करती हो।

असग़र मेहदी
लखनऊ

फिरदौसी के शाहनामा के बाद गंजवी के निजामी के नाम से प्रसिद्ध जमाल उद्दीन अबु मुहम्मद इलयास इब्ने यूसुफ़ इब्ने ज़की (1141-1209) ही मसनवी के क्षेत्र में कमाल दिखा सका था। उसके द्वारा पांच साल में पांच मसनवियों के पंज-गंज या खमसे की रचना उसे फारसी साहित्य में रूमानी परंपरा का महत्वपूर्ण शायर स्थापित करने के लिए पर्याप्त है।

निजामी को फारसी महाकाव्य में बोलचाल और यथार्थवादी शैली के प्रवेश कराने में सहायक माना जाता है। उसका पंज-गंज बाद की शताब्दियों में ईरानी और मुगल दरबारों में पेंटिंग के हवाले से एक लोकप्रिय विषय रहा है। अमीर खुसरो ने निजामी से प्रेरणा लेकर अपनी परियोजना पर काम शुरू कर दिया और केवल तीन वर्षों (1298-1301) में तमाम व्यस्तताओं के बावजूद पांच मसनवियों पर आधारित अपना खमसा दुनिया के सामने पेश कर दिया।

पहली मसनवी,'मतला उल अनवार' सूफीवाद और नैतिकता से संबंधित विषयों को समेटती है। दूसरी मसनवी "शिरीं व खुसरो", आर्मीनियाई राजकुमारी, ईरानी राजकुमार और एक संगतराश के नाकाम प्रेम के विषय का करुणाजनक बयान है। तीसरी मसनवी "लैला व मजनू" में अरबी मूल कथा का ईरानीकरण है। चौथी मसनवी "आयीना ए सिकंदरी", निजामी की दो मसनवियों "सिकंदर नामा (बरी और बहरी)" से छोटी होने के बावजूद,उनसे मुकाबला करती नजर आती है।

अमीर खुसरो की पांचवीं मसनवी "हश्त बिहिश्त" अर्थात आठ स्वर्ग,जो इतिहास और किंवदंतियों का बेहतरीन संगम है। यह भी अजब है कि हिंदुस्तान से बाहर ख़ुसरो की ख्याति की वजह मसनवियों का यह संकलन करार पाया। जबकि हिंदुस्तान में वह गीतों, दोहों, गजलों, पहेलियों की वजह से जाने और पहचाने जाते हैं।

-फेसबुक वॉल से

गांधी का चतुर्मुखी दर्शन

महात्मा गांधी भारत भूमि पर जन्मे ऐसे युग पुरुष हैं,जिन्होंने अपने सत्कर्मों से भारत को ही नहीं अपितु समस्त मानवजाति को धन्य किया। मानव-सेवा, शोषितों और पीड़ितों की सेवा-सुश्रुषा के लिए गांधी जी ने जो कार्य किए वे कालजयी बन गए। उनके यही कार्य उनके दर्शन का रूप धारण कर 'गांधीदर्शन' में परिणत हो गए। कोई भी विचार या दर्शन कालजयी तब बनता है जब हर युग में उसकी प्रासंगिकता हो। महात्मा गांधी का दर्शन पूर्णतः व्यावहारिक दर्शन है। इसमें जहां एक ओर अध्यात्म और नैतिकता का सुख है वहीं राजनीति और रचनात्मकता का आनंद भी है। गांधी दर्शन चार प्रमुख रूपों में हमारे सम्मुख आता हैं-आध्यात्मिक, नैतिक, राजनीतिक और रचनात्मक।

डॉ. लवलेश दत्त
बरेली

महात्मा गांधी पूर्णतः आध्यात्मिक व्यक्ति थे। उनका मानना था कि ईश्वर एक है और वही सत्य है। अतः उन्होंने 'ईश्वर सत्य है' को 'सत्य ही ईश्वर है' माना और जीवनभर सत्य के माध्यम से ईश्वर की आराधना करते रहे। उनका मानना था कि दरिद्रनारायण की सेवा ही ईश्वर की सच्ची आराधना है। गांधीजी पुनर्जन्म में आस्थाशील थे। महात्मा गांधी के अध्यात्म दर्शन अध्यात्म के सभी प्रमुख तत्वों ब्रह्म,जीव,जगत,माया,मोक्ष आदि के दर्शन होते हैं। महात्मा गांधी ने अपने दर्शन को नैतिक आदर्शों का आधार प्रदान किया। गांधीजी चाहते थे कि देशवासी अपने चरित्र और जीवन को ऐसा बनाएं कि संपूर्ण विश्व में एक आदर्श स्थापित हो सके। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर गांधीजी ने न केवल भारतवासियों के लिए,बल्कि संपूर्ण मानव जाति को नैतिक आदर्शों का पाठ पढ़ाया। गांधीजी चाहते थे कि लोग सच्चरित्र हों, सत्यवादी हों और अहिंसा का पालन करने वाले हों। एक शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति संयमित हो और उसे अपनी इन्द्रियों पर अधिकार हो। गांधीजी अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने सत्य और अहिंसा के पालन में अपना सर्वस्व त्याग दिया था। गांधीजी अहिंसा की लड़ाई के वीर योद्धा थे और उनकी अहिंसा की लड़ाई के बल पर ही देश को स्वाधीनता प्राप्त हुई। गांधीजी ने स्वाधीन देश में आदर्श समाज की स्थापना के लिए ही नैतिक आदर्शों को जीवन में सर्वोच्च स्थान दिया। उनका स्वप्न था कि स्वाधीन देशवासी नैतिकता के आधार पर ही एक उत्कृष्ट समाज का निर्माण करें जिससे भारत संपूर्ण विश्व के समाने नैतिकता की एक मिसाल बने। गांधीजी के राजनीतिक दर्शन का सबसे महत्वपूर्ण अंग है-सत्याग्रह।

गांधीजी अहिंसक उपायों से देश को स्वाधीन कराना चाहते थे। वे जानते थे कि यदि हिंसा के मार्ग से स्वतंत्रता प्राप्त की गई तो उसे स्थाई बनाए रखने के लिए भी हिंसा का मार्ग ही अपनाना पड़ेगा। अतः अहिंसा के माध्यम से प्राप्त स्वाधीनता ही चिरस्थायी रह सकेगी। इसीलिए अपने राजनीतिक दर्शन में गांधीजी ने अहिंसक उपायों का प्रयोग किया। भारत की स्वाधीनता के लिए किए गए उनके कार्य उनका राजनीतिक दर्शन बन गए। गांधीजी का रचनात्मक दर्शन सर्वोदय की अवधारणा पर स्थापित है। स्वदेशी आंदोलन और सांप्रदायिक सद्भाव उसके प्रमुख लक्ष्य हैं। गांधीजी का प्रत्येक कार्य जनहित में था। इसीलिए उन्होंने सर्वप्रथम सर्वोदय का नारा दिया। सब एक साथ आगे बढ़ें यही गांधी जी चाहते थे। उन्होंने स्वावलंबन और शारीरिक श्रम जैसे बिंदुओं को अपने रचनात्मक दर्शन का अंग बनाया। गांधीजी शारीरिक श्रम पर बल देते थे। गांधीजी ने देश की स्वतंत्रता, मानव सेवा और मनुष्य के नैतिक उत्थान के लिए जो कार्य किए वे सभी गांधीदर्शन में परिणत हो गए। उनका दर्शन पूर्ण और व्यावहारिक दर्शन है।

सरकार पलट गई कुर्सी स्थिर रही

नीतीश कुमार नवीं बार मुख्यमंत्री बने हैं। पत्रकारों के सवाल पर जवाब दिया सबकुछ ठीक नहीं चल रहा था,जब भाजपा से गठबंधन तोड़ा तो बोले हमारी पार्टी ही हड़प लेना चाहते हैं। एक बात तो है नीतीश कुमार भले ही विचारों में स्थिर न हों,लेकिन कुर्सी मजबूत स्थिति में रहती है। उन्हें पलटूराम कहा जा रहा है,जबकि वे स्थिर हैं।

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

पलटूराम तो वे हैं,जो मुंह भर-भर कर कोसते रहे। अब हंसते हुए सरकार में शामिल हो कसीदे पढ़ेंगे। आखिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंच व सदन की गरिमा भी तो रखनी है। नीतीश का 24 जनवरी 2024 को समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर परिवारवाद पर भाषण देना ही लग रहा था कि अब फिर बदलेंगें। यह तो उनको पता ही था कुर्सी नहीं बदलेगी। वे जानते थे,जो उनके खिलाफ हैं,सत्ता की चाशनी में फिर लिपटने चले आएंगे। यदि लोकसभा के बाद परिणाम उचित नहीं आए तो फिर हो सकता है कि कुर्सी को ध्यान रखते हुए मन बदलेंगे। तेजस्वी यादव भी फिर आ जाएंगे आखिर सत्ता हनक की बात ही कुछ और होती है। एक बात तो है इतिहास उन्हें कैसे याद करेगा इसका भी ख्याल रखना चाहिए था। नीतीश कुमार ने जाति जनगणना कराई जिसमें तेजस्वी यादव का भी साथ था। मुझे लगता है उन आंकड़ों से दूसरे दल घबरा गए। अब से पूर्व की सरकार में तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री थे।

दोनों पिछड़े वर्ग से अबकी सरकार में विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी दो उपमुख्यमंत्री बनाए गए,जो कहते थे कि नीतीश कुमार को सत्ता से बेदखल करने के बाद ही पगड़ी खोलेंगे। अब उन्होंने ही उपमुख्यमंत्री की पगड़ी बांध ली ये भी कालचक्र का नया पहलू है।

एक नजर

बस की चपेट में आने से महिला का पैर कुचला

नजीबाबाद, अमृत विचार : रोडवेज बस डिपो के बाहर बस की प्रतिक्षा में खड़ी महिला उत्तराखंड की बस संख्या यूपी08पीए1670 की चपेट मे आने से घायल हो गई। महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुरादाबाद जाने के लिए नजीबाबाद बस अड्डे के बाहर बस की प्रतीक्षा में खड़ी महिला का पैर हरिद्वार डिपो की बस की चपेट में आने से कुचल गया। मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया और बस चालक को रुकने के लिए कहा लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। हादसे को देख रोडवेज चालक-परिचालक वहां से अपनी बस लेकर निकलने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन स्थानीय पुलिस ने बस के चालक-परिचालक को हिरासत में लिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को मामले से अवगत कराया।

19890 रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर

नजीबाबाद, अमृत विचार : नगर निवासी अमजद अली पुत्र मोहम्मद असलम ने सोमवार को थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका मोबाइल अचानक हैक हो गया था। जिसके बाद फोन पेय पर कई मैसेज आने लगे और फोन पेय एकाउंट से 19890 रुपये की धनराशि आंचल कुमारी उर्फ मोनू नाम से बने एकाउंट में ट्रांसफर हो गई। अमजद अली ने बताया कि उसने मामले की पूरी जानकारी तहरीर में दी है। पीड़ित ने इसकी शिकायत संबंधित बैंक में भी दर्ज कराई है और अपने क्रेडिड कार्ड व खातों को बैंक से ब्लॉक करा दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाई का आश्वासन दिया है।

चार लाख की शराब चोरी के मामले में रिपोर्ट

रामपुर, अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में दुकान के ताले तोड़कर चार लाख की शराब चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जिला अलीगढ़ के थाना गंगीरी के गांव मऊपुरा भाद्रपुर निवासी अनिल कुमार की मालगोदाम के पास शराब की दुकान है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 25 जनवरी की सुबह पड़ोसी दुकानदार ने उन्हें दुकान के ताले टूटे पड़े होने की सूचना दी। अनिल दुकान पर पहुंचे तो दुकान के शटर के ताले टूटे हुए थे। सूचना के बाद पुलिस भी आ गई। इस मामले में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बच्चों को मेन्यू के अनुसार दें पका भोजन

बैठक में एनीमिया मुक्त भारत की जानकारी देने वाली वॉल पेंटिंग कराने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

जिला पोषण समिति की बैठक में मौजूद जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल।

अमृत विचार : जिला पोषण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित आईसीडीएस विभाग के अधिकारियों को आगामी बैठक में पूरी तैयारी और सूचनाओं के साथ उपस्थित होने को कहा। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि जो अधिकारी उनके द्वारा संबंधित दायित्वों की जानकारी उपलब्ध नहीं कराएंगे उनके विरूद्व कार्रवाई होगी। उन्होंने सीडीपीओ, सहायक सीडीपीओ, सुपरवाइजर को निर्देश दिये कि आईसीडीएस विभाग के तहत निर्धारित पोर्टल पर ठीक प्रकार से डाटा की फीडिंग करना व पोर्टल की समय से मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी सीडीपीओ को एनीमिया की रिपोर्ट प्रत्येक माह की पांच तारीख तक उपलब्ध कराएं। कहा कि एनीमिया मुक्त भारत के तहत जन

▸▸ जिलाधिकारी ने जिला पोषण समिति के साथ की बैठक

सामान्य को जागरूक करने के लिए एवं उनको प्रेरित करने के लिए प्रत्येक गांव एवं नगर पंचायतों में सार्वजनिक स्थानों पर एनीमिया मुक्त भारत की जानकारी की वॉल पेंटिंग कराएं।

हॉट कुक्ड मील के तहत तीन से छह वर्ष के बच्चों को गर्म पका हुआ भोजन पीएम पोषण योजना के मेन्यू की भांति ही दें। सभी केंद्रों में राशन वितरण समय से होना चाहिए। समस्त सीडीपीओ रिव्यू करें कि किस तारीख तक राशन मिलेगा। आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपने केन्द्रों पर वजन मशीन, इन्फेन्टोमीटर आदि सभी उपकरण रखें और पुष्टाहार का नियमित और समयबद्धता के साथ वितरण करें। कमजोर तथा अन्य कुपोषित बच्चों को इसी माह शत प्रतिशत रूप से दवाओं का वितरण तथा पोर्टल पर कमजोर बच्चों की फीडिंग का अपडेशन भी सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने बैठक में पोषण ट्रैकर पर फीडिंग (वजन फीडिंग, गृह भ्रमण, टीएचआर वितरण), पोषाहार वितरण की स्थिति, ई-कवच पोर्टल पर फीडिंग, सैम बच्चों का एनआरसी संदर्भन, वजन मशीन, स्टैडियों मीटर, इन्फेन्टो मीटर, बीएचएसएनडी का आयोजन, हाट कुक्ड फूड योजना की समीक्षा कर निर्देश संबंधित अधिकारी को निर्गत किए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विजय कुमार गोयल, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहित समस्त आईसीडीएस विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

पुलिस ने रिपोर्ट में बदल दिया बाइक का नंबर

नहटौर, अमृत विचार : पुलिस की लापरवाही का खामियाजा बाइक स्वामी को भुगतना पड़ रहा है। पुलिस ने बाइक चोरी के मुकदमे में बाइक का नम्बर बदल दिया। जिस कारण बाइक स्वामी को न तो उसकी बाइक ही मिल रही है और न ही बीमा।

ज्ञात हो कि 14 अक्टूबर को नगीना थाना क्षेत्र के गांव पखनपुर निवासी खुर्शीद अहमद पुत्र सरफराज अहमद अपनी बहन की बाइक से नहटौर बाजार से सामान खरीदने आया था। इसी दौरान उसकी बाइक चोरी हो गई थी। जिसके बाद खुर्शीद ने तहरीर देकर रिपोर्ट दज कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट में बाइक का नम्बर यूपी20सीजे6927 के स्थान पर यूपी20 सीजे5627 दर्ज कर लिया। पीड़ित बाइक का नंबर ठीक करने की गुहार लगा रहा है लेकिन जांच अधिकारी शिकायत नहीं सुन रहे। पीड़ित खुर्शीद ने बताया कि तीन माह माह बाद भी न तो बाइक मिल पा रही है और न ही कंपनी बीमा दे रही है। उधर, प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि जांचकर्ता दरोगा ने रिपोर्ट में संसोधन कर दिया है।

अभद्रता और सरकारी कार्य में बाधा डालने में चालक गिरफ्तार

संवाददाता, बिलासपुर

कार्रवाई

▸▸ ओवरलोडिंग में छह डंपर सीज देर रात खनन अधिकारी ने पुलिस टीम के साथ चलाया अभियान

अमृत विचार: खनन और ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत खनन अधिकारी ने उत्तराखंड की ओर से आ रहे छह डंपरों को सीज कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। टीम के साथ अभद्रता व सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में बरेली के रहने वाले चालक को गिरफ्तार भी किया है। यह डंपर गिट्टी से भरे बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक यह कार्रवाई रविवार-सोमवार की देर रात की गई है।

रविवार रात एक बजे खनन अधिकारी अजय कुमार को सूचना मिली कि उत्तराखंड की ओर से कुछ डंपर यूपी की ओर आ रहे हैं। तभी उन्होंने रुद्र-बिलास चौकी प्रभारी अमित कुमार के साथ हाईवे पर डिबडिबा मोड़ पर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। इस दौरान उत्तराखंड की ओर से आ रहे एक के बाद एक छह डंपरों को रुकने का इशारा किया तो, उनके चालक वाहनों को लेकर भागने का प्रयास करने लगे। तभी टीम ने उन्हें कुछ दूर पकड़ लिया। टीम ने पकड़े गए चालकों से रॉयल्टी आदि के बारे में पूछताछ की। लेकिन उनके चालक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इस पर खनन अधिकारी ने वाहनों को सीज कर दिया। बरेली जनपद के थाना भोजीपुरा के रहने वाले इमरान ने टीम के साथ अभद्रता की। सरकारी कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया। इस पर टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि सभी वाहनों को कोतवाली के बाहर खड़ा करा दिया गया है। आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

केंद्र सरकार बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचा रही : हरपाल

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी विधानसभा क्षेत्र बिजनौर के सेक्टर 31 गंज व सेक्टर 32 जहानाबाद का कैडर कैंप आयोजित हुआ। कैडर कैंप की अध्यक्षता प्रमोद कुमार विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष एवं संचालन ब्रह्मपाल सिंह सदस्य जिला कमेटी ने किया। मुख्य अतिथि हरपाल सिंह पूर्व विधायक, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गजरौला मुख्य मंडल प्रभारी मुरादाबाद मंडल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। हरपाल सिंह ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार ने विभागों का निजीकरण करके आरक्षण समाप्त करने तथा बड़े-बड़े उद्योगपतियों को लाखों करोड़ों का लाभ पहुंचाने का काम किया है। इस समय देश कर्ज में डूबता जा रहा है। देश की आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है। महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। सरकार पांच किलो अनाज देकर जनता का ध्यान भटकाना चाहती है। ब्रह्मपाल सिंह ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी, पार्टी के साथ एक मिशन मूवमेंट है। जिसे बाबा साहब के बाद कांशीराम ने बढ़ाया तथा अब मायावती आगे बढ़ाने का काम कर रही हैं। कार्यक्रम में दीपक राज, कविराज सिंह व समर सिंह ने पार्टी की नीतियों को बताया। कैडर कैंप में ब्रह्मपाल सिंह, दीपक राज, समर सिंह, प्रमोद कुमार शर्मा, सुकखे सिंह जाटव, संजय कुमार, जसवंत सिंह उर्फ पप्पू, कृपाल सिंह, बृजपाल जाटव, भूरे खान, योगराज सिंह, वीर सिंह, जीवन, गणेश, कृपाल सिंह, लियाकत, सैयद अहमद आदि उपस्थित रहे।

हाईवे पर चलती बाइक बनी आग का गोला

भोट, अमृत विचार: नैनीताल हाईवे पर देर शाम चलती बाइक में आग लग गई। इससे बाइक आग का गोला बन गई। बाइक सवार ने कूद कर जान बचाई। घटना से अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

सोमवार देर शाम करीब साढे. छह मिलक खानम थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव निवासी आलम अली अपनी बाइक से रामपुर की ओर जा रहा था। नैनीताल हाईवे पर संकरा गांव के चौराहा के पास पहुंचते ही अचानक उसकी बाइक में आग लग गई। थोड़ी ही देर में आग भड़क गई। पूरी बाइक को चपेट में ले लिया। बाइक सवार ने कूद कर अपनी जान बचाई। बाइक में आग लगते देख तमाम राहगीर भी मौके पर एकत्र हो गए। बाइक में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन नाकाम रहे। इसी दौरान एक कार चालक ने कार में रखे आग बुझाने वाले यंत्र से आग पर काबू पाया।

नाचने के विवाद में फायरिंग में दो युवक गंभीर घायल

संवाददाता, बढ़ापुर

▸▸ विवाद के दौरान एक युवक ने कर दी थी फायरिंग

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव में मंढे की दावत के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी व गाली गलौच हो गई। इसके बाद एक पक्ष के दो युवकों ने मौके पर फायरिंग कर दी। गोली लगने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बताया जाता है थाना क्षेत्र के गांव मदपुरी में रविवार रात गुरनाम सिंह पुत्र स्व. सुरजीत सिंह के घर पर उसके मंढे की दावत चल रही थी। दावत में डीजे पर गाने भी बज रहे थे। वहां ग्रामीण और रिश्तेदार नाच रहे थे। इसी दौरान बंटी पुत्र बूटा सिंह तथा जांगीर पुत्र रणजीत सिंह निवासी ग्राम मदपुरी का दूसरे पक्ष के सुखविंदर सिंह पुत्र जगदीश सिंह ग्राम मदपुरी तथा कुलविंदर सिंह पुत्र स्व. चरन सिंह से नाचने को लेकर कहासुनी और गाली-गलौच होने लगी।

इसी दौरान बात इतनी बढ़ गई कि बंटी व जांगीर ने दूसरे पक्ष के सुखविंदर व कुलविंदर पर फायरिंग कर दी। इसमें सुखविंदर व कुलविंदर गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन दोनों घायलों को परिजन रात में ही जिला अस्पताल ले गये। जहां दोनों का उपचार चल रहा है। सोमवार को घायल सुखविंदर सिंह के पिता जगदीश सिंह की तहरीर के आधार पर पुलिस ने गोली चलाने के दोनों आरोपियों बंटी व जांगीर सिंह के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सार-संक्षेप

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान। ● अमृत विचार

भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नजीबाबाद, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति ने किसानों की समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में किसानों की पंचायत हुई। जिसमें किसानों ने मांगों को लेकर विचार विमर्श कर किसानों की समस्याओं को पूरा करने की मांग की। इस अवसर पर चौधरी नरपाल सिंह, नीरज चाहल, शाहिद, नाजिर आदि संख्या में किसान मौजूद रहे।

महिला से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

भोट, अमृत विचार : महिला से छेड़खानी के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि थानाक्षेत्र के पत्थरखेड़ा गांव निवासी अजय घर में घुसकर महिला से छेड़खानी के मामले में फरार चल रहा था। थाना पुलिस की टीम उसे तलाश कर रही थी। सोमवार को आरोपी के घर के पास दिखाई देने की सूचना मिलने पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सदस्यता अभियान चलाते भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

भारतीय किसान संघ ने चलाया सदस्यता अभियान

संवाददाता, रहरा

अमृत विचार : भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के ग्राम भदौरा नगलिया मुंशी, उधनपुर, करनपुर, महमदी, आरकपुर, मारकपुर में घूम घूमकर किसानों को सदस्यता ग्रहण कराई।

जिला प्रभारी संजीव शर्मा ने कहा कि सोमदत्त शर्मा वाहन दुर्घटना में घायल हो गए हैं। भारतीय किसान संघ घटना पर दुख व्यक्त करता है। कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओ को सदस्य बना मजबूत ग्राम समिति निर्माण में सहयोग प्रदान करना है। जिला कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा, जिला कार्यालय मंत्री महीपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, नरेश शर्मा, देवेश शर्मा, सुनील कुमार यादव शामिल रहे।

दो पासपोर्ट मामले में कोर्ट नहीं पहुंचा गवाह सुनवाई फिर टली

रामपुर, अमृत विचार: अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में सोमवार को गवाह कोर्ट नहीं पहुंचा। इसके चलते सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 31 जनवरी को सुनवाई होगी। मामला एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में विचाराधीन है।

भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में सिविल लाइंस थाने में अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पासपोर्ट रखने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। यह मामला एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में विचाराधीन है।

सोमवार को इस मामले में गवाह को सफाई साक्ष्य के लिए कोर्ट आना था, लेकिन उसके नहीं पहुंचने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले में बुधवार को सुनवाई होगी। वादी के अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि दो पासपोर्ट मामले में अब्दुल्ला आजम की तरफ से सोमवार को कोई गवाह सफाई साक्ष्य देने कोर्ट नहीं आया।

जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी को ज्ञापन देते कांग्रेस पदाधिकारी। ● अमृत विचार

पुराने कर्मचारियों के तबादले की मांग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

▸▸ शासन की नीति के अनुसार तीन साल से अधिक समय तक एक ही पटल पर तैनात नहीं रह सकता

अमृत विचार : नगर के कांग्रेस कमेटी पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी को ज्ञापन सौंपकर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तहसील कार्यालय में बीते पांच साल से एक ही पटल पर कार्यरत कर्मचारियों का फेरबदल करने की मांग उठाई।

सोमवार को नगर अध्यक्ष फैज आलम राईनी के नेतृत्व में एकत्र पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि शासन की नीति के अनुसार कोई भी कर्मचारी तीन साल से अधिक समय तक एक ही पटल पर तैनात नहीं रह सकता। आरोप लगाया कि स्थानीय स्तर पर इसका कोई भी पालन नहीं हो रहा है। सेवानिवृत्त एवं निजी लोगों के भी पटल पर बैठने का आरोप लगाया। सभी को तत्काल हटाने की मांग की। इस दौरान इंतजार, मोहसिन अली, फहीम अहमद, जहीर आलम, अली इमाम रिजवी, डॉ. मुशरर्फ खां, नरेश कुमार ,अयान खान आदि पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे।

मुरादाबाद जिला हज के आवेदन में प्रदेश में अव्वल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ यहां से सबसे अधिक 2030 लोगों ने किया आवेदन

▸▸ सभी का हज पर जाना तय, कोटा ज्यादा, आवेदन कम

अमृत विचार : हज पर जाने वालों के लिए राहत भरी खबर है। इस बार उन्हें लॉटरी का सामना नहीं करना पड़ेगा। जितने लोगों ने आवेदन किए हैं, उनका हज पर जाना तय है, क्योंकि प्रदेश को मिले कोटे से भी बेहद कम आवेदन उत्तर प्रदेश हज कमेटी को प्राप्त हुए हैं। मुरादाबाद में सबसे अधिक लोगों ने हज के लिए आवेदन किया है।

उत्तर प्रदेश राज्य हज कमेटी के सदस्य डॉ. सैयद एहतेशामुल हुदा ने बताया कि प्रदेश के सभी हज आजमीन को लॉटरी में शामिल हुए बिना ही सीधे हज जाने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस साल बीते वर्षों के मुकाबले आवेदन बेहद कम आए हैं। कुल 19702 लोगों ने आवेदन किए हैं। जबकि प्रदेश को 31180 हज यात्रियों का कोटा मिला है। शेष 11478 कोटा हज कमेटी ऑफ इंडिया को वापस कर दिया है। प्रदेश में आवेदन करने के मामले में मुरादाबाद जिला अव्वल रहा। यहां से सबसे अधिक 2030 लोगों ने हज के लिए आवेदन किया है। दूसरा नंबर लखनऊ का है, यहां से 1007 लोगों ने आवेदन किया है। सहारनपुर तीसरे नंबर पर है। जहां से 921 लोगों ने आवेदन किया है। सबसे कम आवेदन चित्रकूट से आए हैं। जहां मात्र दो लोगों ने आवेदन किया है। बरेली मंडल में बरेली से 655, बदायूं से 180, पीलीभीत से 120, शाहजहांपुर से 129 लोगों ने आवेदन किया है।

अंग्रेजी की छूटी मिड टर्म परीक्षा आज

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में बीए, बीएससी और बीकॉम की अंग्रेजी साहित्य और भाषा की छूटी हुई मिड टर्म परीक्षा मंगलवार को दोपहर 12 बजे से होगी। अंग्रेजी विभाग की प्रभारी प्रो. ज्योति अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा विभाग में होगी।

एमएससी कृषि में प्रवेश को आज से पंजीकरण

बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमएससी कृषि प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए पंजीकरण खोले हैं। अब छात्र 30 जनवरी से 6 फरवरी तक ऑनलाइन पंजीकरण और प्रवेश होंगे।

कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने सोमवार को महाविद्यालयों को निर्देश दिए कि सत्र 2023-24 के लिए एमएससी कृषि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए छात्र 30 जनवरी से 150 रुपये शुल्क के साथ ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे। महाविद्यालयों को छात्रों के पंजीकरण और प्रवेश 6 फरवरी तक करने होंगे। इससे पहले 20 जनवरी को विश्वविद्यालय ने एमएससी कृषि में प्रवेश संबंधी निर्देश जारी किए थे। महाविद्यालयों को पंजीकृत छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया 21 से 27 जनवरी तक पूरी करनी थी। इस दौरान सीटें रिक्त रह गईं, जिससे तिथि बढ़ाई गई।

परास्नातक विषम सेमेस्टर की आंतरिक परीक्षा तीन से

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमए, एमएससी और एमकॉम विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षा की तिथि निर्धारित की है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि 3 से 29 फरवरी तक परीक्षा कराकर अंक अपलोड कर दें। सोमवार को बरेली कॉलेज में प्राचार्य प्रो. ओपी राय, चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने सचल दल के साथ स्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा में चेकिंग की।

वहीं परास्नातक विषम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की तिथि एक बार फिर बढ़ा दी है। एमए के छात्र उर्दू का प्रश्नपत्र नहीं खुलने से फार्म नहीं भर पा रहे थे। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक एमए, एमएससी और एमकॉम प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के फार्म 30 जनवरी तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। भरे हुए फार्म 31 जनवरी तक महाविद्यालय में जमा करने होंगे। परीक्षा फार्म 10 जनवरी से भरे जा रहे हैं और परीक्षा 17 फरवरी से शुरू होगी।

एलएलबी व बीएएलएलबी के प्रवेश पत्र जारी

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलबी और बीएएलएलबी के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। छात्र विश्वविद्यालय के पोर्टल से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। विधि की परीक्षा 1 फरवरी से शुरू होगी।

ट्रक क्लीनर की हत्या में चार लोगों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ दो आरोपी मुरादाबाद और दो उत्तराखंड के हैं रहने वाले

▸▸ एफटीसी द्वितीय की कोर्ट ने सोमवार को सुनाया फैसला

अमृत विचार: ट्रक क्लीनर की हत्या के मामले में एफटीसी द्वितीय की कोर्ट ने चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। दो आरोपी मुरादाबाद और दो उत्तराखंड के रहने वाले हैं।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मोहल्ला अजीतपुर निवासी इकबाल ट्रक मालिक हैं। उनके ट्रक को थाना भोट के गांव मोतियापुर निवासी चालक ओमपाल सिंह और क्लीनर सलीम चलाते थे।

एक जून 2008 को जब इकबाल ट्रक लेने के लिए बरेली गेट स्थित वर्कशॉप पर गए तो वहां से ट्रक गायब था। ट्रक का चालक और क्लीनर भी गायब थे। काफी तलाशने

के बाद क्लीनर सलीम का शव गंज थाना क्षेत्र पहाड़ी गेट के पास नहर किनारे पड़ा मिला था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। कुछ देर ही बाद चालक भी आ गया था।

इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। विवचेना में पुलिस ने जिला मुरादाबाद के थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव नियामतपुर निवासी नवाब अली, थाना कटघर के मोहल्ला जाहिदनगर निवासी कामिल, उत्तराखंड में रुद्रपुर के गांव खेड़ा निवासी शफीक और रुद्रपुर के ही किच्छा बाईपास निवासी प्रेम सिंह के नाम शामिल किए थे। पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इसकी सुनवाई एफटीसी द्वितीय की कोर्ट में चल रही थी। सोमवार को पीठासीन अधिकारी ने चारों आरोपियों को आजीवन कारावास और प्रत्येक को 10-10 हजार का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

शाहजहांपुर पुलिस ने ट्रक किया था बरामद

जांच के दौरान सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने कई जिलों की फोर्स से संपर्क साधा था। इसके बाद शाहजहांपुर पुलिस ने लूटे गए ट्रक को वहां से बरामद कर लिया था। घटना में इन चार आरोपियों के नाम प्रकाश में आ गए थे। एडीजीसी कमल कुमार गुप्ता ने बताया कि इस ट्रक को लूटा गया था। शाहजहांपुर की पुलिस ने ट्रक को बरामद किया था। हालांकि हत्या के मामले में सजा हुई है।

महिला से छेड़छाड़ में दोषी को तीन साल की कैद

अमरोहा, अमृत विचार : कोर्ट ने घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ व एससी-एसटी एक्ट के मामले में दोषी को तीन साल कैद की सजा सुनाते पर उस पर 17 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। 10 नवंबर 2015 की घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव की थी। वारदात वाले दिन यहां रहने वाले किसान के परिवार के सदस्य घर में सो रहे थे। उसी दौरान गांव निवासी नजारुल दीवार कूदकर घर में घुस आया। चाकू दिखाकर किसान की पत्नी के साथ छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर किसान की आंख खुल गई। भागते वक्त आरोपी का मोबाइल और चाकू वहीं गिर गया। मामले में महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी नजारुल के खिलाफ छेड़खानी, धमकी देने के अलावा एससी-एसटी एक्ट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की थी। केस की सुनवाई अपर जिला सत्र न्यायाधीश विशेष एससी-एसटी एक्ट कुसुम लता की कोर्ट में विचाराधीन थी। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज सक्सेना ने मजबूत पैरवी की। कोर्ट ने सोमवार को नजारुल को दोषी करार देते हुए उसे तीन साल कारावास की सजा और 17 हजार रुपये जुर्माने की कार्रवाई की है।

धर्म दर्शन

दिव्यगुणों से युक्त अग्निदेव

हे सोम! आप अग्नि की भांति ऊर्जा प्रदान करने वाले अग्निरूप हैं। आप दिव्य पोषक रस के रूप में हैं। आप यज्ञ में आए अतिथियों का यथोचित सत्कार करने वाले हैं। धन ऐश्वर्य प्रदान करने वाले, संपूर्ण जगत के पोषक अग्नि एवं विष्णु देवता की तृप्ति के लिए हम आपको ग्रहण करते हैं। हे शकल! आप अग्नि उत्पादन के आधार हैं। हे कुशाओं! अग्नि उत्पन्न करने में सक्षम होने के कारण आप वीर्य स्वरूप हैं। हे घृत! आप अग्नि को आयु प्रदान करने वाले अर्थात् देर तक प्रज्वलित रखने वाली हैं।

हे अग्निदेव! आपको प्रकट करने के लिए गायत्री, त्रिष्टुप तथा जगती छंदों के साथ हम मंथन करते हैं। वेदज्ञाता ऋषियों के पुत्र स्वरूप हे ऋत्विकगण! प्रमादवश दिए गए शापों से यजमान के रक्षक ये आवहनीय अग्निदेव यज्ञ कुंड में प्रतिष्ठित होकर हवन का सेवन करते हैं। हे अग्निदेव! आप यजमानों के लिए कल्याणकारी होते हुए यज्ञ में दी गई आहुतियां को ग्रहण करें और इन्द्रादि देवताओं तक पहुंचाएं।

सर्वत्र गमन करने वाले, सर्वव्यापी, बलशाली हे आज्य! हम आपको यज्ञ कार्य के लिए स्वीकार करते हैं। सरल तथा श्रेष्ठ मार्ग पर ले चलने वाले आप यज्ञ कर्म में हमें स्थापित करें। हे व्रत पालन में अग्रगण्य अग्ने! आप हमारे वर्तमान व्रत का पालन करने वाले हैं। व्रत कार्यों के द्वारा अग्नि और यजमान समान रूप से आदर के पात्र हों। तपस्या का अधिपति गुरु तथा तपश्चर्या करने वाला शिष्य दोनों समान भाव वाले हों। हे सोमदेव! सोमवल्ली के संपूर्ण अवयव धनवान इंद्र के लिए प्रीतिकर होते हुए वृद्धि को प्राप्त करें। हे सोमदेव! आपका कल्याण हो। आपकी कृपा से हम सोम-यज्ञ कार्य को शीघ्र ही समाप्त करें। आपकी अनुकंपा से हम धन प्राप्त करें। हे अग्निदेव! जो आपका लौहमय, रजतमय तथा स्वर्णमय शरीर है, वह देवताओं की मनोकामना को पूर्ण करने वाला, असुरों को दुर्गम स्थान वाली गुफाओं में अवस्थित करने वाला, राक्षसों के कठोर शब्दों को नष्ट करने वाला तथा देवताओं के निमित्त आरोप प्रत्यारोप पूर्वक उच्चारण किए गए कथन को पूर्णतया प्रभावहीन कर देने वाला है। इस प्रकार के महिमाशाली शरीरधारी आपके लिए यह आहुति प्रदान की जा रही है है। हे पृथ्वीदेवी! आप ही आप 'तप्तयानी' अर्थात् ऊर्जा प्रदान करने वाली और 'वित्तयानी' अर्थात् धन प्रदान करने वाली हैं। दीनता से हमे बचाएं। हे उत्तरवेदि! आप सिंहनी रूप हैं। आप आदित्य को प्रसन्न करने वाली हैं। आप ब्राह्मण एवं क्षत्रियों को हर्षित करने वाली हैं। इस रूप वाली आपको आहुति प्रदान की जाती है। हे मध्य परिधि! आप स्थिर हैं, अतः पृथ्वी को आप दृढ़ करें। हे दक्षिण परिधि! आप अंतरिक्ष में स्थिर यज्ञ में निवास करने वाली हैं, अतः आप अंतरिक्ष को पुष्ट करें। हे उत्तर परिधि! आप द्युलोक रूप हैं, अतः द्युलोक को स्थिर करें। हे गुग्गुल आदि सुगंधित द्रव्य समूह! आप अग्नि को पूर्ण करने वाले हैं। महान, सर्वज्ञ, वेदों का भलीभांति अध्ययन करने वाले ऋत्विकगण, सांसारिक विषयों से मन हटाकर यज्ञकार्य की पूर्णता के विषय में विचार करने लगते हैं। संपूर्ण प्राणियों के साक्षीभूत, प्रेरणा देने वाले, सर्वदा श्रेष्ठ स्तुतियों से प्रशंसित सविता देवता को अनुकूल करने के लिए यह आहुति प्रदान की जाती है। हे विष्णुदेव! आप अपने सर्वव्यापी प्रथम पद पृथ्वी में, द्वितीय पद अंतरिक्ष में तथा तृतीय द्युलोक में स्थापित करते हैं। भूलोक आदि इनके पद-रज में अंतर्हित है। इन सर्वव्यापी विष्णुदेव को यह आहुति दी जाती है। हे पृथ्वी एवं द्युलोक! आप लोगों के लिए कृषि, संपत्ति से युक्त अनेक गौओं को देने वाले, यवादि श्रेष्ठ अन्नों को देने वाले तथा विवेकवान पुरुषों के लिए यज्ञ साधनों को प्रदान करने वाले हैं। आपके लिए हम यह आहुती समर्पित करते हैं। राक्षसों एवं अभिचार साधनों का विनाश करने वाले विष्णु देवता से संबंधित गर्त (गड्ढे) का हम प्रोक्षण करते हैं। हे उदुंबर (गूलर की लकड़ी) शाखे! आप स्थिर हों। यजमान भी अपने घर में पुत्र तथा पशुओं से पूर्ण होता हुआ स्थिर हो। इस घृत आहुति से आप द्युलोक और पृथ्वी को संव्याप्त करें। हे तृण निर्मित छप्पर! आप इंद्र से जुड़ गए हैं, अतः आप सभी लोगों के छाया स्वरूप हैं। हे रज्जु! आप इंद्रदेव का संबंध जोड़ने के सीवन रूप हैं। हे ग्रंथि! आप इंद्रदेव से संयुक्त होकर स्थिर हों। हे आग्नीध! आप इंद्रदेव से संबंधित हो गए हैं। सभी देवताओं से संबंधित हो जाएं।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

वेदांत दर्शन: विशिष्टाद्वैतवाद

विशिष्टाद्वैतवाद जैसा कि इसके नाम से ही संकेतित है, 'अद्वैत' से मिलता-जुलता संप्रदाय है। 'अद्वैत' के पूर्व गुणवाचक 'विशिष्ट' विशेषण के जुड़ने से इसकी उत्पत्ति हुई है। इस मत के अनुसार "ब्रह्म" ऐकांतिक होते हुए भी 'पुरूष' (ईश्वर) है। इसके दो विशिष्ट अंग क्रमशः चित (जीवात्मा) तथा अचित (जड़जगत), जो वास्तविक और उससे भिन्न या पृथक है। इन तीन तत्वों (तत्वत्रय) अर्थात् ब्रह्म, चित और अचित से ही सृष्टि संघटित है। तीनों में एकता होते हुए भी अभेद नहीं है अर्थात् अलगाव भी है। जीवात्मा, ईश्वर की कृपा से ही सृष्टि कर सकता है। इस मत का प्रतिपादन रामानुजाचार्य रचित 'ब्रह्मसूत्र' (बादरायण कृत) ग्रंथ पर लिखित "श्रीभाष्य" है। किंतु रामानुजाचार्य के विषय में विवरण अंकित करने से पूर्व वेदांतियों के दो अन्य महत्वपूर्ण संप्रदायों- 'द्वैतवादी' और 'द्वैताद्वैतवादी' पर प्रकाश डालना सर्वथा उचित प्रतीत होता है।

("द्वैतवाद") "ब्रह्मसूत्र" प्रणेता हमारे सुप्रसिद्ध बादरायण से पहले ही वेदांत के कई आचार्यों ने आत्मा एवं ब्रह्म के विषय में अपने-अपने मत का प्रतिपादन किया है। इनके तीन सिद्धांत क्रमशः द्वैत, अद्वैत एवं द्वैताद्वैत या भेदाभेद पर्याप्त लोकप्रिय हुए। द्वैत मत के संस्थापक औडुलोमि हैं। उनके मतानुसार 'आत्मा', 'ब्रह्म' से बिल्कुल भिन्न या अलग है, जब तक कि वह 'मोक्ष' को प्राप्त कर 'ब्रह्म' में विलीन नहीं हो जाता है। वेदांत के अतिरिक्त सांख्य, न्याय एवं वैशेषिक दर्शनों में भी आत्मा को प्रकृति या ब्रह्म से अलग स्वतंत्र तत्व माना गया है। स्पष्ट है इस मत के द्वैतवेदांती, सांख्य एवं वैशेषिक तीनों ही समर्थक हैं।

"द्वैताद्वैतवाद" इसी को 'भेदाभेदवाद' भी कहा गया है। इस मत या संप्रदाय के लोग, 'द्वैत' और 'अद्वैत' दोनों को ही सत्य स्वीकारते हैं। इस मत के प्रमुख प्रवर्तक निम्बार्क, भास्कराचार्य या आचार्य भास्कर माने जाते हैं। इस संप्रदाय को ही देवर्षि संप्रदाय, हंस संप्रदाय एवं सनकादि संप्रदाय नामों से भी जाना जाता है। निंबार्काचार्य के जन्मकाल को लेकर पर्याप्त मत भेद है। महाभारत के अर्जुन के पौत्र एवं परीक्षित के पुत्र जन्मे जय का समकालीन मानने वाले भी हैं। जबकि डॉ. राजबली पांडेय सहित अधिकांश आधुनिक विद्वान इनको 11 वीं में हुआ निंबार्क स्वामी से अभिन्न बताते हैं, जिन्होंने 'ब्रह्मसूत्र' की विष्णुपरक व्याख्या कर के 'द्वैताद्वैत' अथवा 'भैदाभेद' मत की स्थापना की (-डॉ. राजबली पांडेय-हिंदू धर्मकोश, पृष्ठ 337)। आचार्य निंबार्काचार्य के मतानुसार ब्रह्म, जीव और जड़ अर्थात् चेतन और अचेतन से पृथक एवं अपृथक दोनों हैं।

इसी अलगाव या अलगाव अथवा भेद और अभेद पर उनका सिद्धांत आधारित है। इनके अनुसार जीव और जगत दोनों ब्रह्म के परिणाम हैं। दोनों ही ब्रह्म से भिन्न और अभिन्न हैं। यही इस मत का सार है।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

गणपति क्यों हैं अधिपति

भारतीय ऋषियों के चिंतन को व्यापक रूप से देखने पर उसमें अध्यात्म के साथ विज्ञान की भी झलक मिलती है। अनेक वैज्ञानिक अन्वेषणों का आधार भारतीय ऋषियों के ज्ञान पर आधारित मिलता है। इसी क्रम में आधुनिक कम्प्यूटर साइंस में जिस माउस से पूरी दुनिया ही नहीं, बल्कि आकाश-पाताल की परिक्रमा की जाती है, वही माउस (चूहा) देवाधिदेव महादेव के पुत्र गणेश जी का वाहन है। गणेश ने माता-पिता के चरणों की परिक्रमा पलभर में करके प्रथम पूज्य का स्थान प्राप्त किया, उसी माउस से आपरेटर पलभर में वांछित परिणाम हासिल करता है।



अनेक तर्कशास्त्रियों का यह आरोप है कि पार्वती जी के शरीर के मैल से गणेश जी का जन्म व्यावहारिक नहीं है। प्रथम दृष्टया इसे सही मान तो लिया ही जाएगा, लेकिन कम्प्यूटर साइंस की दृष्टि से मैल को परिभाषित किया जाए तो पेन-ड्राइव, सीडीआर सहित सभी स्टोरेज मीडिया, पीडीएफ, हाइपर टेक्स्ट तथा अन्य फाइल फार्मेट, ई मेल जैसे मल्टीमीडिया आदि के कंटेट कम्प्यूटर के आपरेटिंग सिस्टम के मैल (इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट) ही हैं, जो कार्य उस सोर्स कम्प्यूटर जिसमें पूरी फाइल विद्यमान है। वहीं से डाउनलोड कर पेन ड्राइव आदि में फाइल के रूप में लिया जाता है। इन्हीं माध्यमों को प्राचीन ऋषियों ने 'मैल' नाम दिया तो आधुनिक दौर में उसे ई मेल जैसे एप या पेन ड्राइव मीडिया का कंटेट कह रहा है।

तर्कशास्त्री इस बात के लिए भी व्यंग्य करते हैं कि महादेव सर्वज्ञ थे तो उन्हें जान लेना चाहिए था कि गणेश जी उनके पुत्र हैं। फिर युद्ध की क्या जरूरत पड़ गई? इसे भी कम्प्यूटर साइंस की दृष्टि से देखा जाए तो यह विदित है कि चाहे जितना भी साफ्टवेयर, उसके लैंग्वेज या आपरेटिंग सिस्टम का कुशल कर्ता और ज्ञाता हो, वह बिना पासवर्ड के पेन ड्राइव और एप आदि से वांछित सामग्री नहीं ले पाएगा। क्योंकि जब तक सृष्टि के हितविधान में अपरिहार्य न हो, तब तक देवताओं के विनियामक व्यवस्था में इथिकल हैकिंग भी पूरी तरह अनिथिकल होती है। इसी के साथ गणेश जी का गर्दन काटकर हाथी का गर्दन क्यों लगाया गया, इस पर भी तर्कशास्त्री सवाल खड़ा करते हैं। इस पर मनन किया जाए, तो स्पष्ट प्रतीत होता है कि कम्प्यूटर संचालित करते वक्त खुद के मन से नहीं, बल्कि कम्प्यूटर के प्रोग्रामिंग से ही उसे संचालित किया जा सकता है। हाथी की तरह धरती, आकाश और पाताल भी है, उस पर दृष्टि उस नियंता आपरेटर को रखनी पड़ती है। निरंतर अपग्रेड के लिए साफ्टवेयर के लैंग्वेज को रिराइट और मदरबोर्ड, रैम-रोम आदि को संशोधित करना पड़ता है। इसलिए संदर्भित पौराणिक कथा को इस दृष्टि से देखना चाहिए।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

चौपाई के शब्द उच्चारण में भ्रांतियां

'द्रवउ सो दसरथ अजिर बिहारी' अर्धाली बालकांड के 112 वें दोहे की दूसरी चौपाई में दूसरी अर्धाली है। यह पंक्ति ख्याति प्राप्त गायकों के द्वारा जब गाई जा रही होती है तो, 'अजिर' की जगह 'अजर' गाया जाता है। हालांकि फिल्म उद्योग से जुड़े लोग 'अजिर' शब्द को जानबूझकर, 'अजर' के रूप में अपभ्रष्ट करके नहीं गाते। 'ज' को 'जि' करने से भी मात्रा की दृष्टि से वर्ण में कोई अंतर नहीं आता। तब भी दोनों वर्ण लघु या ह्रस्व ही रहते हैं। फिर गवैया यह वैयाकरणिक अभ्यास क्यों करेंगे? न ही ये अधिकतर फिल्मी गायक लक्षण ग्रंथों के रचयिता, आचार्य, शास्त्री या वैयाकरण होते हैं। वास्तविकता यह है कि 'अजिर' को 'अजर' गाने वाले फिल्मी गायकों को न यह मालूम है कि, 'अजर' का अर्थ 'अ'+'जर', यानि जरा रहित, अर्थात 'युवा' होता है और न यह मालूम है, कि 'अजिर' का अर्थ, 'आंगन' होता है। इनके द्वारा, 'अजिर' को बिना सोचे-समझे फ्लो या फर्राटे के साथ, 'अजर' गाने का प्रमुख कारण, शंकर जी से और उनकी स्तुतियों-स्तवनों से जुड़े 'अजर-अमर' शब्द युग्म से है, जो इन्होंने कई बार सुन और अपनी व्यावसायिक गायिकी में भी फिट कर रखा है, लेकिन इसका वास्तविक अर्थ ये लोग नहीं जानते। तुलसी ने 'रामचरितमानस' में निवेदन या प्रार्थना के पर्यायवाची के रूप में, 'अस्तुति' शब्द का सैकड़ों बार प्रयोग किया है और 'स्तुति' को शायद भूलकर एक बार भी नहीं। जबकि 'अस्तुति' को हिंदी में 'स्तुति' का विलोम, 'निंदा' माना जाता है। यानि खड़ी बोली, हिंदी में जो, 'स्तुति', यानि प्रशंसा है, अवधी बोली में वही, 'अस्तुति', यानि निंदा है। यदि तुलसीदास हिंदी शब्दों को तोड़-मरोड़ कर अवधी शब्द बनाने की सामर्थ्य रखते थे, तो उन्होंने, 'मानस' के अपने ही पाठकों को सैकड़ों स्थानों पर भ्रमित होने से बचाने के लिए 'अस्तुति' के स्थान पर 'स्तुति' का ही प्रयोग क्यों नहीं किया? पर उनके द्वारा ऐसा किया जाना बहुत बड़ा अक्षम्य अपराध हो गया होता। इसलिए हमें अपने पांडित्य-प्रदर्शन के लिए तुलसी जैसे अतुल्य व अलौकिक विभूतियों को नहीं घसीटना चाहिए।



ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

आसपास

समस्याओं को अनदेखा करने से देश का भला नहीं हो सकता : वरूण

भाजपा सांसद ने दो दिवसीय दौरे से अंतिम दिन कई गांव में किया जनसंवाद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : भाजपा सांसद वरुण गांधी ने दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन सोमवार को ललौरीखेड़ा ब्लॉक के पिपरा, गुटैहा, नवदिया दहला, बिल्हा खजुरिया, मथुदांडी, जंगरौली, जिरौनिया, सतरापुर, चिनौरा, अलियापुर, सड़िया, रूपपुरकृपा, ललौरीखेड़ा, भूड़ा मगरासा आदि गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने संविदाकर्मियों की दिक्कतों को खुलकर उठाया।

भाजपा सांसद ने कहा कि उन्होंने हमेशा निजीकरण का विरोध किया है। यह देशहित में नहीं है। देशभर में सरकारी नौकरियों के करीब एक करोड़ पद रिक्त हैं। जब किसी गरीब को नौकरी मिलती है तो पूरा परिवार खुशियों से झूम उठता है, सबको मजबूती मिलती है। संविदा की नौकरियां किसी का भला नहीं कर सकतीं। इसमें न तो स्थायीकरण है न मानदेय बढ़ रहा है। देश में बढ़ती बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, किसानों और गरीबों की समस्याओं को अनदेखा करने से देश का भला नहीं हो सकता।

जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए डीएम को दिए निर्देश

सांसद वरुण गांधी की अध्यक्षता में आम जनमानस की समस्याओं को गांधी सभागार में सुना गया। सांसद ने विभिन्न समस्याओं का संज्ञान लेते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। ग्राम भैसहा ग्वालपुर के किसानों की ओर से आवारा पशुओं को लेकर आ रही दिक्कत बताई गई थी। इसे लेकर सांसद ने डीएम को गांव में बड़ी गौशाला का निर्माण कराने के निर्देश दिए। ये भी कहा कि जिन इलाकों में अधिक पशु हैं, वहां ठोस कदम उठाएं। ग्राम नावकूड में राशन की दुकान वर्तमान में रिक्त होने की समस्या से अवगत कराया गया। निर्देश दिए कि खुली बैठक कर निस्तारण कराएं। इस मौके पर डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

दो महिलाओं को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

हापुड़, अमृत विचार : पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर फैक्ट्री में काम करने जा रहीं दो महिलाओं को सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां एक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरी महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। गांव बझैड़ा खुर्द की 38 वर्षीय बीना व शहर के मोहल्ला रमपुरा की 34 वर्षीय रश्मि रिलायंस रोड स्थित एक फैक्ट्री में काम करती थीं।

देश भर में ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय साइबर ठग गिरफ्तार

हापुड़, अमृत विचार : पुलिस ने लोन देने के नाम पर देश भर में ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश कर अंबेडकर तिराहा मेरठ रोड से दो शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी नगर वरुण मिश्रा ने बताया कि थाना साइबर क्राइम पुलिस ने आईपीएल फाइनेंस लिमिटेड कम्पनी के नाम पर एसएमई योजना के अंतर्गत सस्ते ब्याज दरों पर लोन देने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश थाना साइबर क्राइम प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार पांडे व निरीक्षक अरविंद चौधरी की टीम ने किया है। पुलिस ने अनिल पुत्र मान सिंह निवासी नॉर्थ ईस्ट दिल्ली हाल पता निशांत एनक्लेव गढी जस्सी थाना लोनी, गाजियाबाद व पवन पांडे पुत्र रामजी पांडे निवासी ए 250, गली नंबर 6 कश्मीरी कॉलोनी जैन नगर कंझावला नॉर्थ ईस्ट दिल्ली, हाल पता कृष्णा कॉलोनी निकट काली माता मंदिर उत्तम नगर, दिल्ली को गिरफ्तार किया है। इनसे 6 मोबाइल फोन, लैपटॉप, 17040 रुपये, 2 एटीएम कार्ड, आधार कार्ड एवं आईपीएल फाइनेंस लिमिटेड व फ्यूचर जनरली न्यू सरल इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के फर्जी पत्र आदि बरामद किये। अभियुक्त लोगों को फंसाकर ठगी की घटनाओं को अंजाम देते थे। इनके खातों में 6 माह में करीब 25 लाख का ट्रांजेक्शन का होना पाया गया है।

साइलेंट एफर्ट फाउंडेशन ने बांटे निशुल्क पैड्स

हापुड़, अमृत विचार : एफर्ट फाउंडेशन हर महीने की तरह सोमवार को भी साइलेंट एफर्ट फाउंडेशन की डायरेक्टर डॉ0 सौम्या पांडे, अध्यक्ष डॉ0 निधि शर्मा, उपाध्यक्ष कुसुम सिद्ध एवं कोषाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने बालिकाओं तथा महिलाओं को निशुल्क पैड्स बांटे।

खोया-पाया

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0801121 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2018 अनुक्रमांक 0616726 के प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं।

– डम्पी सिंह पुत्र हरस्वरूप सिंह ग्राम काफियाबाद, इस्लामनगर मुरादाबाद

खोया-पाया

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2017 अनुक्रमांक 0622003 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2019 अनुक्रमांक 0507695 के प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं।

– समीर राठौर पुत्र गजेन्द्र पाल सिंह, ग्रा. व पो. डिलारी, मुरादाबाद

खोया-पाया

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2018 अनुक्रमांक 0743299 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2021 अनुक्रमांक 215542325 के प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं।

– मो. नदीम पुत्र मो. आदिल, ग्रा. धींगरपुर डिलारी, मुरादाबाद

खोया-पाया

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2017 अनुक्रमांक 0626388 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं।

– शीतल सैनी पुत्री गिरधारी लाल सैनी निवासी ज्ञानी वाली बस्ती, मुरादाबाद

विपक्ष ने लोगों को छला, भाजपा ने किया भला : संजीव सिक्का

हापुड़, अमृत विचार : मेरठ लोकसभा क्षेत्र की हापुड़ विधानसभा के ग्राम बड़ौदा सहानी में मुस्लिम समाज के प्रमुख लोगों के साथ संवाद करते हुए दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री संजीव गोयल सिक्का ने कहा कि यदि हम इतिहास उठाकर के देखें तो केंद्र और प्रदेश में जितने भी राजनीतिक दलों ने अपने हाथ में सत्ता ली है उन्होंने मुस्लिम समाज को छलने के अलावा कोई काम नहीं किया लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सेवा रूपी सरकार ने हमेशा मुसलमानों को सभी क्षेत्र में बढ़ावा देने का कार्य किया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी योजनाओं एवं विकसित भारत के संकल्प की परिकल्पना से कोई भी अछूता नहीं है।

सूचना अज्ञात शव शिनाख्त

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संभल जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर में दिनांक 15.6.2023 को एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला था। जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। **मृतक अज्ञात पुरुष की उम्र लगभग 51 वर्ष, लम्बाई 5 फिट 7 इंच, रंग सांवला, बाल काले, चेहरे पर हल्की काली सफेद दाढ़ी, दाहिनी तरफ का एक दांत बाहर की तरफ निकला हुआ। शरीर पर आसमानी रंग की बाजारू हाफ टी शर्ट व सुरमई रंग का लोवर** पहने था। यदि उक्त के संबंध में कोई जानकारी रखता हो तो निम्न पते पर सूचित करने का कष्ट करें।

प्रभारी निरीक्षक
थाना कोतवाली संभल, जनपद संभल
मो. नं. 9454404055

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत, लो0नि0वि0, मुरादाबाद

ई–निविदा आमन्त्रण सूचना

पत्रांकः– 83 / निविदा – मु0वृत्त / 23–24 दिनांक : – 05/01/2024

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0 मुरादाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदायें वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से कॉलम – 8 के अनुसार अर्ह एवं पंजीकृत निविदादाताओं से दिनांक 31.01.2024 प्रातः 10 बजे से 06.02.2024 समय दोपहर 12: 00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कॉलम 5 एवं 7 में दर्शायी गयी धनराशि E-Tender Portal पर Net Banking के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा की प्री–क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड दिनांक 06.02.2024 को समय दोपहर 12: 30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित / अधिकृत रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड़ में क्वालिफाई पाये गये ठेकेदारों की फाईनेंशियल बिड खोले जाने के दिनांक व समय हेतु पृथक से सूचना इस कार्यालय द्वारा जारी की जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री–क्वालिफिकेशन/ टेक्नीकल बिड उसी कम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्यो का विवरण निम्नवत् है–

क्रसं	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु0लाख में)	धरोहर धनराशि (रु0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित)	निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी सहित (रू0 में)	ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	मुरादाबाद	एन0एच0–24 के कि0मी0– 151 से मनोहरपुर होते हुए उमरी मार्ग कि0मी0 –2 (300) 3,4,5)	36.49	3.85	3 माह	300+2000+54 =2354	ए.बी.सी (मार्ग श्रेणी)
2	मुरादाबाद	पुराना एन0एच0–24 (शहरी भाग) (दिल्ली बरेली लखनऊ) मार्ग । कि0मी0 – 157,158 एवं 159	167.30	10.37	12 माह	300+2000+54 =2354	ए.बी. (मार्ग श्रेणी)
3	मुरादाबाद	मुरादाबाद बाईपास पार्ट II कि0मी0– 1 से 9 10 (800) 11, 12, 13, 14 (382), 15, 16 (800)	308.81	17.44	12 माह	300+2000+54 =2354	ए. (मार्ग श्रेणी)
4	मुरादाबाद	भीमराव अम्बेडकर उ0प्र0 पुलिस अकादमी मुरादाबाद के आन्तरिक मार्ग। कि0मी0– 1, 2,3,4,5)	65.31	5.27	5 माह	300+2000+54 =2354	ए.बी.सी (मार्ग श्रेणी)
5	मुरादाबाद	दोराहा डिलारी करनपुर– सुरजननगर – जसपुर मार्ग (कि0 मी0–27 से 40)	341.32	19.07	12 माह	300+2000+54 =2354	ए. (मार्ग श्रेणी)
6	मुरादाबाद	ठाकुरद्वारा अलीगंज मार्ग। कि0 मी0 – 1 से 7. 8 (600)	145.59	9.28	12 माह	300+2000+54 =2354	ए.बी (मार्ग श्रेणी)
7	मुरादाबाद	करनपुर – रतुपुरा– शरीफनगर– जसपुर मार्ग। कि0मी0 – 11 से 19 20 (400)	229.17	13.46	12 माह	300+2000+54 =2354	ए. (मार्ग श्रेणी)
8	मुरादाबाद	भोजपुर रोशनपुर टाण्डा कि0मी0– 11 से 18 19 (825)	169.05	10.45	12 माह	300+2000+54 =2354	ए.बी (मार्ग श्रेणी)

निविदा के नियम / शर्ते और विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic. in पर उपलब्ध हैं। शासनादेश सं–879 (10 / 237–2020 दिनांक 25–08–2020 एंव प्रमुख अभियन्ता (विकास) एंव विभागाध्यक्ष के पत्रांक– 4650 / प्रहरी को 4एन–एल0सी0/ 2020 http://wms.uppwd.gov.in/prahari / पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होगें ।

UP – 201700 दिनांक 27.01.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(मो0 नवेंद अहमद खा)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,
लो0नि0वि0, मुरादाबाद।

(एस0पी0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
मुरादाबाद वृत.
लो0नि0वि0, मुरादाबाद।

एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य साधने वाला होगा उत्तर प्रदेश का महाबजट

लोकसभा चुनाव को लेकर बजट में होगा लोक लुभावन दावों और वादों की बरसात

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार विधानसभा सत्र में इस बार एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य साधने वाला महाबजट पेश करेगी। इसमें लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोक लुभावन वादों और दावों की भरमार तो होगी ही, नव्य राममंदिर में रामलला के दर्शन शुरू होने और अगले साल महाकुंभ से पर्यटन समेत सेवाकरों में अप्रत्याशित वृद्धि का अनुमान है। साथ ही, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए हर जिले में औद्योगिक विस्तार से विकास दर में इजाफा होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में अफसरों को बजट का स्वरूप कैसा होगा, इसका खाका समझाया था। अब वित्त विभाग वर्ष 2024-25 के बजट को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। पिछली बार 22 फरवरी को वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने बजट प्रस्तुत किया था, इस बार 5 या 6 फरवरी को प्रस्तुत होगा। उसी दिन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का अभिभाषण होगा, फिर अगले दिन से बजट पर चर्चा शुरू होगी। राज्य सरकार ने 2023-24 के लिए 6 लाख 90 हजार 242 करोड़ 43 लाख रुपये का बजट पेश किया था, लेकिन इस बार अयोध्या में नव्य राम मंदिर में शुरू हुए दर्शन में अप्रत्याशित बढ़ रही भक्तों की संख्या से महर्षि वाल्मीकि एयर पोर्ट, लखनऊ एयरपोर्ट और गोरखपुर एयरपोर्ट के जरिए भक्तों के आने का सिलसिला, टूरिंग-ट्रेवेल्स आदि की बढ़ी आय बजट अनुमान को पिछले बार से 15 फीसदी तक बढ़ा सकती है। प्रयागराज महाकुंभ को लेकर बजट में विशेष प्रावधान होगा।

बजट सुविधाएं और बाजार को बढ़ावा देने वाला होगा। औद्योगिक प्राधिकरण क्षेत्र में स्थापित इकाइयों का सर्वेक्षण, अप्रयुक्त प्लॉटों का चिन्हीकरण और नये इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की स्थापना पर सरकार का जोर है। 10 स्थानों पर प्लेज पार्क, पर्यटन, होटल/रेस्टोरेंट, ट्रान्सपोर्ट, संचार, रियल एस्टेट, प्रोफेशनल सर्विस, लोक सेवा, रक्षा व अन्य सेवाओं में विकास पर फोकस होगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के माध्यम से प्रदेश में कुल 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों में 11.8 लाख करोड़ के प्रस्ताव केवल मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए है। इसे जमीन पर उतारते ही आर्थिक परिवेश में बड़ा उछाल आएगा। हर जिले में औद्योगिक इकाईयां शुरू करने के लिए होने जा रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी अर्थव्यवस्था को वर्ष 2027 तक एक ट्रिलियन डालर करने का लक्ष्य को तेजी से पूरा होता दिखेगा। बजट में प्रदेश की बेहतर ब्रांडिंग, व्यापार अनुकूल माहौल और निर्यात प्रोत्साहन के प्रयासों पर जोर होगा। चीनी मिलों का आधुनिकीकरण और शुगर कॉम्प्लेक्स बनाने में सरकार और तेजी लाएगी। बजट में लोकलुभावन घोषणाएं होगी।

शून्य त्रुटि के साथ शामिल हो आंकड़े व तथ्य

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने निर्देश दिया है कि बजट भाषण में शामिल आंकड़ों व तथ्यों को शून्य त्रुटि के साथ तैयार करें। बजट भाषण के लिए तथ्य तैयार करते समय राज्य सरकार की नीतियों, प्राथमिकताओं, फ्लैगशिप योजनाओं और नई योजनाओं को खासतौर पर शामिल किया जाए। उधर, अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव को वित्तमंत्री के बजट भाषण के लिए बजट सामग्री तैयार करने के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल के अभिभाषण और बजट भाषण में शामिल आंकड़ों में जरा सी भी भिन्नता न हो।

साढ़े छह वर्ष में तेजी से बढ़ी उप्र की अर्थव्यवस्था

पिछले साढ़े छह वर्षों के नियोजित प्रयासों से देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था उप्र विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। 2021-22 में प्रदेश की कुल जीडीपी 16.45 लाख करोड़ थी, जो अब 2022-23 में 22.58 लाख करोड़ से अधिक हो गई है। वर्तमान 2023-24 में प्रदेश की जीडीपी 25.55 लाख करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। राष्ट्रीय आय में प्रदेश 9.2 फीसदी का योगदान कर रहा है। अर्थव्यवस्था की विकास दर के राष्ट्रीय मानकों का आंकलन करें तो 2021-22 में प्रचलित भावों पर प्रदेश की विकास दर 20.1 फीसदी रही, जबकि देश की 18.4 फीसदी।

आयकर से संबंधित विवादों का हो सकेगा आसानी से निपटारा

लखनऊ, अमृत विचार : अब राजधानी में आयकर से संबंधित विवादों का निपटारा आसानी से हो सकेगा। केंद्रीय विधि और न्याय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अर्जुन राम मेघवाल ने यहां सोमवार को वर्चुअली आयकर अपीलीय अधिकरण भवन का उद्घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि विवाद से विश्वास स्कीम 2020 के तहत करदाताओं को केवल विवादित करों की राशि का भुगतान ही करना था। इससे संबंधित मामलों का अधिकरण ने अच्छे से निपटारा किया। इससे आयकर दाताओं को मदद मिलेगी।

आयकर अपीलीय अधिकरण के अध्यक्ष जस्टिस सीवी भडंग ने कहा कि जयपुर, बंगलुरु और कटक के बाद आयकर अपीलीय अधिकरण को चैथा भवन लखनऊ में मिला है। उन्होंने कहा कि आईटीएटी में लंबित मामलों की संख्या कम और निस्तारित किए गए केसों की संख्या बढ़ती जा रही है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष आयकर अपीलीय अधिकरण (दिल्ली और अहमदाबाद क्षेत्र) जीएस पन्नू, उपाध्यक्ष, आयकर अपीलीय अधिकरण, (लखनऊ और पुणे क्षेत्र) शक्तिजीत डे भी उपस्थित रहे।

एसआई-एएसआई व कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवेदन तिथि बढ़ी

लखनऊ, अमृत विचार : पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) और सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के 921 तथा प्रोग्रामर ग्रेड-2 और कम्प्यूटर ग्रेड-ए के पदों पर सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख बढ़ा दी गई है। पहले 28 जनवरी अंतिम तिथि थी। अब 31 जनवरी की रात 12 बजे तक इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। वहीं आवेदन में किसी तरह की हुई त्रुटि में संशोधन के लिए दो फरवरी को रात 12 बजे तक का मौका मिलेगा। ऑवेदन में संशोधन भी ऑनलाइन और खुद ही करना होगा। ऑवेदन के बाद अगर कोई अभ्यर्थी फीस न जमा कर पाया हो तो उसके लिए भी दो फरवरी को रात में 12 बजे मौका रहेगा। पहले 30 जनवरी तक की तारीख तय की गई थी। उप्र प्रोन्नति पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अपर सचिव ने इस आशय का निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा है कि 25 जनवरी से 28 जनवरी तक सार्वजनिक अवकाश होने के चलते ऑवेदन करने और फीस जमा करने में होने वाली दिक्कतों को देखते हुए ऑवेदन की तारीख बढ़ाने का फैसला किया गया है।

सार-संक्षेप

राज्य में खुलेंगे सात नए गौ संरक्षण केन्द्र

लखनऊ, अमृत विचार : गौ-संरक्षण के लिए प्रदेश के आधा दर्जन जिलों में सात नए गौ-संरक्षण केन्द्र बनाए जाएंगे। इसके लिए प्रथम किस्त के रूप में राज्य सरकार ने 5.6 करोड़ रूपए भी भेज दिए गए हैं। पशुपालन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने पशुपालन विभाग के निदेशक को बजट जारी करते हुए निर्देश दिए हैं कि एक गौ संरक्षण केन्द्र के लिए 80 लाख रुपए स्वीकृत किये गए हैं। उक्त क्रम में फर्रुखाबाद में दो गौ-संरक्षण स्थापित होंगे, ये सदर तहसील अंतर्गत गांव अछरौडा व कायमगंज में ग्राम पचरौली में बनाए जाएंगे। इसके अलावा बुलंदशहर, महराजगंज, जालौन, कन्नौज व गोरखपुर में एक-एक नया गौ-संरक्षण केन्द्र बनाया जाएगा। साथ ही इस बजट को उपयोग करने के निर्देश भी दिए हैं।

एफआई हॉस्पिटल के ध्वस्तीकरण पर लगी रोक

विधि संवाददाता, लखनऊ : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एफआई हॉस्पिटल के ध्वस्तीकरण पर 1 फरवरी तक के लिए रोक लगा दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने फरजाना सिराज की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किया। याची की ओर से न्यायालय के समक्ष एफआई हॉस्पिटल का नक्शा व मालिकाना सम्बंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए समय की मांग की गई, इस पर न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए 1 फरवरी की तिथि नियत करते हुए, तब तक ध्वस्तीकरण न करने का आदेश एलडीए व राज्य सरकार को दिया है।

धान किसानों को 10,145 करोड़ से अधिक का भुगतान

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश के धान किसानों को 10,145 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया है। इससे सात लाख से ज्यादा किसान लाभान्वित हुए हैं। शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में किसानों से धान खरीद जारी है। किसानों को क्रय क्रेंद्रों पर समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। किसानों को समय से भुगतान भी किया जा रहा है। अब तक सात लाख 37 हजार से अधिक किसानों से धान की खरीद हो चुकी है। सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2183 रुपये व ग्रेड ए का समर्थन मूल्य 2203 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है।

भाजपा राज में शंकराचार्य भी सुरक्षित नहीं: अजय राय

लखनऊ, अमृत विचार : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि भाजपा के शासन में सनातन ध्वज वाहक शंकराचार्य भी सुरक्षित नहीं हैं। यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को उनके ही मठ में पुलिस ने चारों तरफ से घेर लिया है। स्वामी सोमवार को अपरान्ह तीन बजे मूल विश्वनाथ मंदिर की परिक्रमा व ज्ञानवापी जाना चाहते थे। प्रशासन ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को वहां जाने से मना किया और धारा 144 लागू होने का हवाला दिया। इस पर स्वामी अकेले ही जाने को तैयार थे पर प्रशासन ने हठधर्मिता व निरंकुशता का परिचय देते हुए सोनारपुरा स्थित विद्यामठ में उन्हें नजरबंद कर दिया।

सीएचसी के अधीक्षक के खिलाफ होगी कार्रवाई

लखनऊ, अमृत विचार : सिद्धार्थनगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,बेवा (डुमरियागंज) के प्रभारी अधीक्षक डॉ.श्रवण कुमार तिवारी के खिलाफ राज्य सरकार ने अनुशासनिक कार्रवाई की संस्तुति करते हुए आरोपों की जांच के निर्देश दिये। इसके लिए अपर निदेशक स्वास्थ्य बस्ती मंडल को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रभारी पर अधीनस्थ कर्मचारियों से अभद्रता और अमर्यादित भाषा के साथ ही महिला कर्मियों के उत्पीड़न के आरोप लगाए गए थे। स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार ने आदेश जारी स्पष्ट किया है कि डॉ.श्रवण कुमार के विरूद्ध जांच में महिला कर्मियों में एएनएम ने लिखित बयान भी दिया था। जांच के दौरान डॉ.तिवारी द्वारा जांच अधिकारी को धमकाने के अलावा कुशीनगर में गायत्री हास्पिटल डायबिटीज केयर सेंटर निजी अस्पताल भी संचालित किये जाने की जानकारी हुई है। इससे स्पष्ट होता है कि डॉ.श्रवण कुमार अपने उच्चधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के साथ ही प्राइवेट प्रैक्टिस में संलिप्त हैं।

नशे के 4 अन्तर्राष्ट्रीय तस्करों को एसटीएफ ने दबोचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 83 लाख का चरस बरामद, नेपाल से लाकर उप्र में करते थे सप्लाई

अमृत विचार : एसटीएफ ने रविवार को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास 16.5 किलोग्राम चरस बरामद किया गया है। अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में उसकी कीमत लगभग 83 लाख रूपये बताई गई है। अयोध्या में पकड़े गए चारो तस्कर कानपुर नगर और देहात के रहने वाले हैं। इसमें विमल राजपूत, जितेन्द्र, आशीष यादव तथा योगेन्द्र सिंह यादव हैं।

एसटीएफ को विभिन्न जनपदों में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचनाएं मिल रही थी। इसी बीच इन तस्करों के बारे में सूचना मिली कि वह नेपाल से अवैध मादक पदार्थ (चरस) लेकर कानपुर जाने वाले है। इसके बाद एसटीएफ टीम सक्रिय हो गई और उन्हें अयोध्या के पूरा कलन्दर क्षेत्र से दबोच लिया। उनकी कार की जांच में 16.5 किग्रा चरस बरामद हुई। नशे के तस्करों ने पूछताछ पर बताया कि यह अवैध मादक पदार्थ (चरस) नेपाल से लाकर कानपुर के मनोज तिवारी के साथ मिलकर बेचने का कार्य करते थे। इस धंधे में वह काफी समय से सक्रिय थे।

अखिलेश ने अपना व परिजनों का किया विकासः बृजलाल

लखनऊ, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद बृजलाल ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्होंने सिर्फ अपना औप परिजनों का विकास किया है। उनकी सरकार में जंगलराज, दंगा-फसाद और अपराधों का बाढ़ आ गई थी। सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा बिहार में भाजपा के सहयोग से नीतीश कुमार की फिर सरकार बनने पर भाजपा को कमजोर पार्टी होने का तंज कसा था। जवाब में सोमवार को भाजपा के राज्यसभा सांसद बृजलाल ने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी और मज़बूत पार्टी है और हमेशा नारियों, किसानों, ग़रीबों और युवकों के हितों की चिंता करती है। बृजलाल ने कहा कि अखिलेश तो परिवारवाद के पोषक है। परिवारवाद ही भ्रष्टाचार का जनक होता है।

सहायक शिक्षक भर्ती के आवेदन पत्र में एक अतिरिक्त कॉलम जोड़ने का निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती के आवेदन में त्रुटिपूर्ण एवं भ्रामक जानकारियां देने के मामले में महत्वपूर्ण आदेश देते हुए कहा कि भविष्य में परिषदीय स्कूलों में सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में परिणाम की स्थिति का एक अतिरिक्त कॉलम भी आवेदन पत्र में शामिल किया जाए, जिससे उन उम्मीदवारों को भी आवेदन करने का अवसर मिले, जिनके परिणाम प्रतीक्षित हैं या जिनके कुछ ही दिनों में घोषित होने की संभावना है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने अजय कुमार व अन्य की याचिका पर विभागीय आदेशों को रद्द करते हुए पारित किया है। इसके साथ ही याचियों को 3 सप्ताह के अंदर सेवाओं में शामिल करने का भी निर्देश दिया है। मामले के अनुसार दिसंबर 2014 में परिषदीय स्कूलों में 15000 सहायक शिक्षकों की भर्ती के लिए एक विज्ञापन जारी किया गया था। याचियों ने अपने ऑनलाइन फॉर्म गलत ढंग से भरे और जमा किये। कोर्ट के समक्ष प्रश्नगत मामला यह है कि पंजीकरण की तिथि पर गलत बयानी और योग्य न होने के कारण याचियों की नियुक्तियों को शून्य घोषित किया जाए या नहीं। मामले की विशिष्ट परिस्थितियों पर विचार करते हुए कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि यह सत्य है कि उनका कार्य शुरू से ही प्रमाणित नहीं था, इस दृष्टि से वे सेवा में बने रहने के हकदार नहीं है, लेकिन विभिन्न चरणों में इस कोर्ट के हस्तक्षेप के कारण सरकार ने कई परिपत्र जारी किए और फॉर्म जमा करने की तिथि बढ़ा दी, साथ ही बाद में बीटीसी पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को भी आवेदन करने का मौका दिया गया।

परिषदीय स्कूलों में हर महीने होगा पीटीएम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▸▸ अभिभावकों से नियमित संवाद करेंगे शिक्षक

अमृत विचारः नए शैक्षिक सत्र से परिषदीय स्कूलों में हर महीने अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन होगा। इसी सप्ताह में पहली पीटीएम होगी। इसमें उपस्थिति, गृहकार्य, ड्रेस आदि को लेकर चर्चाएं होगी। कई अभिभावकों ने सरकार से मिले 12 सौ रुपये में यूनिफार्म, जूता व मोजा आदि नहीं खरीदा है, इसे भी अमल में लाया जाएगा।

सरकार निजी स्कूलों की तर्ज पर सरकारी स्कूलों में भी अभिभावकों से नियमित संवाद पर जोर देने जा रही है। कक्षा में विद्यार्थियों की पढ़ाई और अनुशासन में क्या स्थिति है, प्रतिदिन गृहकार्य वह कर रहा है या नहीं और नियमित स्कूल आ रहा है या नहीं इसे लेकर अभिभावकों से अध्यापक चर्चा करेंगे। वहीं यूनिफार्म, जूता व मोजा इत्यादि के लिए अभिभावकों के खाते में भेजे गए 1,200 रुपये की धनराशि का उपयोग कराया जाएगा।

स्कूल शिक्षा महानिदेशालय की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) को निर्देश दिए गए हैं कि वह स्कूलों में हर महीने इसके आयोजन की मानीटरिंग करें। अभिभावकों के साथ शिक्षकों की बैठक होने से विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान मौके पर होगा। ऐसे विद्यार्थी जो पढ़ाई में कमजोर हैं उनके अभिभावकों को इसकी जानकारी दी जाएगी। घर पर भी वह हर दिन पढ़ाई करें और फुल यूनिफार्म में ही विद्यालय आएं इसे सख्ती से लागू कराया जाएगा। कुछ अभिभावक ऐसे हैं, जिन्होंने यूनीफार्म नहीं खरीदी। नियमित पीटीएम होने से उन पर इसे लेकर दबाव बनाया जाएगा कि वह सरकार की ओर से दी गई धनराशि का सदुपयोग करें।

डीजी मानवाधिकार और डीजी विजिलेंस पद पर होगी नई तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार के 31 जनवरी की सेवानिवृत होने पर न केवल नए डीजीपी की तैनाती होगी, बल्कि विजिलेंस और मानवाधिकार में भी नए डीजी पोस्ट किए जाएंगे।

31 जनवरी को विजय कुमार के अलावा डीजी (मानवाधिकार) एसके माथुर भी रिटायर होंगे। चूंकि विजय कुमार के पास कार्यवाहक डीजीपी के साथ ही डीजी विजिलेंस की जिम्मेदारी हैं। ऐसे में उनकी सेवानिवृति के बाद डीजीपी और विजिलेंस का भी पद खाली हो जाएगा। वहीं एसके माथुर के रिटायर होने से डीजी मानवाधिकार का भी खाली हो जाएगा। ऐसे में नए डीजीपी के अलावा बाकी उन दोनों पदो पर भी नई तैनाती की जाएगी। डीजी स्तर के इन दोनों अफसरों के सेवानिवृति से एडीजी स्तर के दो अफसरों को प्रमोशन का लाभ मिलेगा। एक फरवरी को 1990 बैच की आईपीएस अफसर एडीजी (प्रशिक्षण) तिलोत्तमा वर्मा और 1991 बैच के एडीजी (विजिलेंस) राजीव कृष्णा को डीजी पद पर प्रोन्नत मिल जाएगा। प्रशांत कुमार को एक माह पहले ही डीजी पद पर प्रमोशन मिल जाने से एडीजी राजीव कृष्णा को इस बार खाली होने वाले पद के सापेक्ष प्रमोशन का लाभ मिल जाएगा।

वर्ग पहेली-327

बाएं से दाएं

1.1. एक मुगल शासक जो अकबर का पिता था 2. भाग्यशाली व्यक्ति।

5. श्रावक धर्मावलंबी, जैन धर्म पर विश्वास करने वाला, जैन मतानुयायी।

6.1. 'घम-घम' शब्द होना 2. तेज़ आवाज़ करना, गरजना।

9.1. तरल पदार्थ (जल आदि) को उलीचकर बाहर फेंकना 2. पंक

ऊपर से नीचे

2.1. जिसकी आशा टूट गई हो, उदास, हताश, निराश, नाउम्मीद 2. खिन्न।

3. दरवाज़े के चौखट के नीचे की लकड़ी, देहरी।

4.1. संसार 2. मर्त्यलोक 3. प्राणीजगत।

7. एक प्रकार का दलहन।

8.1. कम मात्रा का, अल्प, न्यून, जो परिमाण में कम हो, अल्पलभ्य, कुछ, ज़रा-सा, किंचित 2. अपर्याप्त, आवश्यकता या ज़रुरत से कम या घटकर 3. केवल उतना जितने में कार्य हो जाए।



वर्ग पहेली - 326 का हल

1 ज़	■	2 अँ	■	■
मीं	■	3 जु	4 बा	द
■	5 ज़	ली	ल	6 आ
■	■	■	वा	ति
■	7 घ	रा	ड़ी	श
■	■	■	■	बा
■	8 फ़ा	इ	न	ल	ज़ी

सुडोकू-44

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		9	1				2	7
	2			7				5
	3				8		9	
8				3			5	
		4				2		
	1			9				8
	4		7				1	
1				2			4	
	5	6			4	7		

सुडोकू - 43 का हल

8	5	4	3	1	7	6	9	2
7	3	2	9	4	6	5	1	8
6	1	9	5	2	8	7	3	4
4	6	7	2	8	1	3	5	9
5	9	1	4	7	3	2	8	6
2	8	3	6	9	5	1	4	7
3	2	5	8	6	4	9	7	1
1	4	6	7	3	9	8	2	5
9	7	8	1	5	2	4	6	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 जनवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ,पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-चतुर्थी 08.54 तक तत्पश्चात पंचमी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.41 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09.04-09.47, 23.01-23.53 तक। दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु,मीन।

ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तरा फाल्गुनी 22.06 तक तत्पश्चात हस्त।

मेष — आज आप प्रतिस्पर्धियों के सामने बचाव के मूड में रहेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए दिन काफी अच्छा है। आप कुछ प्रभावशाली लोगों के व्यक्तित्व और उनकी सफलता से काफी प्रेरित रहेंगे।

वृष — आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का व्यवहार आपको दुखी कर सकता है। पिता के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। संतान की उन्नति से आपको प्रसन्नता होगी। महत्वपूर्ण व्यापारिक संबंध बन सकते हैं। प्रेमी जन के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

मिथुन — आज अपनी जीवनशैली पर ध्यान अवश्य दें। आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं जिसके कारण कार्यों में रुकावटें आ सकती है। निजी संबंधों में कुछ न्यूनता महसूस होगी। बीमारियों से छुटकारा मिलेगा।

कर्क — आज आप अपने कुशल वाक् चातुर्य से महत्वपूर्ण परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे। किसी उत्सव में सम्मिलित होने का निमंत्रण मिल सकता है। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। बॉस आपकी सैलरी बढ़ाने को लेकर चर्चा कर सकते हैं।

सिंह — आज जल्दबाजी में कोई बड़ा निवेश न करें। अधिकारी वर्ग आपके काम में कमी निकाल सकते हैं। अनुपयोगी गतिविधियों में अपना समय बर्बाद न करें। आपको स्वास्थ्य में काफी ध्यान देना चाहिए। आय के स्रोतों में कमी आ सकती है।

कन्या — आज आर्थिक उलझनों का निवारण होगा। फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों का भाग्य खुल सकता है। अचानक बड़े प्रोजेक्ट्स मिल सकते हैं। आपकी इच्छाओं के पूरा होने के योग बन रहे हैं। मित्र आपकी सहायता करने का प्रयास करेंगे।

तुला — आज किसी महत्वपूर्ण काम में हाथ न डालें। प्रेम सम्बन्धों को लेकर भावुक हो सकते हैं। मन में अप्राकृतिक और अव्यावहारिक विचारों का जमावड़ा लगा रहेगा। दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक रहेगी। पिता से झगड़ा हो सकता है।

वृश्चिक — आज अपने परिजन व दोस्तों के साथ समय बिताएं। विद्यार्थियों को किसी उपलब्धि के लिए सम्मान मिल सकता है। मार्केटिंग से जुड़े कारोबार में उत्तम प्रगति होगी। प्रेम संबंध को वैवाहिक स्वरूप भी दे सकते हैं। आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

धनु — आज आपके व्यवहार एवं सिद्धांतों से कई लोग प्रभावित रहने वाले हैं। छोटे बच्चों की पढ़ाई को लेकर माता-पिता चिंतित हो सकते हैं। यात्रा काफी शुभ एवं मंगलमय रहने वाली है। रेस्टोरेन्ट एवं होटल कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी।

मकर — आज दिन की शुरुआत बहुत अच्छी रहेगी। दोपहर के बाद काम तेजी से गति पकड़ेंगे। सेहत में आ रही परेशानियों से राहत मिलेगी। आपको अनुभवी लोगों से मार्गदर्शन लेना चाहिए। उच्च शिक्षा में बड़ा शानदार प्रदर्शन करेंगे।

कुंभ — आज किसी से व्यर्थ में न उलझे। दूसरों के काम में टोका-टाकी करना उचित नहीं है। अपना चरित्र अच्छा रखें। विवाह सुख में कुछ न्यूनता रहेगी। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं। व्यस्तता के बावजूद अपने काम पर ध्यान दें।

मीन — आज दोस्तों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बिताएंगे। धर्म-कर्म में दिखावा न करें। करियर में आपको बड़े मौके मिल सकते हैं। व्यवसाय में बड़ा लाभ व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दांपत्य सुख का भरपूर आनंद लेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- दरार — सुबह : 10.00
- खुद्दार — रात : 07.00

SONY MAX
- सूरमा — दोपहर : 12.00
- कुत्ते — रात : 10.00

SONY PIX
- जॉम्बीलैंड — सुबह : 09.52
- सुपरमैन रिटर्न्स — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- वन टू थी — सुबह : 10.30
- सोचा न था — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- ऐलान — सुबह : 09.28
- ...और प्यार हो गया — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-10.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक औरत अपनी पड़ोसन से लड़ रही थी
पहली औरत- मेरे पास पैसा है,बंगला है गाड़ी है तेरे पास क्या है?
दूसरी औरत- मेरे पास 20 साल पहले सिलवाया हुआ शादी का ड्रेस है,जो मुझे आज भी फिट आता है।
फिर क्या! कॉलोनी में सन्नाटा छा गया...

पप्पू- यार मेरे एक कमीने दोस्त ने मेरी गर्लफ्रेंड का पर्सनल नंबर मेरे फोन से निकाल लिया।
दोस्त- फिर क्या हुआ भाई?
पप्पू : होना क्या था, साला सुबह से अपनी ही पत्नी को रोमांटिक मैसेज भेज रहा है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1165 डीएमओ 838।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104–106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

एक नजर

जियो ने 34.5 लाख नए मोबाइल ग्राहक जोड़े

नई दिल्ली। रिलायंस जियो ने नवंबर, 2023 में 34.5 लाख नए मोबाइल ग्राहक जोड़कर दूरसंचार बाजार में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। जियो ने अक्टूबर की तुलना में नवंबर में अधिक नए ग्राहक जोड़े हैं। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में जियो की प्रमुख प्रतिद्वंद्वी भारती एयरटेल के लगभग 17.5 लाख नए ग्राहक जोड़े।

नौ माह में सोने का आयात 26.7% बढ़ा

नई दिल्ली। भारत का सोने का आयात चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह (अप्रैल–दिसंबर) में 26.7 प्रतिशत बढ़कर 35.95 अरब डॉलर हो गया है। स्वर्ण आयात का देश के चालू खाते के घाटे (कैड) पर असर पड़ता है। एक साल पहले की इसी अवधि में सोने का आयात 28.4 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर, 2023 में इस बहुमूल्य धातु का आयात 156.5 प्रतिशत बढ़कर तीन अरब डॉलर का हो गया।

27% कंपनियों ने जेएआई का इस्तेमाल रोका

संचार कंपनी सिस्को के सर्वे के मुताबिक निजता, डेटा सुरक्षा जोखिम की वजह से लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

निजता और डेटा (निजी सूचना) सुरक्षा जोखिमों के चलते चार में से एक संगठन ने जनरेटिव-कृत्रिम मेधा (जेन-एआई) पर प्रतिबंध लगा दिया है। संचार कंपनी सिस्को की एक शोध रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकला है।

शोध रिपोर्ट 'सिस्को 2024 डेटा प्राइवेसी बेंचमार्क स्टडी' भारत, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, मेक्सिको, स्पेन, ब्रिटेन और अमेरिका में 2,600 निजता एवं सुरक्षा पेशेवरों से बातचीत पर आधारित है। अध्ययन से पता चलता है कि अधिकांश कंपनियां डेटा गोपनीयता और सुरक्षा मुद्दों पर जेन-एआई के उपयोग को सीमित कर रही हैं और 27 प्रतिशत ने इसके उपयोग पर कम से कम अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिका की कंपनी सिस्को की शोध रिपोर्ट के अनुसार-चार में से एक से अधिक संगठनों ने गोपनीयता और डेटा सुरक्षा जोखिमों के कारण जेन-एआई के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया। रिपोर्ट में जेनएआई के साथ बढ़ती गोपनीयता चिंता, एआई के उपयोग पर संगठनों के सामने आने वाली भरोसे संबंधी चुनौतियों और सूचनाओं को बेचने आदि का उल्लेख किया गया है। इस सर्वेक्षण के सातवें संस्करण में पाया गया कि निजता नियामकीय अनुपालन से कहीं आगे का मामला है।

कंपनियों की प्रमुख चिंताओं में कानूनी और बौद्धिक संपदा अधिकार (69 प्रतिशत) को जोखिम और जनता या प्रतिस्पर्धियों के सामने जानकारी साझा करने का जोखिम (68 प्रतिशत) शामिल है।

सिस्को ने कहा कि अधिकांश संगठन इन जोखिमों के बारे में जानते हैं और इसे सीमित करने के लिए नियंत्रण स्थापित कर रहे हैं। इनमें 63 प्रतिशत ने सीमाएं स्थापित की हैं कि कौन सा डेटा दर्ज किया जा सकता है, 61 प्रतिशत ने सीमाएं निर्धारित की हैं कि जेन-एआई माध्यम का उपयोग कर्मचारियों द्वारा किया जा सकता है, और 27 प्रतिशत ने कहा उनके संगठन ने कुछ समय के लिए जेन-एआई अनुप्रयोगों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया था। फिर भी, कई व्यक्तियों ने ऐसी जानकारी दर्ज की है जो चिंता बढ़ा सकती है। इसमें कर्मचारी जानकारी (45%) या कंपनी के बारे में गैर-सार्वजनिक जानकारी (48%) शामिल है।

उत्तरदाताओं का मानना जोखिम को प्रबंधित करने के लिए नई तकनीक की जरूरत

सिस्को के मुख्य विधि अधिकारी देव स्टालकॉफ ने कहा कि संगठन जेन-एआई को मौलिक रूप से भिन्न तकनीक के रूप में देखते हैं, जिसमें विचार करने के लिए नई चुनौतियां हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 90 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि जेन-एआई को डेटा और जोखिम को प्रबंधित करने के लिए नई तकनीक की जरूरत है।

देर से मिलेगा उत्तर प्रदेश के आलू का स्वाद

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : देश-विदेश को उत्तर प्रदेश के आलू का स्वाद इस बार देर से मिलेगा। आलू बेल्ट में मुख्य फसल फरवरी अंत तक तैयार होगी। क्योंकि अक्टूबर में समय से बोई गई फसल अधिक तापमान से तो कुछ जगह बारिश से पिछड़ गई थी।

इसलिए ज्यादातर क्षेत्रों में किसानों ने अक्टूबर की बजाय नवंबर में बोवाई की थी। जबकि मुख्य फसल मौसम अनुकूल होने पर 15 से 25 अक्टूबर तक की जाती है। इसकी 25 फरवरी से खोदाई शुरू हो जाती है। आलू की तमाम प्रजातियां पकने में 100-110 दिन तक लगते हैं। ऐसी स्थिति में मार्च शुरुआत में ही बाजार में आलू आने की संभावना है। फसल पिछड़ने से इस बार प्रदेश से निर्यात भी देर से होगा।

- अक्टूबर में बारिश और अधिक तापमान के कारण देर से हुई थी बोवाई
- फरवरी अंत में आलू तैयार होने की संभावना, निर्यात पर पड़ेगा असर

आगरा व कन्नौज बेल्ट से 200 टन करना है निर्यात: लखनऊ के रहमान खेड़ा स्थित मंडी परिषद के मैंगो पैक हाउस से पहली बार आलू का निर्यात परीक्षण के तौर पर फरवरी से ओमान, बहरीन व दुबई होना है। इसके लिए कन्नौज बेल्ट से 200 टन चिप्स सोना और कुफरी बहार 3792 प्रजाति किसानों से खरीदी जानी है। जो तैयार न होने के कारण किसान तय समय पर नहीं दे पाएंगे। इससे निर्यात में देरी होगी और असर पड़ेगा। वैसे इन देशों को ईरान आलू की पूर्ति करता आ रहा है। वहीं इस संबंध में अकरब बेग (जीएम मैंगो पैक हाउस) ने बताया कि मैंगो पैक हाउस को पहली बार फरवरी से निर्यात करना है। इसी आधार पर आगे मांग आएगी। लेकिन, फसल तैयार न होने के कारण मार्च में ही निर्यात कर पाएंगे।

प्रदेश में आलू का रकबा

बोआई : 700 लाख हेक्टेयर में
अनुमानित पैदावार : 250 लाख एमटी

अक्टूबर में बारिश के कारण समय पर आलू की बोवाई नहीं हो पाई। इस बीच की गई फसल बर्बाद हो गई थी। इस कारण मौसम सामान्य होने पर देर से बोवाई की गई और देर से खोदाई होगी।

-डॉ. अखिलेश कुमार दुबे, वरिष्ठ कृषि विज्ञानी, कृषि विज्ञान केंद्र, लखनऊ।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,650
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,300
गिन्नी (प्रति नग)	47,900–48,100
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,800
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,650
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,500
चांदी तैयार	73,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,800
सोना जेवरात गिन्नी	62,800
चांदी पक्की	727 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,000
चांदी आभूषण	73,750।

एमएसएमई को सार्वजनिक व निजी दोनों क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी होते देखना चाहता हूं

नई दिल्ली। दूरसंचार सचिव नीरज मित्तल ने सोमवार को कहा कि छोटी, नवोन्वेषी कंपनियों के कुछ ''उत्कृष्ट'' उत्पाद बनाने के तथ्य पर गौर करते हुए वह एमएसएमई को न केवल सार्वजनिक क्षेत्र की निविदाओं के लिए बल्कि निजी क्षेत्र में भी प्रतिस्पर्धी होते देखना चाहते हैं। दूरसंचार विभाग के शीर्ष अधिकारी मित्तल ने कहा कि सरकार उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में सुधार करना चाहती है और नई, बेहतर योजना के लिए लघु, कुटीर एवं मझौले उद्यमों (एमएसएमई) से भी उनके विचार मांगे हैं।

सेंसेक्स में जोरदार उछाल से निवेशकों की पूंजी छह लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भारी लिवाली और एशियाई बाजारों में तेजी के चलते बीएसई सेंसेक्स में करीब दो प्रतिशत के उछाल के साथ सोमवार को निवेशकों की संपत्ति छह लाख करोड़ रुपये बढ़ गई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,240.90 अंक यानी 1.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,941.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,309.55 अंक तक उछल गया था। दिन में कारोबार सेंसेक्स 1,309.55 अंक या 1.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,010.22 अंक तक पहुंचा था। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6,08,556.11 करोड़ रुपये बढ़कर 3,77,20,679.19 करोड़ हो गया। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ गया। बाजार में तेजी में इसका सबसे ज्यादा योगदान रहा। इसके अलावा टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, टाइटन और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

चीनी का उत्पादन 2023 24 सीजन में चार प्रतिशत कम होने का अनुमान

नई दिल्ली। देश में चीनी का उत्पादन 2023-24 सीजन (अक्टूबर-सितंबर) में सालाना आधार पर करीब चार प्रतिशत घटकर 3.16 करोड़ टन रहने का अनुमान है। चीनी व्यापार संगठन अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (एआईएसटीए) ने सोमवार को अपना पहला उत्पादन अनुमान जारी करते हुए कहा कि 3.16 करोड़ टन के अनुमानित चीनी उत्पादन और 57 लाख टन के शुरुआती भंडार के साथ देश में चीनी की उपलब्धता 3.73 करोड़ टन होने की संभावना है। यह अनुमानित घरेलू खपत 2.9 करोड़ टन से अधिक है।

सरकार तय कर सकती है वित्तीय संस्थानों से 70,000 करोड़ के लाभांश का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार अगले वित्त वर्ष में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और वित्तीय संस्थानों से लाभांश के तौर पर लगभग 70,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने की उम्मीद कर रही है। चालू वित्त वर्ष में आरबीआई से मिले अच्छे लाभांश के बाद यह उम्मीद की जा रही है।

सूत्रों ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लोकसभा में पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट में वित्तीय संस्थानों से लाभांश प्राप्त करने का जो लक्ष्य रखेंगी, वह चालू वित्त वर्ष के लिए अनुमानित 48,000 करोड़ रुपये से कहीं अधिक होगा। चालू वित्त वर्ष का अनुमान पहले ही बजट लक्ष्य से अधिक हो चुका है। इसका कारण आरबीआई का 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों का तिमाही वित्तीय परिणाम अच्छा रहा है। ऐसे में आने वाले वर्ष में उनकी तरफ से लाभांश भुगतान चालू वित्त वर्ष की तुलना में अधिक होगा। सूत्रों ने कहा कि इसीलिए, वित्त वर्ष 2024-25 में आरबीआई और वित्तीय संस्थानों से लाभांश भुगतान के रूप में लगभग 70,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने की उम्मीद करना उपयुक्त है।

राष्ट्रीय

एक नजर

प्रबीर, अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत दर्ज एक मामले में समाचार पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के संस्थापक और मुख्य संपादक प्रबीर पुरकायस्थ तथा मानव संसाधन विभाग के प्रमुख अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत सोमवार को बढ़ा दी। उन पर चीन के समर्थन में प्रचार के लिए धन प्राप्त करने के आरोप में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम कानून (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुरकायस्थ मामले में आरोपी हैं जबकि पूर्व सह–आरोपी चक्रवर्ती हाल में मामले में सरकारी गवाह बन गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने सोमवार को उनकी न्यायिक हिरासत 17 फरवरी 2024 तक बढ़ा दी।

तेजस्वी यादव को बयान दाखिल करने का निर्देश

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव को उनकी उस कथित टिप्पणी को वापस लेते हुए एक उपयुक्त बयान दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं। न्यायमूर्ति ए.एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने तेजस्वी के पूर्व के हलफनामे को लेकर शिकायतकर्ता द्वारा आपत्ति जताये जाने के बाद एक नया बयान दाखिल करने के लिए राजद नेता को एक हफ्ते का वक्त दिया है।

500 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवक गिरफ्तार

सिरसा। हरियाणा के सिरसा में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ब्यूरो की सिरसा यूनिट ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–9 पर अंडरब्रिज गांव सिकन्दरपुर से एक कार में सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 501 ग्राम हेरोईन पकड़ने में सफलता हासिल की है। ब्यूरो इसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 50 लाख 10 हजार रुपये आंक रहा है। आरोपियों के खिलाफ सदर थाना सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के सिरसा स्थित पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह ने गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित, माता-पिता व शिक्षकों को दी सलाह

अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अभिभावक अपना विजिटिंग कार्ड न मानें: नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अभिभावकों को अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड नहीं मानने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि दबाव से निपटने में बच्चों की मदद करने के लिए उनमें दृढ़ता पैदा करना महत्वपूर्ण है और माता-पिता व शिक्षकों को सामूहिक रूप से छात्रों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना चाहिए। दसवीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं से पूर्व छात्रों के मानसिक तनाव को कम करने के उद्देश्य से मोदी ने छात्रों को दूसरों से नहीं बल्कि खुद से प्रतिस्पर्धा करने और अभिभावकों को अपने बच्चों में प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता के बीज ना बोने का भी सुझाव दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में 'परीक्षा पे चर्चा 2024' के दौरान छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत की। ● एजेंसी

अपने वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा-हमारे बच्चों में दृढ़ता पैदा करना और दबावों से निपटने में उनकी मदद करना महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों को हमेशा ऐसे दोस्त बनाने का सुझाव दिया जो अधिक बुद्धिमान हों और कड़ी मेहनत करते हों। उन्होंने कहा-आपको ऐसे दोस्तों से प्रेरित होना चाहिए। पढ़ाई और परीक्षा के दबाव को खुद पर हावी न होने दें। मोदी ने कहा कि भले ही प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां प्रेरणा के रूप में काम करती हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। उन्होंने कहा-बहुत से माता-पिता अपने बच्चों को दूसरे बच्चों का उदाहरण देते रहते हैं। माता-पिता को इन चीजों को करने से बचना चाहिए।

मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की परंपरा बंद हो : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालती मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की प्रथा बंद होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री और अन्य सभी अदालतों को भी इस पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया कि उच्च न्यायालयों या अधीनस्थ अदालतों के समक्ष दाखिल किसी भी याचिका में पक्षों के मेमो में वादी की जाति या धर्म का उल्लेख नहीं होना चाहिए। पीठ ने कहा-हमें इस अदालत के समक्ष या किसी भी अधीनस्थ अदालत के समक्ष किसी वादी की जाति या धर्म के उल्लेख का कोई कारण नजर नहीं आता। इस तरह की परिपाटी रुकनी चाहिए और तत्काल बंद होनी चाहिए।

- सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल रोक लगाने का दिया निर्देश

शीर्ष अदालत ने राजस्थान की एक कुटुम्ब अदालत में लंबित एक वैवाहिक विवाद में मामले को स्थानांतरित करने की अनुमति देते हुए आदेश सुनाया। शीर्ष अदालत ने इस बात पर हैरानी जताई के पक्षों के मेमो में पति और पत्नी दोनों की जातियों का उल्लेख किया गया है।

कोर्ट ने मजिस्ट्रेट को उपयुक्त प्रशिक्षण दिलवाने को कहा

नई दिल्ली। शीर्ष कोर्ट ने अग्रिम जमानत हासिल कर चुके एक व्यवसायी की पुलिस रिमांड को अदालत की घोर अवमानना करार देते हुए सोमवार को कहा कि वह गुजरात उच्च न्यायालय को दंडाधिकारियों (मजिस्ट्रेट) को उपयुक्त प्रशिक्षण देने के लिए कहेगा। गुजरात के व्यवसायी की पुलिस रिमांड को लेकर अत्यधिक नाखुशी जाहिर करते हुए शीर्ष अदालत ने 10 जनवरी को व्यक्ति की अवमानना याचिका पर सूरत के कुछ पुलिस अधिकारियों और एक न्यायिक मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत को सूचित किया गया कि पिछले साल 8 दिसंबर को याचिकाकर्ता तुषारभाई रजनीकांतभाई शाह को अग्रिम जमानत दी गई थी।

राकांपा विधायकों की अयोग्यता संबंधी याचिका पर निर्णय लेने की समयसीमा बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- फैसला करने के लिए उच्चतम न्यायालय ने दिया निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट से जुड़े राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर फैसला करने के लिए राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को दी गई समयावधि सोमवार को 15 फरवरी तक बढ़ा दी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने 30 अक्टूबर को राकांपा के शरद पवार गुट के नेता जयंत पाटिल की इस याचिका पर फैसला करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को 31 जनवरी तक का समय दिया था।

पाटिल की याचिका में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार का हिस्सा बनने के लिए पाला बदलने वाले राकांपा विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने का अनुरोध किया गया है। न्यायालय ने उसी दिन नार्वेकर को निर्देश दिया था कि वह शिवसेना के प्रतिद्वंद्वी गुटों की ओर से दाखिल उन याचिकाओं पर भी 31 दिसंबर तक फैसला करें जिनमें दोनों ने एक-दूसरे के विधायकों को सदन की सदस्यता से अयोग्य ठहराने का अनुरोध किया है।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला व न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की इन दलीलों पर गौर किया कि याचिका पर आदेश पारित करने के लिए तीन और सप्ताह की आवश्यकता है। मेहता ने प्रतिद्वंद्वी शिवसेना गुटों द्वारा दायर याचिकाओं पर अध्यक्ष द्वारा हाल में पारित आदेश का उल्लेख किया और कहा कि प्रतिवादियों की जिरह अभी पूरी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि यह 31 जनवरी तक पूरी हो जाएगी तथा आदेश पारित करने के लिए तीन सप्ताह का समय और दिए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष प्रतिद्वंद्वी शिवसेना गुटों द्वारा दायर याचिकाओं के निपटारे में व्यस्त थे। उन्होंने कहा कि राकांपा के मामले में कार्यवाही वैसे समाप्त हो चुकी है और अध्यक्ष को आदेश लिखने के लिए वास्तव में कुछ और समय की आवश्यकता है।

नीतीश कुमार जल्द करेंगे मंत्रिमंडल का विस्तार

पटना, एजेंसी

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ गठबंधन कर सरकार बनाने के एक दिन बाद विधानसभा अध्यक्ष पद और अन्य विधायकों को मंत्रिपरिषद में शामिल करने के लिए जोरदार गोलबंदी शुरू हो गई है।

कुमार ने विभागों के बंटवारे के लिए अपने नये मंत्रिमंडल की सोमवार को बुलाई गयी बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के बाद विभागों के बंटवारे को लेकर राजग के घटक दलों के नेता चुप्पी साधे रहे। सूत्रों के मुताबिक कैबिनेट सचिवालय सोमवार शाम तक विभागों के बंटवारे से संबंधित अधिसूचना जारी कर सकता है। कैबिनेट बैठक में रविवार को शपथ लेने वाले सभी आठ मंत्री शामिल हुए। नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा के अलावा भाजपा के प्रेम कुमार, जद-यू के विजेंद्र यादव, श्रवण कुमार और विजय कुमार चौधरी, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय विधायक सुमित कुमार सिंह ने मंत्री के तौर पर रविवार को शपथ ली थी।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय मुनाफाखोरी रोधी प्राधिकरण से संबंधित कानून की वैधता बरकरार रखी

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रीय मुनाफाखोरी रोधी प्राधिकरण (एनएए) से संबंधित कानूनी प्रावधानों की वैधता को बरकरार रखा। यह फैसला कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की पीठ ने फिलिप्स इंडिया, रेकिट बेंकिजर, जिलेट इंडिया और प्रॉक्टर एंड गैंबल होम प्रोडक्ट्स आदि सहित कई संस्थाओं की 100 से अधिक याचिकाओं वाले मामलों की सुनवाई के दौरान दिया था। अदालत ने कहा-हमने (सीजीएसटी अधिनियम की) धारा 171 के साथ-साथ 2017 के (सीजीएसटी) नियमों के नियम 122, 124, 126, 127, 129, 133 और 134 की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा है।

हिजाब पर भाजपा विधायक के बयान पर बवाल, मुस्लिम छात्राओं का प्रदर्शन

जयपुर। जयपुर के एक सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली मुस्लिम छात्राओं ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक बालमुकुंद आचार्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को सुभाष चौक पुलिस थाने के सामने प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि विधायक ने स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के हिजाब पहनने पर आपत्ति जताई थी। कई स्कूली छात्राओं ने आज सुभाष चौक थाने के बाहर सड़क पर जाम लगा दिया और स्थानीय भाजपा विधायक के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने विधायक से माफी मांगने और भाजपा नेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की।

उच्च शिक्षण संस्थानों में एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण को खत्म करने की साजिश : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता ने यूजीसी का मसौदा दिशा-निर्देश को लेकर लगाया आरोप

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) का मसौदा दिशानिर्देश उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों को मिलने वाले आरक्षण को खत्म करने की साजिश है।

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, यूजीसी के नए मसौदे में उच्च शिक्षा संस्थानों में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को मिलने वाले आरक्षण को ख़त्म करने की साजिश हो रही है। आज 45 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में लगभग 7,000 आरक्षित पदों में से 3,000 रिक्त हैं, और जिनमें सिर्फ 7.1 प्रतिशत दलित, 1.6 प्रतिशत आदिवासी और 4.5 प्रतिशत पिछड़े वर्ग के प्रोफेसर हैं। उन्होंने दावा किया-आरक्षण की समीक्षा तक की बात कर चुकी भाजपा-आरएसएस अब ऐसे उच्च शिक्षा संस्थानों में से वंचित वर्ग के हिस्से की नौकरियां छीनना चाहती है।

अगर मोदी फिर जीते, तो भारत में आ सकती तानाशाही

भुवनेश्वर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को दावा किया कि 2024 का लोकसभा चुनाव लोगों के लिए लोकतंत्र को बचाने का आखिरी मौका है, क्योंकि अगर भारतीय जनता पार्टी फिर से जीतती है, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तानाशाही की तरफ बढ़ सकते हैं। उन्होंने लोगों से भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से दूरी बनाने का आग्रह किया और आरोप लगाया कि वे जहर के समान हैं। खरगे ने कांग्रेस की सभा में कहा–यह भारत में लोकतंत्र को बचाने के लिए लोगों के पास आखिरी मौका होगा। अगर नरेन्द्र मोदी एक और चुनाव जीतते हैं, तो देश में तानाशाही होगी। भाजपा भारत में उसी तरह शासन करेगी जैसे पुतिन रूस में कर रहे हैं। खरगे ने भाजपा और आरएसएस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार राज्यों और विपक्ष के नेताओं को डरा–धमका कर चल रही है।

भारतीय टीम को इस्लामाबाद में राष्ट्र प्रमुख जैसी सुरक्षा

60 साल बाद पाकिस्तान में डेविस कप खेलने पहुंची है टीम, खिलाड़ियों की सुरक्षा में किए गए कड़े इंतजाम

इस्लामाबाद, एजेंसी

डेविस कप मुकाबले के लिए करीब 60 साल में पहली बार पाकिस्तान दौरे पर गई भारतीय टेनिस टीम को इस्लामाबाद में राष्ट्र अध्यक्ष जैसी सुरक्षा मुहैया कराई गई है। खिलाड़ियों के लिए लागू सुरक्षा योजना के तहत एक बम निरोधक दस्ता हर सुबह इस्लामाबाद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की जांच करेगा और यात्रा के दौरान भारतीय टीम दो एस्कॉर्ट वाहन की निगरानी में रहेगी। भारतीय खिलाड़ी ज्यादातर आयोजन स्थल और होटल तक ही सीमित रहेंगे।

पाकिस्तान रवाना होने से पहले भारतीय टेनिस खिलाड़ी और सहयोगी दल।

4-5 सुरक्षा घेरे में रहेगी भारतीय टीम

पाकिस्तान टेनिस महासंघ (पीटीएफ) के महासचिव कर्नल गुल रहमान ने कहा कि भारतीय टीम 60 साल के बाद पाकिस्तान आई है इसलिए हम अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। भारतीय टीम के चारों ओर सुरक्षा की चार से पांच परतें हैं। वह इस आयोजन के सुरक्षा प्रबंधक है। यात्रा के दौरान टीम के साथ रहेंगे। भारतीय दल रविवार रात इस्लामाबाद पहुंचा, जिसमें पांच खिलाड़ी, दो फिजियो और अखिल भारतीय टेनिस संघ के दो अधिकारी हैं।

बम निरोधक दस्ता करेगा जांच, एस्कॉर्ट वाहन रहेंगे साथ

पीटीएफ महासचिव ने कहा कि यात्रा के समय एस्कॉर्ट वाहन टीम के साथ रहेंगे। टीम वीवीआईपी प्रवेश द्वार से होटल में प्रवेश करेगी, जो राज्य के प्रमुखों के लिए आरक्षित है। बम निरोधक दस्ते हर सुबह आयोजन स्थल की गहन जांच करेंगे और कार्यक्रम स्थल में किसी को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह प्रक्रिया पूरे मुकाबले के दौरान जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद एशिया के सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है। आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं, ऐसे में सुरक्षा पहले से ही कड़ी है। यहां लगातार हवाई निगरानी हो रही है, शहर में लगभग 10,000 कैमरे लगे हैं। भारतीय खिलाड़ियों की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस काम में पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड (पीएसबी), इस्लामाबाद पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और अन्य की टीमें सहयोग कर रहीं हैं।

मेजबानी सम्मान की बात

पीटीएफ महासचिव ने कहा कि भारतीय टीम की मेजबानी करना न केवल पीटीएफ के लिए बल्कि पाकिस्तान के लिए भी सम्मान की बात है। हम खेल कूटनीति में विश्वास करते हैं। पाकिस्तान के बेहतरीन टेनिस खिलाड़ियों में से एक अकील खान ने कहा कि भारतीय टीम अगर सहज है तो उसे शहर में घूमना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर वे बाहर नहीं जा सकते हैं और शहर नहीं देख सकते हैं तो रेस्त्रां में जाएं। वह उन्हें रात्रिभोज के लिए ले जाना चाहेंगे।

मंदीप ने इंटरकॉटिनेंटल खिताब जीता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय मुक्केबाज मंदीप जांगड़ा ने वाशिंगटन के टॉप्पेनिश सिटी में गेरार्डो एसक्विवेल को हराकर अमेरिका की नेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन (एनबीए) का इंटरकांन्टिनेंटल सुपर फेदरवेट खिताब जीता है। 30 साल के मंदीप ने अमेरिका के मुक्केबाज के खिलाफ शुक्रवार को प्रतिस्पर्धा के लिए अपने पिछले 75 किलोग्राम भार वर्ग को छोड़कर कम भार वर्ग में उतरना पड़ा।

उन्होंने कहा कि यह जीत सिर्फ मेरी नहीं है, बल्कि हर उस व्यक्ति की है, जिसने इस पूरी यात्रा में मेरा साथ दिया। इसमें कोच, परिवार, प्रशंसक और साथ खड़े रहने वाले शामिल हैं। वह यह खिताब अपने देश को समर्पित करते हैं। देश के लिए भविष्य में भी इसी तरह का सम्मान और खिताब हासिल करने की कोशिश करेंगे। मंदीप जांगड़ा ने 2021 में पेशेवर मुक्केबाजी में पदार्पण किया था। एसक्विवेल को हराने से पहले उन्होंने अपने छह मुकाबलों में से चार में नॉकआउट जीत दर्ज की है। उन्होंने अमेच्योर सर्किट में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2014 ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था।



जडेजा और राहुल के बाहर होने से भारत को झटका, सरफराज का इंतजार खत्म

चोट के कारण विशाखापत्तनम में दो फरवरी से शुरू हो रहे मैच में नहीं खेल सकेंगे

हैदराबाद, एजेंसी

भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और बल्लेबाज लोकेश राहुल विशाखापत्तनम में दो फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे, जिससे मेजबान टीम को श्रृंखला के पहले टेस्ट में हार के बाद दोहरा झटका लगा है। जडेजा को रविवार को पहले टेस्ट के दौरान तेजी से रन लेते हुए पैर की मांसपेशियों में चोट लगी थी, जबकि राहुल ने जांघ में दर्द की शिकायत की है। राहुल को पिछले साल मई में आईपीएल के दौरान भी जांघ में चोट लगी थी और उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी, इस कारण वह चार महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे।

पहले टेस्ट में राहुल और जडेजा ने किया था प्रभावी प्रदर्शन

पहले टेस्ट में राहुल और जडेजा दोनों ने प्रभावी प्रदर्शन किया था लेकिन बाद में इंग्लैंड ने वापसी करते हुए 28 रन की जीत के साथ श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई। जडेजा ने पांच विकेट चटकाने के अलावा पहली पारी में 87 रन बनाए, जबकि राहुल ने 86 रन की पारी खेली। जडेजा की ऑलराउंड क्षमता टीम के लिए काफी अहम है। अपने चार टेस्ट के करियर के दौरान प्रभावित करने वाले ऑफ स्पिनर वाशिंगटन अंतिम एकादश में जडेजा की जगह ले सकते हैं। पिछले साल सितंबर में एशिया कप में चोट के बाद वापसी करते हुए राहुल ने एकदिवसीय और टेस्ट प्रारूप में शानदार प्रदर्शन किया।

सौरभ और वाशिंगटन सुंदर भी टीम में शामिल

बीसीसीआई ने कहा कि चयन समिति ने मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान, स्पिनर सौरभ कुमार और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया है। घरेलू क्रिकेट में ढेरों रन बनाने वाले सरफराज को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने हाल में इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ भी शानदार प्रदर्शन किया था। विराट कोहली निजी कारणों से शुरुआती दो टेस्ट के लिए अनुपलब्ध हैं, जबकि जडेजा और राहुल की चोट ने भारत की मुसीबत बढ़ा दी है।

रजत पाटीदार के खेलने की संभावना ज्यादा

सरफराज टीम में जगह पाने के हकदार हैं लेकिन विशाखापत्तम में रजत पाटीदार के पदार्पण करने की संभावना अधिक है जो पहले ही भारत की 15 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं। अहमदाबाद में इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ गुरुवार से होने वाले तीसरे और अंतिम मुकाबले के लिए वाशिंगटन सुंदर के विकल्प के तौर पर सारांश जैन को भारत ए टीम में शामिल किया गया है। आवेश खान मध्य प्रदेश की अपनी रणजी टीम के साथ रहेंगे और जरूरत पड़ने पर टेस्ट टीम से जुड़ेंगे।

दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह, आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वाशिंगटन सुंदर और सौरभ कुमार।

ओली पोप के रास्ते में आने पर जसप्रीत बुमराह को फटकार

दुबई, एजेंसी

जसप्रीत बुमराह को हैदराबाद टेस्ट के दौरान रन लेते समय इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप के रास्ते में आने और अनुचित शारीरिक संपर्क के कारण फटकार और एक डिमेरिट अंक दिया गया है। बुमराह का अपराध आईसीसी आचार संहिता के तहत लेवल एक का है। 24 महीने में यह उनका पहला अपराध है। आईसीसी ने कहा कि यह घटना इंग्लैंड की दूसरी पारी के 81वें ओवर में हुई जब बुमराह जान बूझकर ओली पोप के रास्ते में आ गए जब वह रन ले रहे थे, जिससे अनुचित शारीरिक संपर्क भी हुआ।

आईसीसी ने रन लेते समय बीच में आने पर एक डिमेरिट अंक भी दिया

बुमराह को आईसीसी की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया। बुमराह ने सजा स्वीकार कर ली, जिससे मामले की औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायरों पॉल रीफेल और क्रिस गाफानी, तीसरे अंपायर मराइस इरास्मस और चौथे अंपायर रोहन पंडित ने बुमराह पर आरोप लगाया था।

भारत डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में पांचवें पायदान पर पहुंचा

दुबई। इंग्लैंड से मिली 28 रनों की हार के बाद भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में तीन स्थान नीचे खिसक कर पांचवें पायदान पर पहुंच गया है। भारत पहले तालिका में दूसरे स्थान पर था। इंग्लैंड के खिलाफ हार के बाद भारत तालिका में दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश से नीचे चला गया है। ऑस्ट्रेलिया तालिका में शीर्ष पर है। दक्षिण अफ्रीका को केपटाउन टेस्ट में दो दिन के भीतर हराने के बाद भारत कुछ समय के लिए तालिका में शीर्ष पर भी था लेकिन इसके ठीक दो दिन बाद ही पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने क्लीन स्वीप किया और वह पहले स्थान पर पहुंच गया। हालांकि भारत को हराने के बावजूद इंग्लैंड भी तालिका में एक पायदान नीचे खिसक गया। इसकी वजह गाबा में ऑस्ट्रेलिया पर वेस्टइंडीज की ऐतिहासिक जीत रही। वेस्टइंडीज अब तालिका में सातवें स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड आठवें पायदान पर है।

अंक तालिका में भारत से ऊपर दक्षिण अफ्रीका न्यूजीलैंड और बांग्लादेश

खेल डायरी

अविनाश साबले और पारुल अमेरिका में लेंगे प्रशिक्षण

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय ने एशियाई खेलों के पदक विजेता लंबी दूरी के धावक अविनाश साबले और पारुल चौधरी के अमेरिका के कोलोराडो में प्रशिक्षण के अनुरोध को सोमवार को मंजूरी दे दी। सरकार ने इसके साथ ही पहलवान अंशु मलिक को जापान और और सरिता मोर अमेरिका में प्रशिक्षण के लिए भी हामी भर दी है। साबले और पारूल कोच स्कॉट सिमंस की देख रेख में कोलोराडो स्प्रिंग्स में उच्च ऊंचाई वाले केंद्र में अभ्यास करेंगे। सरिता अमेरिका में अभ्यास करेंगी। टेबल टेनिस खिलाड़ी पायस जैन भी मंत्रालय के खर्च पर कोच किउ जियान की देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जापान के ओसाका जाएंगे। मंत्रालय ने इसके साथ ही भारतीय पैरा-तीरंदाज शीतल देवी, सरिता और राकेश कुमार के लिए धनुष, तीर, साइट स्केल सहित अन्य उपकरणों की खरीद के अनुरोध के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी।

क्रिकेटरों के पास शराब मिलने की होगी जांच

नई दिल्ली। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) ने चंडीगढ़ से राजकोट वापस जाते हुए अपने अंडर-23 क्रिकेटरों के पास से शराब की बोतलें बरामद होने के बाद सोमवार को जांच शुरू करने का फैसला किया। यह घटना 25 जनवरी को सीके नायडू ट्रॉफी में मेजबान चंडीगढ़ पर सौराष्ट्र की जीत के बाद हुई। क्रिकेटरों को जिस विमान में चढ़ना था उसके कार्गो क्षेत्र में बड़ी मात्रा में शराब पाई गई। बाद में चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर अधिकारियों ने शराब जब्त कर ली।

सैफ चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित

नई दिल्ली। राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच सुक्ला दत्ता ने सोमवार को बांग्लादेश के ढाका में दो से आठ फरवरी तक होने वाली सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। भारतीय टीम मंगलवार को बांग्लादेश रवाना होगी। सभी मुकाबले ढाका के मुस्तफा कमाल स्टेडियम में खेले जाएंगे। वर्ष 2021 की उपविजेता रही भारतीय टीम दो फरवरी को भूटान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

चेन्नई करेगा रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग की मेजबानी

नई दिल्ली। रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग का तीसरा संस्करण 15 फरवरी से चेन्नई में खेला जाएगा, जिसमें ट्राफी के लिए नौ टीमें एक दूसरे का मुकाबला करेंगी। अहमदाबाद डिफेंडर्स, बेंगलुरु टॉरपीडो, कालीकट हीरोज, चेन्नई ब्लिट्ज, दिल्ली तूफान्स, हैदराबाद ब्लैक हॉक्स, कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स, कोलकाता थंडरबोल्ट्स और मुंबई मेटियर्स के बीच कड़ी जंग होने के आसार हैं, जबकि फाइनल मुकाबला एसडीएटी मल्टी-पर्पज इंडोर स्टेडियम में 21 मार्च को खेला जाएगा।

गुकेश दूसरे स्थान पर रहे, मेंडोंका ने खिताब जीता

विज्क आन जी (नीदरलैंड्स)। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश चीन के वेई यी से अंतिम टाई-ब्रेकर में हारने के बाद टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। भारतीय ग्रैंडमास्टर लियोन ल्यूक मेंडोंका ने अंतिम दौर में हमवतन दिव्या देशमुख को हराकर चैलेंजर्स वर्ग का खिताब अपने नाम किया। यह गुकेश के लिए मुश्किल दिन रहा। फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें 13वें गेम में ईरान के परहम माघसूदलू के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद पिछले साल के विजेता अनीश गिरी के खिलाफ तीन टाई-ब्रेक गेम में बेहतर साबित होना था। उन्होंने इन दोनों खिलाड़ियों को शिकस्त देने के बाद खिताबी मैच में वेई यी के साथ पहला मुकाबला ड्रा खेला। चीन के खिलाड़ी ने अगले मुकाबले को जीतकर खिताब अपने नाम किया। वहीं मेंडोंका ने आखिरी चरण के मुश्किल मैच में दिव्या को हराया। यह मुकाबला बराबरी पर चल रहा था लेकिन दिव्या की एक चूक का फायदा उठा कर मेंडोंका ने शानदार जीत दर्ज की।

सोनम मासकर ने आईएसएसएफ विश्व कप में जीता रजत पदक

काहिरा, एजेंसी

पहली बार आईएसएसएफ विश्व कप खेल रही सोनम मासकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीत लिया।

सोनम ने आठ महिलाओं के फाइनल में 252.1 स्कोर किया। वह जर्मनी की अन्ना जांस्सेन से 0.9 अंक पीछे रही। पोलैंड की अनेता स्टानकीविच को कांस्य पदक मिला। इससे पहले दिव्यांश सिंह पंवार ने विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।

निशानेबाजी विश्वकप में पदार्पण करते हुए किया कमाल

विश्व कप में भारत दो स्वर्ण और तीन रजत के साथ शीर्ष पर है। सोनम ने 633.1 और नैंसी ने 632.7 के स्कोर के साथ पांचवां और चौथा स्थान लेकर फाइनल में प्रवेश किया था।

भारत जमैका को रौंदकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचा

मस्कट, एजेंसी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम सोमवार को एफआईएच हॉकी-5 एस पुरुष विश्वकप के तीसरे और अंतिम पूल बी मैच में जमैका को 13-0 से रौंदकर टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है।

मुकाबले में भारत ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरे ही मिनट में मनिंदर सिंह ने दो गोल दाग दिए। इसके बाद उत्तम सिंह और मंजीत ने भी एक-एक गोल किया। पहले छह मिनट में भारत ने 4-0 का स्कोर कर मैच पर मजबूत बढ़त बना ली। भारत ने लगातार हमला करके जमैका पर दबाव बनाए रखा और ब्रेक तक स्कोर 6-0 कर दिया। दूसरे हाफ में भी आक्रामक रणनीति बनाए रखी। इस दौरान मोहम्मद राहील, मनदीप मोर, मंजीत और मनिंदर सिंह ने गोल कर स्कोर 13-0 कर दिया।

एफआईएच हॉकी विश्वकप

उप्र ने 41 बार की चैंपियन मुंबई को हराया

मुंबई, एजेंसी

आर्यन जुयाल के 76 और करण शर्मा के नाबाद 67 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत उत्तर प्रदेश ने सोमवार ग्रुप बी के रोमांचक रणजी ट्रॉफी मुकाबले में 41 बार के चैंपियन मुंबई को दो विकेट से हरा दिया। 195 रनों का पीछा करने उतरी उत्तर प्रदेश की शुरुआत खराब रही और 16 के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए। नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के बाद आर्यन जुयाल एक छोर मजबूती से थामे खड़े रहे। जुयाल और करण ने तीसरे विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी की। जुयाल को 34वें ओवर में कोटियान ने पगबाधा आउट किया। उन्होंने अपनी 76 रनों की पारी में 10 चौके और एक छक्का लगाया। अक्षदीप नाथ 28 रन बनाकर आउट हुए। 6 बल्लेबाज दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सके। वहीं करण शर्मा ने नाबाद 67 रनों की पारी से 69.5 ओवर में 8 विकेट पर 195 का स्कोर बनाते हुए दो विकेट से जीत दिला दी।

उत्तर प्रदेश के आर्यन जुयाल और करण शर्मा ने खेली अर्धशतकीय पारी

मुंबई के तनुश ने चटकाए 5 विकेट

मुंबई के लिए तनुश कोटियन ने 5 विकेट चटकाए। शम्स मुलानी, रॉयस्टन डायस और मोहित अवस्थी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले अंतिम दिन मुंबई की टीम दूसरी पारी में 8 विकेट पर 303 रन से आगे खेलते हुए 320 रन पर सिमट गई थी। उत्तर प्रदेश ने पहली पारी में 324 रन बनाए थे। मुंबई पहली पारी में 198 रन ही बना सकी थी।

बॉलीवुड हलचल

मुनव्वर फारूकी बनें बिग बॉस17 के विनर

सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 17 में स्टैंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी विजेता बन गए हैं। सलमान खान ने बिग बॉस 17 के विनर का एलान मुनव्वर फारूकी के रूप में किया। मुनव्वर फारूकी को बिग बॉस की ट्रॉफी के अलावा इनाम में 50 लाख रुपये की प्राइज मनी और एसयूवी कार भी मिली है। मुनव्वर फारूकी ने फिनाले में अंकिता लोखंडे, मन्नारा चोपड़ा, अरुण माशेट्टी और अभिषेक कुमार जैसे मजबूत दावेदारों को हराया। अभिषेक कुमार इस शो के रनरअप बने हैं।

नोरा फतेही का म्यूजिक वीडियो आई एम बॉसी रिलीज

बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही का म्यूजिक वीडियो आई एम बॉसी रिलीज हो गया है। इस म्यूजिक वीडियो की कोरियोग्राफी जोजो गोमेज ने की है। इसमें नोरा फतेही ने अपने शानदार डांस कौशल का प्रदर्शन किया है। फैंस इस गाने के ऑडियो रिलीज के बाद से वीडियो का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

22 मार्च को रिलीज होगी पंजाबी फिल्म मजनू

पंजाबी फिल्म मजनू 22 मार्च को रिलीज होगी। इसमें गुरमीत सिंह ने संगीत दिया है। हशमत सुल्ताना, कमाल खान, नछतर गिल, जैस्मिन अख्तर, सिमरन भारद्वाज और शाहिद माल्या ने गाने गाए हैं। तिलोक कोठारी द्वारा निर्मित एवं सुजाद इकबाल खान द्वारा निर्देशित फिल्म मजनू में प्रीत बाठ, किरण शेरगिल, सब्बी सूरी, निर्मल ऋषि, गुरप्रीत भंगू, मलकीत रौनी, शिवेंद्र महल, जुगनू शर्मा और बब्बर गिल सहित कई कलाकार हैं। सह निर्माता जुगनू शर्मा हैं, लेखक सभा वर्मा हैं।

रणबीर-आलिया को सर्वश्रेष्ठ कलाकार का पुरस्कार

रणबीर कपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और आलिया भट्ट को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर अवार्ड मिला। 69वें फिल्मफेयर अवॉर्ड समारोह गुजरात के गांधी नगर में संपन्न हुआ। फिल्म एनिमल के लिए रणबीर कपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, जबकि आलिया भट्ट को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। फिल्म 12 वीं फेल को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार दिया गया। विधु विनोद चोपड़ा को 12वीं फेल के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विक्की कौशल को फिल्म डंकी के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड मिला, जबकि शबाना आजमी को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में सपोर्टिंग रोल के लिए अवॉर्ड मिला। बेस्ट प्लेबैक (मेल) का अवॉर्ड अर्जन वैली के लिए भूपिंदर बब्बल को मिला। बेस्ट प्लेबैक (फीमेल) का अवॉर्ड बेशरम रंग के लिए शिल्पा राव को दिया गया। बेस्ट म्यूजिक एल्बम का अवॉर्ड एनिमल के लिए प्रीतम, विशाल मिश्रा, मनन भारद्वाज, श्रेयस पुराणिक, जानी, भूपिंदर बब्बल, आशिम केमसन, हर्षवर्द्धन रामेश्वर और गुरिंदर सीगल को मिला। बेस्ट डायलॉग का अवॉर्ड रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए इशिता मोइत्रा ने जीता। बेस्ट फिल्म (क्रिटिक्स) का अवॉर्ड मनोज वाजपेयी की फिल्म जोरम को मिला। विक्रांत मेस्सी को बेस्ट एक्टर मेल (क्रिटिक) का अवार्ड दिया गया। रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्टर फीमेल (क्रिटिक) दिया गया। बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर का अवॉर्ड तरुण डुडेजा को धक धक के लिए मिला।

माता सीता की भूमिका निभाकर रोमांचित हैं प्राची

सोनी टेलीविजन पर प्रसारित शो श्रीमद् रामायाण में माता सीता की भूमिका निभाकर प्राची बंसल रोमांचित है। इसमें भगवान राम की कालजयी यात्रा को दर्शाया गया है। शो में मर्यादा पुरुषोत्तम राम का किरदार सुजय रेऊ, जबकि माता सीता का किरदार प्राची बंसल ने निभाया है। प्राची बंसल ने कहा कि माता सीता की भूमिका के लिए कई ऑडिशन और मॉक शूट के बाद, जैसे ही मुझे पता चला कि यह भूमिका मिल गई है, आंखों में आंसू आ गए। यह सब काफी स्वप्निल लग रहा था। बाल, मेकअप और पोशाक के लिए लुक को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हमने कई लुक टेस्ट किए, हर लुक पर 10-12 घंटे खर्च किए। लगभग 8-10 टेस्ट्स के बाद, हम वर्तमान स्वरूप पर सहमत हो गए।

व्हाट द हेल नव्या का नया सीजन फरवरी में

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की नाती नव्या नवेली नंदा के शो व्हाट द हेल नव्या के दूसरे सीजन का टेलर रिलीज कर दिया गया है। अमिताभ बच्चन की नाती और श्वेता बच्चन की बेटी नव्या नवेली नंदा जल्द अपने शो व्हाट द हेल नव्या के दूसरे सीजन के साथ वापसी कर रही हैं। इस पॉडकास्ट में नव्या अपनी मां श्वेता बच्चन और नानी जया बच्चन के साथ दिखाई देने वाली हैं। इंस्टाग्राम पर नव्या ने अपने अपकमिंग पॉडकास्ट का ट्रेलर शेयर किया है। इस वीडियो की शुरुआत में देखा जा सकता है कि नव्या अपनी नानी जया से कहती हैं कि क्या आप जानती हैं कि जया-इंग नाम का एक शब्द है। इसके बाद नव्या जवाब देते वक्त जोर से हंसती हैं और कहती हैं ओह्ह। इसके आगे जया ने नव्या से कहा कि तुम लोग बात-बात में बहुत गालियां देती हो। इसके बाद नव्या ने श्वेता से बात की और कहा कि वह आपका सेंस ऑफ ह्यूमर समझ गई हैं। इसके जवाब में श्वेता कहती हैं नहीं आप मेरा सेंस ऑफ ह्यूमर नहीं समझ सकतीं। व्हाट द हेल नव्या सीजन 2 एक फरवरी से साप्ताहिक स्ट्रीम होगा।

कुछ खट्टा हो जाए से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे गुरु रंधावा

जानेमाने गायक गुरु रंधावा फिल्म कुछ खट्टा हो जाए के साथ बॉलीवुड में बतौर अभिनेता डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म में गुरु रंधावा और सई एम मांजरेकर मुख्य भूमिका में हैं। इसमें अनुपम खेर और इला अरुण भी हैं। यह पारिवारिक कॉमेडी फिल्म है। इसका निर्देशन जी अशोक ने किया है, अमित और लवीना भाटिया द्वारा यह निर्मित है। कुछ खट्टा हो जाए 16 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

जॉर्डनः हमले में मारे गए सैनिकों की मौत का जवाब देंगे : बाइडन

कोलंबिया (अमेरिका)। अमेरिका और ईरान के बीच एक बार तल्खियां बढ़ गई हैं। इसकी एक बढ़ी वजह बीती रात जॉर्डन में अमेरिकी सैनिकों पर ईरान समर्थित समूहों द्वारा किया गया ड्रोन हमला है।

इस हमले में अमेरिका के तीन सैनिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जॉर्डन में हुए हमले का बदला लेने की बात कही है। हालांकि, ईरान ने अमेरिकी मिलिट्री बेस पर हुए हमले में अपनी भूमिका से इनकार कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने एक बयान में कहा कि तेहरान इस हमले में शामिल नहीं था। हमारा इस हमले से कोई संबंध नहीं है। इस क्षेत्र में अमेरिकी बलों और प्रतिरोध समूहों के बीच संघर्ष है।

एलएसी पर एक साल से नहीं हुआ संघर्ष, सेना की मजबूत तैनाती

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सेना प्रमुख बोले- दूसरे पक्ष के साथ हमारी सैन्य राजनयिक स्तर की वार्ता जारी

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति स्थिर और संवेदनशील बनी हुई है। बीते एक साल में एलएसी के आसपास और अधिक टकराव के बिंदु नहीं देखे गए हैं। उन्होंने कहा, 'दूसरे पक्ष के साथ हमारी सैन्य और राजनयिक स्तर की वार्ता जारी है। हमें उम्मीद है कि हम दो बचे हुए मुद्दों का समाधान ढूंढ लेंगे। हमने मजबूत और संतुलित तैनाती की हुई है।'

जनरल पांडे ने कहा, 'पहला, हमारे अधिकारियों, जूनियर कमीशन अधिकारियों (जेसीओ) के पास रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र का ज्ञान है, जो असल में इलाके में उपकरणों का इस्तेमाल करते हैं। दूसरा, हमारे पास अकादमिक विशेषज्ञ हैं, जो 'ए' श्रेणी के प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों में काम करते हैं। तीसरा, हमारे पास नागरिक सुरक्षा कायर्बल है, जो हमारी कार्यशालाओं और हमारी विनिर्माण इकाइयों में काम करता है। इन तीनों रास्तों के जरिए हम नवाचार की क्षमता का लाभ उठाना चाहते हैं।'

उन्होंने आगे कहा, 'एक बार जब हम जरूरत की पहचान कर लेते हैं और इन मार्गों के जरिए प्रस्ताव सामने आते हैं, तो सेना का डिजाइन ब्यूरो जांच करता है।' जनरल पांडे ने कहा, हाल ही में 'विद्युत रक्षक' नाम से एक परियोजना शुरू की गई है। इसके तहत हमने विक्रेताओं में से एक को नवाचार (इनोवेशन) और तकनीकी (टेक्नोलॉजी) का हस्तांतरण किया है।

द. सूडानः बंदूकधारियों और ग्रामीणों के बीच झड़प, 52 की मौत

जुबा। सूडान और दक्षिण सूडान दोनों के दावे वाले तेल समृद्ध क्षेत्र अबेई में बंदूकधारियों ने ग्रामीणों पर हमला किया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र शांतिदूत सहित 52 लोग मारे गए और 64 घायल हुए हैं। वर्तमान में अबेई क्षेत्र दक्षिण सूडान के नियंत्रण में है।

स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि शनिवार शाम को बंदूकधारियों ने हमला किया। अभी हमले की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है, लेकिन भूमि विवाद से जुड़े होने का संदेह है। अबेई के लिए संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल (यूएनआईएफएसए) ने हिंसा की निंदा की है। हिंसा में अपने एक शांतिदूत की मौत की पुष्टि की और कहा कि सांप्रदायिक हिंसा के कारण कई लोग हताहत हुए हैं। बयान में कहा गया है कि अगोक में यूएनआईएफएसए बेस पर सशस्त्र समूह ने हमला किया।

लिसा मिशनः ब्रह्मांड की घटनाओं को उजागर करेंगे नासा-इसा

▸▸ मिशन 2035 में लॉन्च किए जाने की बन रही योजना, बड़ी घटनाओं को उजागर करने में सक्षम

नैनीताल कार्यालय



नासा व इसा का मिशन लिसा का डिजाइन।

अमृत विचार : ब्रह्मांड अदृश्य शक्ति गुरुत्वाकर्षण तरंग की पहचान करने दुनिया की सबसे बड़ी दो स्पेस एजेंसिया एकजुट होने जा रही हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा व यूरोपियन अंतरिक्ष एजेन्सी इसा ने इस मिशन को लिसा डिटेक्टर नाम दिया है।

यह मिशन ब्रह्मांड की बड़ी घटनाओं जो उजागर करने में सक्षम होगा। लिसा मिशन को 2035 में लॉन्च किए जाने की योजना है। गुरुत्वाकर्षण वह अदृश्य ताकत है, जिसके प्रभाव से ब्रह्मांड की कोई भी वस्तु अछूती नही है। सुपरनोवा विस्फोट, हाइपर-घने सितारों और तारकीय-द्रव्यमान वाले ब्लैक होल विलय की ब्रह्मांडीय घटनाओं में गुरुत्वाकर्षण की बड़ी भूमिका होती है। जिसके चलते नासा व इसा ने संयुक्त मिशन तैयार किया है।

मिशन का डिजाइन तैयार हो चुका है और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी व नासा ने इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी दे दी है। योजना के उपकरण डिटेक्टर में 2.5 मिलियन किलोमीटर की दूरी पर तैरते तीन अंतरिक्ष यान शामिल होंगे, जो लेजर प्रकाश का एक त्रिकोण बनाएंगे। इससे न्यूट्रॉन सितारों और ब्लैक होल के ब्रह्मांड की विकृतियों का पता लग सकेगा। अंतरिक्षयान में इंटरफेरोमीटर उपकरण मौजूद रहेगा।

लेजर इंटरफेरोमीटर ग्रेविटेशनल-वेव ऑब्जर्वेटरी से इस मिशन को जोड़ा जाएगा।

इस वेदशाला ने पहली बार 2015 में गुरुत्वाकर्षण तरंगों का पता लगाया था। नासा के अनुसार यह मिशन बड़े पैमाने में लाखों गुना वृद्धि व कम-आवृत्ति गुरुत्वाकर्षण तरंगों का पता लगाने में सक्षम होगा और दुर्गम ब्रह्मांडीय दुर्घटनाओं का पता लगाएगा।

इस मिशन से खुलेंगे ग्रेविटी के कई अंजान रहस्य

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वैज्ञानिक डा वीरेंद्र यादव का कहना है कि नई तकनीक जैसे जैसे विकसित हो रही हैं, वैसे वैसे ब्रह्मांड के रहस्य भी उजागर हो रहे हैं। ग्रेविटी अदृश्य होने के कारण संभव है कि इसके भीतर और भी रहस्य छिपे हो सकते हैं। जिनका पता लगाने में यह मिशन महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

एक नजर

जम्मू-कश्मीरः गुलमर्ग समेत कई पहाड़ी हिस्सों में हुई बर्फबारी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में बर्फबारी को दौर शुरू हुआ है। फोटो गुलमर्ग की है, जहां इस साल की पहली बर्फबारी हुई है। पिछले कई दिनों से बर्फबारी का इंतजार कर रहे पर्यटकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। गुलमर्ग के अलावा तनमर्ग, गुरेज, सोनमर्ग और कुपवाड़ा सहित कई स्थानों पर पर्यटक बर्फ गिरने का आनंद लेने पहुंचे। बर्फबारी के कारण कई शहरों का पारा भी गिर गया है। पहलगाम में माइनस 0 .8 डिग्री सेल्सियस, काजीगुंड में माइनस 0 .6 डिग्री सेल्सियस और कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान 2 .1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

चीन कर सकता है ताइवान के खिलाफ शक्ति प्रदर्शनः अमेरिका

ताइपे। प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य कमांडर ने कहा चीन अपने हालिया चुनावों के बाद ताइवान के खिलाफ अपनी ताकत का प्रदर्शन कर सकता है। ताइवान मीडिया के अनुसार यह जानकारी दी गई। 26 जनवरी को हवाई के होनोलूलू में आयोजित पैसिफिक फोरम में यूएस इंडो-पैसिफिक कमांडर एडमिरल जॉन सी एक्विलिनो मुख्य वक्ता थे। उन्होंने ने कहा कि अमेरिका 13 जनवरी को राष्ट्रपति चुनाव के बाद ताइवान के खिलाफ चल रहे अभियान की निगरानी कर रहा है।

मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव

मालदीवः राष्ट्रपति की बढ़ीं मुश्किलें, विपक्षी दलों ने प्रस्ताव पेश की बनाई योजना

माले, एजेंसी

मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब मालदीव की संसद में सबसे बड़ी मुख्य विपक्षी पार्टी एमडीपी, राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर महाभियोग चलाने के लिए एक प्रस्ताव पेश करने की योजना बना रही है। जिसके बाद मुइज्जू की सरकार गिरने की आशंका है।

चीन समर्थक राष्ट्रपति मुइज्जू के मंत्रिमंडल के सदस्यों से मतभेदों को लेकर सरकार समर्थक सांसदों और विपक्षी सांसदों के बीच रविवार को संसद में झड़प होने के एक दिन बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। दरअसल, मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स संसदीय समूह ने मतदान से पहले राष्ट्रपति मुइज्जू के मंत्रिमंडल के चार सदस्यों के लिए संसदीय मंजूरी को रोकने का फैसला किया था। सत्तारूढ़ पार्टी प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीपीएम/पीएनसी) के सरकार समर्थक गठबंधन ने संसदीय बैठक में बाधा डालते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू किया, जिसके बाद हंगामा हो गया। स्थानीय मीडिया ने एमडीपी के एक विधायक के हवाले से कहा कि एमडीपी ने डेमोक्रेट के साथ साझेदारी में महाभियोग प्रस्ताव के लिए पर्याप्त हस्ताक्षर एकत्र कर लिए हैं।

हालांकि, उन्होंने अभी तक इसे जमा नहीं किया है। 17 नवंबर को मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद, मुइज्जू ने औपचारिक रूप से भारत से 15 मार्च तक अपने देश से 88 सैन्य कर्मियों को वापस लेने का अनुरोध किया, उन्होंने कहा कि मालदीव के लोगों ने उन्हें नई दिल्ली से यह अनुरोध करने के लिए "मजबूत जनादेश दिया है। 87 सदस्य वाली मासदीव की संसद ने महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करना आसान बनाने के लिए हाल ही में अपने स्थायी आदेशों में संशोधन किया था।

एमडीपी और डेमोक्रेट्स के पास कुल मिलाकर 56 सांसद हैं और एमडीपी के 43 सांसद और डेमोक्रेट के 13 सांसद हैं। सन डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, संविधान में संसद के स्थायी आदेशों के साथ राष्ट्रपति पर 56 वोटों के साथ महाभियोग चलाया जा सकता है।

विपक्षी पार्टी एमडीपी ने कहा- सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को एमडीपी की संसदीय समूह की बैठक में महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। 45 वर्षीय मुइज्जू ने पिछले साल सितंबर में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में भारत समर्थित उम्मीदवार इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराया था। एमडीपी के संसदीय समूह की सोमवार बैठक हुई। इस दौरान सर्वसम्मति से महाभियोग प्रस्ताव पेश करने का फैसला किया गया। बता दें कि माले की संसद में कुल 87 सदस्य हैं। संसद ने हाल ही में महाभियोग प्रस्ताव को आसानी से सौंपने के लिए अपने स्थायी आदेशों में संशोधन किया था। एमडीपी डेमोक्रेट के मिलाकर 56 सांसद हैं। इनमें 43 सांसद एमडीपी और 13 डेमोक्रेट के हैं। संविधान और संसद के स्थायी आदेशों के मुताबिक, 56 मतों के साथ राष्ट्रपति के खिलाफ लगाया जा सकता है। गौरतलब है कि पिछली साल दिसंबर मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले चीन की यात्रा की थी, इस लिए मुइज्जू को चीन समर्थित कहा जाता है, लेकिन विपक्ष को ये सब रास नहीं आ रहा है।

तमिलनाडु पुलिस ने दायर किया हलफनामा

राम मंदिर कार्यक्रम प्रसारण मामला

नई दिल्ली। तमिलनाडु में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के प्रसारण पर कथित रोक के मामले में पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। अपने हलफनामे में तमिलनाडु पुलिस के डीजीपी ने कहा है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर राज्य के कई मंदिरों में लाइव प्रसारण हुआ था।

पुलिस ने हलफनामे में तमिलनाडु भाजपा के दावों को भी गलत बताया और कहा कि सरकार को हिंदू विरोधी दिखाने को कोशिश की गई, लेकिन ये गलत है। डीजीपी ने बताया कि 'लाइव प्रसारण के साथ ही राज्य के कई मंदिरों में पूजा-अर्चना भी हुई थी और उस दौरान पुलिस या राज्य सरकार द्वारा कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया था। ये जो आरोप है कि तमिलनाडु के सीएम ने मौखिक तौर पर कार्यक्रम के प्रसारण पर रोक लगाई थी, यह आरोप पूरी तरह से गलत और आधारहीन है। तमिलनाडु पुलिस ने बताया कि भाजपा के प्रदेश सचिव विनोज पी सेल्वम ने सरकार को हिंदू विरोधी दिखाने की कोशिश की, जो कि निंदनीय है।

झगड़े की जड़ बने केस की सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ कलकत्ता हाई कोर्ट के दो जजों में आदेश को लेकर हुआ था विवाद

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में एमबीबीएस की पढ़ाई में दाखिले के लिए कथित फर्जी जाति प्रमाण पत्रों के इस्तेमाल के आरोपों की सीबीआई जांच कराने के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट की खंडपीठ-एकल पीठ आदेश विवाद के बाद स्वतः संज्ञान सुनवाई करते हुए संबंधित मामलों को सोमवार को अपने पास स्थानांतरित कर लिया।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की पीठ ने बंगाल सरकार को राज्य में एमबीबीएस प्रवेश के लिए उपयोग किए जाने वाले कथित फर्जी अनुसूचित (एससी)/अनुसूचित जनजाति (एसटी) प्रमाणपत्रों के संबंध में राज्य पुलिस द्वारा शुरू की गई जांच की स्थिति विवरण दाखिल करने का निर्देश दिया। दरअसल पश्चिम बंगाल में मेडिकल कॉलेज एडमिशन में आरक्षित वर्ग में एडमिशन के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करने का मामला सामने आया था। इस पर कोर्ट के जज अभिजीत गंगोपाध्याय ने मामले की जांच सीबीआई से कराने का निर्देश दिया था। हालांकि कलकत्ता हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच के जज सोमेन सेन ने जज गंगोपाध्याय के आदेश पर रोक लगा दी थी। इसके बाद जज गंगोपाध्याय ने जज सोमेन सेन पर एक राजनीतिक पार्टी का पक्ष लेने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट से दखल की अपील की थी।

नायडू की अग्रिम जमानत को चुनौती वाली याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार की याचिका खारिज कर दी। याचिका में सरकार ने तेदेपा चीफ और पूर्व सीएम चंद्रबाबू की अग्रिम जमानत को चुनौती दी थी। चंद्रबाबू को अमरावती इनर रिंग रोड घोटाले मामले में अग्रिम जमानत मिली थी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें हाईकोर्ट के 10 जनवरी को चंद्रबाबू नायडू को राहत देने के आदेश को चुनौती दी गई थी।

महिलाओं की वैवाहिक उम्र 18 से 21 साल करने वाले लंबित बिल पर मई तक अंतिम रूप देगी समिति

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ चार माह का विस्तार मिला, जून 2021 को लोकसभा में किया गया था पेश

संसद की एक स्थायी समिति को अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए चार महीने का विस्तार (एक्सटेंशन) दिया गया है। समिति महिलाओं की शादी की आयु 18 से बढ़ाकर 21 साल करने की मांग करने वाले विधेयक पर विचार कर रही है। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी को शुरू होने वाला है। आगामी आम चुनाव से पहले 17वीं लोकसभा का यह अंतिम सत्र है।

समिति अब चार महीने के विस्तार के बाद मई तक अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देगी। जबकि, मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है। बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 लोकसभा में पेश किया गया था। तबसे वह वहां लंबित है। जबकि, सदन का कार्यकाल जून में खत्म हो जाएगा।

लोकसभा में पेश किए गए या वहां लंबित विधेयक मौजूदा लोकसभा के भंग हो जाने के बाद खत्म हो जाएंगे। जारी बुलेटिन में बताया गया कि राज्यसभा के सभापति ने बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 की जांच के लिए संसद की स्थायी समिति को 24 जनवरी, 2024 से चार महीने की अवधि के लिए विस्तार दिया है। समिति को पहले भी अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के लिए विस्तार दिया गया था।

इस विधेयक को दिसंबर 2021 में लोकसभा में पेश किया गया था। इसके बाद इसे शिक्षा, महिला, बच्चों, युवाओं और खेलों की स्थायी समिति के पास भेजा गया था। यह समिति राज्यसभा सचिवालय के तहत काम करती है। महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने जांच के लिए विधेयक को लोकसभा अध्यक्ष से स्थायी समिति के पास भेजने का अनुरोध किया था। ईरानी ने सदन को बताया था कि सरकार पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता लाने की कोशिश कर रही है।

बीटिंग रिट्रीट...



नई दिल्ली : राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान रायसीना हिल्स पर सामूहिक बैंड के शंखनाद से लेकर नौसेना के मधुर मिशन चंद्रयान की धुनें गूंजती रहीं। विजय चौक पर आयोजित यह भव्य कार्यक्रम गणतंत्र दिवस समारोह के समापन का प्रतीक है। आम जनता भी इस शानदार समारोह को देखने पहुंची। कार्यक्रम की शुरुआत 1950 के दशक में हुई थी। ● एजेंसी

अरब सागर में ईरानी पोत हाईजैक भारतीय नौसेना ने छुड़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ भारत ने युद्धपोत भेजकर सवार 17 क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचाया

अरब सागर में एक बार फिर समुद्री लुटेरों ने एक जहाज को निशाना बनाया। भारतीय अधिकारियों के मुताबिक, कोच्चि से पश्चिम में करीब 700 नॉटिकल मील की दूरी पर ईरान के एक मछली पकड़ने वाले जहाज को सोमालियाई लुटेरों ने हाईजैक कर लिया। हालांकि, इस घटना के बाद भारतीय नौसेना ने अपने युद्धपोत को जहाज के रेस्क्यू में लगाया और इसे लुटेरों के कब्जे से छुड़ा लिया।

अफसरों ने बताया कि ईरान के इस जहाज का नाम एमवी इमान है और इसमें 17 क्रू सदस्य सवार थे। भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने इसमें सवार लोगों को बचाने का अभियान शुरू किया। देखते ही देखते युद्धपोत में मौजूद ध्रुव चॉपर्स ने ईरानी जहाज को घेर लिया और इसे चेतावनी जारी कीं। इसके बाद सोमालियाई लुटेरों को हथियार फेंकने और सोमालिया की तरफ जाने को कहा गया।

इसके बाद नौसेना ने जहाज में सवार सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता विवेक मधवाल ने कहा कि भारत का युद्धपोत सोमालिया के पूर्वी तट और अदन खाड़ी में एंटी-पाइरेसी मिशन में शामिल था। इसे ईरानी जहाज की तरफ से हाईजैकिंग का सिग्नल मिला। इसमें कहा गया कि जहाज पर लुटेरों ने कब्जा कर लिया है और क्रू को बंधक बना लिया गया है।

ईरानः मोसाद के लिए काम करने वाले चार दोषियों को मृत्युदंड

तेहरान। ईरान ने सोमवार तड़के में चार लोगों को फांसी दे दी। इन चारों को ईरानी डिफेंस साइट को नष्ट करने की योजना में इजराइल के लिए जासूसी करने का दोषी पाया गया था।

न्यायपालिका के अनुसार, मोहम्मद फरमरजी, मोहसिन मजलूम, वफा अजरबार, पेजमैन फतेही को जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया गया था। इन पर इस्फहान के केंद्रीय प्रांत में रक्षा मंत्रालय केंद्र के खिलाफ एक ऑपरेशन को अंजाम देने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था। इनको इस मामले में सुनवाई के बाद दोषी पाया और मौत की सजा दी गई। इन चारों को सजा सुनाए जाने के बाद आज उस पर अमल किया गया। सजा पाए चारों लोग ईरानी नागरिक हैं। सितंबर में अदालत ने सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था।

शोध वर्षों से किए जा रहे अध्ययनों में आश्चर्यजनक निष्कर्ष आए सामने, शिशुओं की याद्दाश्त से जुड़ी जानकारी भी शामिल

मनोविज्ञान ने दिमाग से जुड़ी कई धारणाएं बदली

टोरंटो, एजेंसी

मनोविज्ञान ने दिमाग से जुड़ी कई धारणाओं को बदला है। इनमें दिमाग के काम करने के तरीके से लेकर क्षमता से जुड़ी जानकारी शामिल है। यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो में मनोविज्ञान के प्रोफेसर पॉल ब्लूम का कहना है कि लगभग सभी आयुवर्ग पर किए गए अध्ययनों में आश्चर्यजनक निष्कर्ष सामने आए हैं।

यह निष्कर्ष सदियों से मानी जा रही धारणाओं को चुनौती देने के साथ नए मानक स्थापित करते हैं। इनमें से कुछ सामान्य धाराणाओं पर निष्कर्ष निकाले गए हैं। **शिशुओं में तर्क करने की जन्मजात प्रणालीः** माना जाता हैं कि शिशओं में समझ की कमी होती है। मनोविज्ञान से पता चला है कि शिशुओं में तर्क करने की जन्मजात प्रणाली होती है। उन्हें लोगों की भी समझ होती है।

शिशु जानते हैं कि आंखों के सामने न होने के बाद भी चीजें उनके आसपास होती हैं। वे नैतिक निर्णय लेने के भी सक्षम होते हैं। **स्मृति धंधली और अस्पष्ट होती हैः** कुछ लोगों का मानना है कि हमारा दिमाग यादों को संजोकर रखता है।

सही तरीके अपनाने से हम किसी भी स्मृति को याद कर सकते हैं। हालांकि, यह सच नहीं है। याद्दाश्त भरोसे के लायक नहीं होती है। हमारे अनुभवों का अधिकांश हिस्सा यादों के तौर पर इकट्ठा नहीं हो पाता है। जो इकट्ठा होता है, वह कुछ ही समय में धुंधला और अस्पष्ट हो जाता है।

चेतना की सीमाएंः माना जाता है कि हमारी चेतना एक ही समय कई चीजों पर ध्यान देने में सक्षम होती है। संज्ञानात्मक मनोविज्ञान से पता चला है कि हमारे सामने हो रही चीजों का सिर्फ छोटा सा अंश स्मृति तक पहुंच पाता है। बाकी सब चीजों को नजरअंदाज कर हमेशा के लिए खो दिया जाता है। एक ही समय में कई चीजों पर ध्यान दे पाना संभव नहीं है।

सकारात्मक मनोविज्ञान ने बदला नजरिया

सकारात्मक मनोविज्ञान ने सूख सुखद, सार्थक और संतुष्टिदायक जीवन पर शोध को बढ़ावा दिया है। इससे उन चीजों की तरफ ध्यान बढ़ा है, जो दिमाग को स्वस्थ रखने और जीवन बेहतर बनाने में मदद करती हैं। मनोविज्ञान के प्रोफेसर पॉल ब्लूम ने बताया है कि लगभग सभी आयुवर्ग पर किए गए अध्ययनों में आश्चर्यजनक निष्कर्ष सामने आए हैं।

संबंध सुधारने में लगे ईरान-पाकिस्तान, विदेश मंत्रियों की बैठक

इस्लामाबाद। हाल ही में ईरान और पाकिस्तान के बीच छिड़ी जंग के बाद ईरान के विदेश मंत्री पाकिस्तान पहुंचे हैं। ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दोलहियन अपने पाकिस्तानी समकक्ष जलील अब्बास जिलानी के साथ गहन बातचीत करेंगे।

विदेश कार्यालय ने कहा कि अतिरिक्त विदेश सचिव (अफगानिस्तान और पश्चिम एशिया) राह हयात ने रविवार देर रात नूर खान हवाई अड्डे पर अब्दुल्लाहियन का स्वागत किया। एक बयान में कहा गया, यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री अब्दुल्लाहियन विदेश मंत्री जिलानी के साथ गहन बातचीत करेंगे और प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर से मुलाकात करेंगे। मीडिया के अनुसार, यह यात्रा ईरान द्वारा पाकिस्तान सीमा क्षेत्र पुंजगुर के अंदर आतंकवादियों के कथित ठिकानों को एकतरफा निशाना बनाए जाने के बाद हो रही है।

पाकिस्तानः चुनाव से पहले कराची में बढ़ी हिंसा

कराची, एजेंसी

▸▸ नाजिमानाड में हिंसक झड़पें गोलीबारी में 1 की मौत, 3 घायल

पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर कराची में बीते कुछ दिनों में चुनावी हिंसा काफी बढ़ी है। पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव होने हैं। इस वजह से राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा सीटों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे दलों के बीच पहले से ही कई झड़पें हो चुकी हैं।

सोमवार को नाजिमानाड में हिंसक झड़पें हुईं, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के कार्यकर्ताओं के साथ गोलीबारी के दौरान मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम पाकिस्तान) के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। एक दिन पहले रविवार को क्लिफ्टन इलाके में जेल में बंद इमरान की पीटीआई की चुनावी रैली पर पुलिस की भारी टुकड़ियों ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले दागे और जबरन तितर-बितर कर दिया। इस उपद्रव में कुछ पुलिसकर्मियों समेत कम से कम 25 लोग घायल हो गये। दक्षिणी सिंध प्रांत, विशेष रूप से कराची - जो पाकिस्तान का वित्तीय केंद्र भी है, पर पीपीपी के गढ़ को एक चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि आगामी चुनावों में विभिन्न पार्टियां जमकर प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।

बिलावल जरदारी-भुट्टो के नेतृत्व वाली पीपीपी की सिंध और कराची पर पकड़ तब भी बनी हुई है, जब खान के नेतृत्व वाली पीटीआई ने 2018 में पिछले चुनावों में सरकार बनाई थी और अविश्वास प्रस्ताव के बाद 2022 में शाहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के गठन के दौरान भी पीटीआई शासन को समाप्त कर दिया।

बलूचों का प्रदर्शन, आवाज उठाने वाले हो रहे लापता

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में अत्याचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बीच बलूचिस्तान के डेरा बुगती क्षेत्र में 10 लोग लापता हो गए। स्थानीय मीडिया न बताया कि सुई शहर में गुप्त एजेंसियों के साथ मिलकर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने घर-घर जाकर तलाशी अभियान चलाया और 10 लोगों को लापता कर दिया। पाकिस्तानी बल ने जाफर कॉलोनी में तलाशी अभियान चलाया, जिसके बाद जीटीए के अध्यक्ष और जमहूरी वतन पार्टी कार्यकर्ता मास्टर मौस बक्श और उनका बेटा लापता हो गए। इसी तरह गोबर खान बुगती के बेटे आतिफुल्लाह को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों ने हिरासत में लिया, जिसके बाद से ही वह लापता हो गया। शनिवार को पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने एक व्यक्ति के आवास पर छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद से ही वह लापता हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम किया।